हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • रविवार • 22.06.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 328 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में किया योग, बोले- तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा


एजेंसी

**विशाखापट्टनम :** 21 जून 2025 को दुनियाभर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। भारत में इस साल का मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित हुआ, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ सामूहिक योग किया। कार्यक्रम की थीम रही- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग का मतलब है 'जोड़ना' और यह देखकर सुखद है कि योग ने न केवल भारत को बल्कि पूरी दुनिया को एक सूत्र में बांध दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि, जब भारत ने 2014 में संयुक्त राष्ट्र में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव रखा था, तब 177 देशों ने भारत का समर्थन किया था जो आज की दुनिया में एक असाधारण एकजुटता का उदाहरण है।

### तनावपूर्ण दुनिया में योग बना शांति का माध्यम

पीएम मोदी ने कहा, 'आज की दुनिया अनेक संकटों और तनावों से जूझ रही है। कई क्षेत्रों में अस्थिरता और हिंसा का माहौल है। ऐसे में योग एक 'पॉज बटन' की तरह काम करता है, जो हमें रुकने, सांस लेने और स्वयं को संतुलित करने का अवसर देता है। उन्होंने यह भी कहा कि, जब कोई व्यक्ति अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और मानवता की भलाई के लिए सोचता है, तो वहीं से सच्ची सेवा और समर्पण की शुरूआत होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं, वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं, और गांव-गांव के युवा योग ओलंपियाड में भाग लेते हैं। यह सब इस बात का प्रमाण है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। उन्होंने बताया कि नौसेना के जहाजों से लेकर हिमालय की चोटियों और विदेशी मंचों तक योग ने अपने प्रभाव की छाप छोड़ी है।



### विज्ञान और अनुसंधान के साथ जुड़ रहा योग

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब योग को केवल पारंपरिक अभ्यास नहीं बल्कि प्रमाण आधारित चिकित्सा पद्धति के रूप में विकसित कर रहा है। दिल्ली एम्स जैसे संस्थानों ने योग पर विज्ञान आधारित रिसर्च शुरू की है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने 'हील इन इंडिया' के मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक चिकित्सा पर्यटन का हब बनता जा रहा है, और इसमें योग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### योग : 'मी' से 'वी' की यात्रा

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में एक अहम संदेश दिया- योग को व्यक्तिगत अभ्यास तक सीमित न रखें। इसे ग्लोबल पार्टनरशिप और जन-जन की नीति बनाएं। जब जनता किसी संकल्प को थाम लेती है, तो उसे कोई ताकत नहीं रोक सकती।

### 191 देशों में कार्यक्रम

इस बार योग दिवस को लेकर इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के अनुसार, 191 देशों में 1,300 से ज्यादा स्थानों पर 2,000 से अधिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत में एक लाख से ज्यादा स्थानों पर सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अनुसार सामूहिक योग सत्र आयोजित हुए, जिनमें 2 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी देखी गई।

### आंध्र प्रदेश ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

विशाखापट्टनम में हुए मुख्य आयोजन में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने पीएम मोदी के साथ योग किया। इसी आयोजन के तहत 50 लाख से अधिक योग प्रमाणपत्र वितरित किए गए और राज्य सरकार ने 'योग आंध्र' अभियान की शुरूआत की, जिसका लक्ष्य है कि 10 लाख लोगों की रोजाना योग करने वाली कम्युनिटी तैयार की जाए।

### हेमन्त सोरेन ने दी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, प्रकृति के साथ एकात्मता, संयम और सहजता, यही हमारी संस्कृति है और यही योग का वास्तविक स्वरूप भी है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### योग दिवस की शुरूआत कैसे हुई?

- 27 सितंबर 2014: पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा।
- 11 दिसंबर 2014: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया।
- 21 जून 2015: पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया भर में मनाया गया।

## एक नजर

### मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया पर भारत के सैद्धांतिक रुख को त्यागा : सोनिया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गाजा की स्थिति और इजराइल-ईरान सैन्य संघर्ष पर चुप्पी साधते हुए भारत के नैतिक और पारंपरिक रुख से दूरी बना ली है तथा मूल्यों को भी ताक पर रख दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को बोलना चाहिए और पश्चिम एशिया में संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध हर राजनयिक माध्यम का उपयोग करना चाहिए। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने एक अखबार में लिखे एक लेख में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने इजराइल और फलस्तीन के रूप में दो राष्ट्र वाले समाधान से जुड़े भारत के सैद्धांतिक रुख को त्याग दिया है। सोनिया गांधी ने लेख में कहा, ईरान भारत का लंबे समय से मित्र रहा है और गहरे सभ्यतागत संबंधों से हमारे साथ जुड़ा हुआ है। इसका जम्मू-कश्मीर समेत महत्वपूर्ण मौकों पर दृढ़ समर्थन का इतिहास रहा है। उन्होंने उल्लेख किया कि वर्ष 1994 में ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की आलोचना करने वाले एक प्रस्ताव को रोकने में मदद की थी। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ह्यह्यवास्तव में, इस्लामी गणतंत्र ईरान अपने पूर्ववर्ती, ईरान के उस शाही राज्य की तुलना में भारत के साथ कहीं अधिक सहयोगी रहा है, जिसका झुकाव 1965 और 1971 के युद्धों में पाकिस्तान की ओर था।

### ईरान से सुरक्षित वापस लाए गए 517 भारतीय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंधु' के अंतर्गत ईरान से अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल कर स्वदेश लाया जा चुका है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिन्धु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा। इससे पहले एक विशेष विमान वहां से निकाले गए छात्रों और तीर्थयात्रियों समेत कुल 290 भारतीय नागरिकों को लेकर कल रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचा था। इस अभियान के तहत अब तक 517 नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाल कर स्वदेश वापस लाया जा चुका है।

### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पलामू में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित

# तत्काल प्रभाव से रोकें फोर्थ ग्रेड नियुक्ति प्रक्रिया : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पलामू में फोर्थ ग्रेड की बहाली पर रोक लगा दी है। शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि नियमावली बनाकर ही बहाली की जाए, ताकि राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके। अभी की नियमावली से बहाली में यहां के युवाओं का विशेष लाभ नहीं मिल सकेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से पलामू जिले में होने वाली चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया रोक दी जाए।



### सीएम आवास पर जाकर मुख्यमंत्री को कराया अवगत

पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पदों पर होनेवाली नियुक्ति प्रक्रिया में विसंगतियों को लेकर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आवाज उठायी थी। शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मामला रखा था। शनिवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्य सचिव अलका तिवारी से मोबाइल पर बात की थी। इसके बाद वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री के आवास पर जाकर उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी कि एकमात्र चतुर्थश्रेणी का ही पद है, जिस पर झारखंड के विभिन्न जिलों के नौजवानों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा सकता है।

### फोर्थ ग्रेड में नियुक्ति की झारखंड में नहीं बनी है नियमावली

वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड में चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति के लिए अभी कोई नियमावली नहीं बनी है। इन पदों पर जो भी नियुक्तियां की गयी हैं, वह बिहार सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली के आधार पर ही की जा रही है। बिहार की नियमावली से झारखंड राज्य के लोगों का भला नहीं होगा। आवश्यकता यह है कि चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए नियमावली बनाकर ही नियुक्ति की जानी चाहिए।

### कम से कम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर मिले मौका

वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि इसके पहले पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पदों पर जो बहाली हुई थी, वह लिखित परीक्षा के आधार पर की गयी थी, लेकिन इस बार परीक्षा को आधार न बनाकर अंकों के आधार पर नियुक्ति के लिए शर्त निर्धारित की गयी है। पिछले दिनों लिखित परीक्षा के आधार पर चौकीदार पद पर नियुक्ति की गयी है। वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि यह सर्वविदित है कि प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। इस दृष्टिकोण से भी यह उचित होगा कि कम से कम चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर जिले के लोगों को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इससे संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल प्रभाव से पलामू जिले में होने वाले चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को रोका जाय। इस बीच सरकार यह तय करेगी कि ऐसी व्यवस्था तय की जाय, जिससे राज्य के प्रत्येक जिलों के स्थानीय युवाओं को चतुर्थवर्गीय पदों पर रोजगार का अवसर मिल सके।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से नैन्सी सहाय व शशि रंजन ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में निदेशक, नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग नैन्सी सहाय एवं निबंधक, सहयोग समितियां झारखण्ड, रांची शशि रंजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## मंईयां योजना के लाभुकों को मिली अप्रैल माह की राशि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत रांची जिला के लाभुकों को दूसरे चरण में अप्रैल माह की सम्मान राशि का भुगतान शनिवार को कर दिया गया है। दूसरे चरण में कुल 79 हजार 553 लाभुकों के बैंक खाते में 2500 रुपये की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। सभी लाभुकों के बीच आधार बेस्ड बैंक खाते में नौ करोड़ 88 लाख 82 हजार 500 की राशि का भुगतान किया गया है। इसके पूर्व चार जून को जिला में प्रथम चरण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत तीन लाख 40 हजार 63 लाभुकों के खाते में 85 करोड़ एक लाख 57 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया था। दोनों चरणों में अब तक चार लाख 19 हजार 616 लाभुकों के बीच एक अरब चार करोड 90 लाख 40 हजार की सम्मान राशि हस्तांतरित कर दी गई।

दूसरे चरण में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों की संख्या अनगड़ा - 2790, अरगोड़ा शहरी-3067, बड़गाईं शहरी- 2310, बेड़ो - 4291, बुंडू - 1725, बुंडू नगर पंचायत- 690, बुढ़मू - 3166, चान्हो - 3648, हेहल शहरी- 4557, ईटकी - 2052, कांके - 4933, कांके शहरी- 348, खलारी - 2103, लापुंग - 2618, मांडर - 4348, नगड़ी - 3764, नगड़ी - 2272, नामकुम - 3524, नामकुम- 2372, ओरमांझी - 3138, राहे - 1716, रातू - 3731, सिल्ली - 4370, सोनाहातू - 2073, तमाड़ - 3767, शहर - 6180 है।

## चेन्नई जा रही इंडिगो फ्लाइट की 'मेडे' कॉल के बाद इमरजेंसी लैंडिंग, 168 यात्री थे सवार




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** इंडिगो की गुवाहाटी से चेन्नई जा रहे विमान की आपातकालीन लैंडिंग करवाई गई है। साथ ही पायलटों ने इमरजेंसी लैंडिंग से पहले मेडे कॉल की थी। विमान में इस दौरान 168 यात्री सवार थे। यह घटना लंदन जाने वाली एयर इंडिया ड्रीमलाइनर फ्लाइट के अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद क्रैश होने के ठीक एक सप्ताह बाद हुई है। अहमदाबाद विमान हादसे से कुछ सेकेंड पहले ही पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की यह घटना गुरुवार की है। इस घटना के बाद पायलटों को हटा दिया गया है। इंडिगो विमान में ईंधन की गंभीर कमी थी, जिसके बाद उसकी बेंगलुरु में सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के सूत्रों के हवाले से पता चला कि संकट की सूचना मिलने के बाद एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) ने ग्राउंड स्टाफ को सूचित किया, जो तुरंत हरकत में आए। मेडिकल और अग्निशमन सेवा के कर्मचारी मौके पर मौजूद थे। विमान रात 8:20 बजे सुरक्षित रूप से उतरा।

सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को मदुरै जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट में बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई और उसने चेन्नई वापस जाने और उतरने की अनुमति मांगी थी। सूत्रों ने बताया कि विमान में करीब 68 यात्री सवार थे और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

वहीं एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। अहमदाबाद से उड़ान भरने के फौरन बाद और क्रैश होने से कुछ समय पहले ही 'मेडे कॉल' की गई थी। यह विमान आवासीय इमारतों से टकराने के बाद आग का गोला बन गया था।

### एयर इंडिया के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत हटाने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस कंपनी को चालक दल की शेड्यूलिंग, अनुपालन निगरानी और आंतरिक जवाबदेही में प्रणालीगत विफलता के लिए एक वरिष्ठ उड़ान संचालन अधिकारी सहित तीन वरिष्ठ अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डीजीसीए ने एयर इंडिया को तीनों अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है।

## नीतीश कुमार का बड़ा एलान, वृद्ध दिव्यांग और विधवा पेंशन में की बढ़ोत्तरी

एजेंसी

**पटना :** बिहार की नीतीश सरकार ने राज्य विधानसभा चुनाव के पहले शनिवार को मास्टर स्ट्रोक चला है। उन्होंने राज्य के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 वृद्धजन, महिलाएं और दिव्यांग लोगों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 कर दिया है।



इसकी जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश ने अपने एक्स हैंडल पर शनिवार को दी। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रु पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश ने लिखा कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।

वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के तहत पूरे प्रदेश में 42.60 लाख वृद्धों को इस योजना का फायदा मिल रहा था। 60 से 79 वर्ष के वृद्धों को प्रतिमाह 400 रुपये का पेंशन तथा 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों को 500 रुपये प्रति माह का पेंशन दिया जाता है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में अंतरित की जाती है। अब इसमें करीब तीन गुणा वृद्धि की गई है जिसके तहत 400 रुपये की जगह अब 1100 रुपये मिलेंगे। वहीं विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के पेंशन भोगियों की कुल संख्या फिलहाल 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 है जो अब एक साथ 400 रुपये की जगह 1100 रुपये मासिक पेंशन का लाभ लेंगे।

उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मुख्यमंत्री के द्वारा महिलाओं के लिए की गई घोषणा पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक पेंशन 400 मिलता था जो अब 1100 मिलेगा। इससे करोड़ों लोगों को फायदा होगा। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि 1100 पेंशन राशि करके हमारी सरकार ने जनता के हित में बड़ा निर्णय किया है।

## एक नजर

### सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



**चौपारण** : नवभारत जागृति केंद्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिका और सभी छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया। योग शिक्षक आशुतोष कुमार ने योग के महत्व को समझाया और इसका सफल आयोजन किया। विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ और छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्या रीना पांडेय ने योग दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए और बताया कि योग से मानसिक और शारीरिक विकास होता है, तनाव दूर होता है और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि योग एक प्राचीन कला है जो हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे राकेश रंजन, अमृता मैसी, पूर्णिमा कुमारी, अजित पाण्डेय, अर्जुन दुबे,उमेश भगत, शैलेन्द्र गुरु, मिथुन पाण्डेय, अमित राणा, प्रमिला कुमारी, अर्चना कुमारी, कुमारी अर्चना, जया वर्मा एवं फरहत जहा ने भाग लिया।

### भारी बारिश के कारण पेड़ गिरा बीच सड़क पर प्रशासन के तत्परता से हटाई गई



**चौपारण** : बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण प्रखण्ड के चतरा रोड के ग्राम दादपुर में शनिवार सुबह एक बड़ा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, खैरियत यह रही कि किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क के दोनों तरफ बड़ी गाडियों की लाइन लगने लगी। इस घटना की सूचना मिलते ही चौपारण प्रशासन ने तपरता दिखाई। प्रखण्ड अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश और प्रभारी वनपाल पंकज कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थानीय समुदाय के सहयोग से एक घंटे के भीतर पेड़ को सड़क से हटाकर यातायात पुनः सुचारू कर दिया। घटना स्थल पर प्रभारी वनपाल पंकज कुमार स्वयं मौजूद रहे। चौपारण पुलिस का भी सराहनीय प्रयास रहा। चौपारण पुलिस वन विभाग की टीम के साथ मिलकर पेड़ हटाने के कार्य में पूरी तत्परता दिखाई।

### विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का हुआ आयोजन

**सिल्ली** : प्रखंड के सभी विद्यालयों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसी के तहत सिल्ली ग्राम विकास उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय परिसर में सामुहिक रूप से योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक सुधांशु रंजन प्रामाणिक व देवेन्द्र चौधरी, विद्यालय के शिक्षक, सीआरपी रूबी देव एवं विद्यालय के बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान सभी ने अनुलोम विलोम, कपाल भांति, सूर्य नमस्कार समेत कई योग एवं आसन का अभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु रंजन प्रामाणिक एवं देवेन्द्र चौधरी ने योग दिवस एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम निरोग, दीघार्यु एवं स्वस्थ रह सकते हैं,आज पूरा विश्व योग को अपनाया है।

# 29 को होगा सांसद तीर्थ दर्शन योजना का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सरकार की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन और क्षेत्र के विकास के साथ अपनी लिक से हटकर सोचने और जनहित में व्यक्तिगत स्तर पर योजनाओं के संचालन के लिए अलग पहचान रखते हैं। इस बार उन्होंने एक अनोखी पहल करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में उन्हें उत्तर प्रदेश के चार धाम की यात्रा कराने का सकारात्मक निर्णय किया है और इसके लिए उन्होंने प्रेस-वार्ता कर बीते दिनों वैधानिक रूप से घोषणा भी कर दी है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस योजना



को सांसद तीर्थ दर्शन नाम दिया है। जिसके तहत उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध वाराणसी, प्रयागराज (संगम), विंध्याचल और अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। उन्होंने इसके लिए बजाते एक वातानुकूलित बस की व्यवस्था की है जिसमें एक बार में कुल 65 लोग आराम से यात्रा कर सकेंगे। सांसद मनीष जायसवाल की इस महत्ती योजना का विधिवत शुभारंभ आगामी 29 जून 2025 को हजारीबाग के प्रसिद्ध तीर्थस्थल नृसिंह स्थान से प्रथम जत्थे के रवानगी के साथ होगा और इसकी तैयारी भी उन्होंने पुरजोर तरीके से शुरू कर दी है। एक और जहां हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों को विभिन्न माध्यमों से निमंत्रण प्रेषित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खुद सांसद मनीष जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और संगठन के दायित्वों पदाधिकारी से मिलकर उन्हें निमंत्रण पत्र भेंट कर रहे हैं और इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह भी कर रहे हैं । हाल में उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के क्रम में कई राष्ट्रीय नेताओं और पार्टी के पदाधिकारी से मिलकर आमंत्रण ओ पत्र सौंपा था। दो दिन पूर्व ही उन्होंने गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा और शनिवार को दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके आवासीय कार्यालय में मिलकर नियंत्रण दिया साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति सहित अन्य समसामयिक विषयों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा- परिचर्चा की ।

## जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में संचालित जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो एवं वरिष्ट शिक्षिका विमला कुमारी के नेतृत्व में किया गया। योग शिक्षक अमित सिंह ने छात्राओं को अनेक प्रकार के योग का अभ्यास कराया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों ने योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वज्रासन, ताड़ासन, उष्ट्रासन, भुजागासन ,अर्ध चक्रासन, शीतल प्राणायाम, मकरासन एवं अन्य प्रकार के योग का अभ्यास कराया गया। वहीं प्रधानाध्यापक राम लखन महतो ने कहा कि योग करने से लोग निरोग रहते हैं इसलिए सभी व्यक्ति को प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन महतो वरिष्ठ शिक्षिका विमला कुमारी योग शिक्षक अमित सिंह सहायक शिक्षक अशोक कुमार, अख्तर हुसैन, शोभा कुमारी, कुलदीप कुमार साहू, शंकर महतो, शंकर राणा, कुमारी मीना वर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रमिला देवी, अर्जुन सिंह एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## नदी में बहे पवन राणा का अब तक अता पता नही, घरवाले परेशान

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**बड़कागांव** : प्रखंड में शुक्रवार को शिवाडीह नदी के बाढ़ में बहे सोनपुरा गांव निवासी 30 वर्षीय पवन राणा की अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पत्नी एवं उनके पूरे परिवार घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पवन के दोनों बेटा बेटी दरवाजा पर खड़ी नम आंखों से अपने पापा के आने का इंतजार कर रहे हैं। घटना से पूरा गांव मर्माहत है। वहीं शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने लापता पवन राणा के घर जाकर परिजनों को ढाढस बंधाने का काम किए। प्रशासन ने लोगों को बताया कि पवन को ढूंढने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को गांव वाले लोगों के द्वारा लगभग 25 किलोमीटर तक सभी नदियों के अलावा बड़ी नदी दामोदर में भी ढूंढा परंतु कहीं पवन का सुराग नहीं मिल पाया। एक आंकड़े के अनुसार पिछले



लगभग 30 वर्षों में बड़कागांव प्रखंड के कई नदियों के बाढ़ में बहकर मरने वालों की संख्या चौंकाने वाली है कई लोगों की मौत हुई है। उनके अलावा नदी में डूब कर मरने वालों की संख्या 7 है। कूल लगभग 31 लोगों की मौत बाढ़ में बह जाने या नदी में डूबने से अब तक हुई है। जिसमें अंगों पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पचंडा नदी में दो वृद्ध महिला पुरुष, दो बच्चा एवं एक 30 वर्षीय युवक की मौत हुई है। कुल 5 लोगों की मौत हुई है। वहीं कुंदरु और सिंगार सरैय नदी की बाढ़ बह जाने से कुल 6 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 4 पुरुष एवं दो महिला शामिल है। इसके अलावा इस नदी में दर्जनों मवेशियों की मौत बाढ़ में बहने कारण हो गया। अंबाटोला और चेंलगदाग के बीच नदी में अचानक बाढ़ आने के कारण 2 पुरुष की मौत हुई है। वही देवगढ़ नदी में भी 2 पुरुष की मौत हुई है। सिमरातरी नदी में एक 60 वर्षीय वृद्ध है की मौत हुई है। वही विश्रामपुर नदी में कूमरडीहा गांव के 7 लोगों की मौत बाढ़ में बह जाने के कारण हुई थी पवन समेत कुल 24 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है।

## ए ला एंगलाइज विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : ए' ला एंगलाइज विद्यालय में 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष योग सत्र के साथ विद्यालय में विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें सामूहिक योगाभ्यास, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता शामिल थीं, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं सूर्य फाउंडेशन के सहयोगी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य विजयंत कुमार के प्रेरणादायक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया, जैसे ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखते ही बनता था। इसके बाद विद्यालय परिसर में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय "योग का इतिहास और महत्व" था। छात्रों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और अपनी ज्ञानवर्धक प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने योग, स्वास्थ्य और प्रकृति से जुड़े सुंदर चित्र बनाए, जो विद्यालय की दीवारों को सजाने योग्य बन गए। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में योगः एक प्राचीन भारतीय धरोहर जैसे विषयों पर छात्रों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित आम लोगों ने किया योग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रामगढ़ में प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित आम लोगों ने किया योग कहा "योग से निरोग रहने का मंत्र जो भारत के पास था उसने पूरे विश्व को दिया है"। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रामगढ़ जिले के रामगढ़ महाविद्यालय प्रांगण में आयुष विभाग के द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक एसडीओ सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रशासनिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया साथ ही मौके पर आयोजकों ने सभी को पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक-एक पौधा भी भेंट किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के योग प्रशिक्षकों ने सभी प्रशासनिक पदाधिकारी को योग के विभिन्न आसन एवं प्राणायाम विधि पूर्वक संपन्न करवाई। मौके पर जिले के



पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि हम सभी के जीवन में योग का बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि कोविड के बाद किसी के भी जीवन की कोई निश्चितता नहीं है ऐसे में योग बहुत बड़ा सहायक है, आवश्यकता है कि हम अपने जीवन में काम से कम आधे घंटे योग के लिए जरूर समय निकाले। अजय कुमार मौके पर योग कर रहे जिले के एसडीओ अनुराग तिवारी बताते हैं कि योग भारत की पुरातन पद्धति और पहचान है योग से निरोग रहने का मंत्र जो भारत के पास था उसने पूरे विश्व को दिया है।अनुराग तिवारी मौके पर योग करने पहुंची एक पूर्व महिला मुखिया ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना था।

# उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण

- अस्पताल परिसर में साफ सफाई को लेकर दिए आवश्यक निर्देश।
- स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न प्रकार के जांच से संबंधित रेट चार्ट डिस्प्ले करने का दिया निर्देश।
- कियोस्क मशीन पर उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने छत्तरमांडू स्थित सदर अस्पताल रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया।


मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी कक्ष, प्रयोगशाला, औषधि कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष,




पुरुष एवं महिला वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉक्टर ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह से अस्पताल के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। मौके पर उपयुक्त ने निर्धारित रोस्टर के अनुरूप ससमय डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने अस्पताल परिसर के साफ सफाई को लेकर ओपीडी काउंटर के समीप एक बड़ा डस्टबिन लगाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल के अन्य क्षेत्रों में भी साफ-सफाई बनाए रखने को लेकर कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न प्रकार के जांच यथा अल्ट्रासाउंड, विभिन्न प्रकार के खून जांच आदि के बिलिंग काउंटर पर स्वास्थ्य जांच से संबंधित के शुल्क का रेट चार्ट डिस्प्ले करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ में लगाए गए की कियोस्क के माध्यम से डॉक्टरों की उपलब्धता, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम



**पदमा** : प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम दिखी। जिसमें महाविद्यालय प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्राध्यापकों शिक्षकेतर कर्मचारीगण के साथ 67 प्रशिक्षुऔं ने योग अभ्यास किया। मौके पर निर्देशक रवि प्रकाश ने कहा कि हर साल 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग मनाते हैं, योग, वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग की महिमा ऐसी है कि ये ना केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है, जो आपके हर बॉडी पार्ट को हेल्दी रखने का काम करता है, इसके साथ ही ये आपके शरीर के 7 चक्रों को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में पूरा महाविद्यालय परिवार ने कपालभाती, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास किया। जिसमें ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, पादहस्तासन, चक्रासन, उष्टासन, नौकासान एवं शवासन प्रमुख थे।

### अदाणी फॉउंडेशन ने उत्साह के साथ मनाया योग दिवस




**बड़कागांव** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शनिवार की सुबह बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। इस अवसर पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों ने भी सामूहिक योगाभ्यास किया। इस मौके पर आम लोगों को से योग करने की अपील की गई, साथ ही योग का महत्त्व भी बताया गया। मौके पर सीएसआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि योग तनाव से मुक्ति दिलाने में का एक सार्थक जरिया है।

### इटखोरी कृषि फार्म में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



**इटखोरी** : इटखोरी प्रखंड के कृषि फार्म व महाविद्यालय, विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर कृषि फार्म के प्रांगण में सुबह 7 बजे योग का आयोजन किया गया। 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि सिमरिया विधानसभा के विधायक कुमार उज्जवल दास ने योग करके निरोग रहने का संदेश दिया तथा उन्होंने कहा कि योग से विश्व में बड़े-बड़े बीमारियों को ठीक किया जाता है। वहीं योग गुरु शंकर चंद्रवंशी ने कहा कि भारत योग का विश्व गुरु है तथा प्राचीन भारतीय विद्या है जो शरीर मन और आत्मा को संतुलित और एकीकृत रखता है। वहीं भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सतीश सिंह ने कहा कि योग से शांति एकाग्रता मिलती है। इस कार्यक्रम में रामकुमार सिंह, निरंजन सिंह, सुरेन्द्र सिंह,अनिता कुमारी, इत्यादि कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति की हजारीबाग में हुई बैठक




**हजारीबाग** : झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक अहम बैठक शनिवार को समिति सभापति सह बरही विधायक मनोज कुमार यादव के अगुवाई में हजारीबाग परिसदन में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में समिति के सदस्य विधायक नमन विक्सल कोंगड़ी, विधायक जगत मांझी, विधायक अमीत यादव और विधायक सुखराम उरांव मौजूद रहे। झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से अपर सचिव अनूप लाल और प्रशाखा पदाधिकारी नरेश ठाकुर ने कार्यवाही में सहयोग किया। बैठक के दौरान, समिति के सदस्यों ने विभागवार चल रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। सभापति मनोज कुमार यादव ने कहा कि वितीय मामलों में लापरवाही नही बरते विभाग। कहा समिति का लक्ष्य जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करना है और इस दिशा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूरा करने और उनकी गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोडरमा जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें उपायुक्त (ऊ) शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन,डीएफओ, डीडीसी, सहित जिले के सभी विभागों के जिला पदाधिकारी शामिल थे।

### रेनबो स्कूल बरही में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**बरही (हजारीबाग)** : शिवपुर गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के परिसर में योगाभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और संतुलन का मार्ग दिखा रही है। नियमित योगाभ्यास से जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता आती है। इस विशेष आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकगण रिंकी कुमारी, अरमान आलम, गौरी शंकर, प्रवीण सर, राकेश कुमारी, उषा कुमारी, पंकज कुमार, सुधा यादव, सकलदेव यादव, मानशी केशरी, पृथ्वी राज सिंह, तान्या कुमारी, परी कुमारी, सुजीत कुमार, स्वाति कुमारी, फैजया खातून तथा राहुल प्रजापति ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

एक नजर

### राज्यपाल और नेता प्रतिपक्ष ने दी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी को बधाई दी है।
राज्यपाल ने शानिवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और समग्र रूप से स्वस्थ रखने की एक प्रभावशाली पद्धति है। यह शरीर को ऊर्जा, विचारों को स्पष्टता और जीवन को स्थिरता देता है। आइए, योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लें।
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहां है कि करें योग, रहे निरोग। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो हमें प्रकृति के करीब ले जाती है और आंतरिक चेतना को जागृत करती है।

### प्रदेश भाजपा ने मंडल स्तर पर मनाया योग दिवस

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को मंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इसी क्रम में रांची जिलांतर्गत चुटिया मंडल में योगाभ्यास के बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक विरासत है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विश्व पटल पर प्रतिष्ठापित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व बंधुत्व का भाव रखती है।भारत के ऋषि मुनियों ने सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्व संतु निरामया का उद्घोष हजारों वर्ष पूर्व किया।
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि इस वर्ष का थीम ही है एक विश्व ,एक स्वास्थ्य। यह सर्वे भवन्तु निरामया पर ही आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना काल में भी इस मंत्र को सार्थक किया। कोरोना के टीके विश्व के अनेक देशों में भारत ने भेजे। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया ,स्वस्थ इंडिया बनाने में योग का बहुत बड़ा योगदान होगा। उन्होंने लोगों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि योग एक ऐसी विधा है जो केवल तन को ही निरोगी और स्वस्थ नहीं बनाती बल्कि चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को सिद्ध करने में सहायक सिद्ध होती है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि योग साधना है, योग विज्ञान है, योग हमारी विरासत है,परंपरा है। उन्होंने कहा कि आज दुनियां भर में योग की स्वीकृति भारत की सनातन संस्कृति परंपरा की स्वीकृति है। उन्होंने कार्यकताओं से नियमित योगाभ्यास से जुड़ने का आह्वान किया।

### समर्पण ट्रस्ट ने ग्रामीण बच्चों को कराया योग

**रांची :** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट और नटराज योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कांके डैम के पीछे कूटा टंगरा गांव में शनिशार को एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेविका डॉली झा सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे। मौके पर योगाचार्य आर्य प्रहलाद भगत ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को योग के लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न आसान, प्राणायाम और ध्यान का भी अभ्यास कराया। समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि पूरा देश इस समय योग दिवस मना रहा है पर आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में योग जागरूकता लाने की आवश्यकता है।

# योग हमारी परंपरा, नई पीढ़ी तक पहुंचने की जरूरत : स्वास्थ्य मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि योग हमारी परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे हमें नई पीढ़ी तक पहूंचाना जरूरी है। क्योंकि योग हमें न सिर्फ ऊजार्वान बनाता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, शांति और सामंजस्य भी लाता है। मंत्री शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में आमजनों को संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक प्रतिदिन कुछ मिनट योग करे तो न केवल उसका जीवन, बल्कि पूरा समाज स्वस्थ और समृद्ध बन सकता है। योग सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाता है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसलिए योग के लाभ और महत्व के बारे आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए पुरुष प्रशिक्षक की ओर से प्रति माह 32 योग सत्र और महिला प्रशिक्षक के जरिए 20 योग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य के 745 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगभग 1000 योग प्रशिक्षक कार्यरत हैं। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा की योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन चुका है। झारखंड सरकार का यह प्रयास सराहनीय है और हमें योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं, थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, आयुष निदेशक सीमा कुमारी उदयपुरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## छात्रवृति योजना हेतु छात्रों का करें शीघ्र चयन : चमरा लिंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आदिवासी कार्य मंत्री चमरा लिंडा ने शनिवार को विभागीय सचिव, आदिवासी कल्याण आयुक्त एवं आदिवासी सहकारी विकास निगम के प्रबंध निदेशक के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं के बेहतर संचालन एवं लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने को लेकर कई अहम निर्देश जारी किए गए। मंत्री लिंडा ने शिक्षा क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थानों में प्रशिक्षण की सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोचिंग से युवाओं को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी।
बैठक में मरंड. गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं के शीघ्र चयन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया। इस योजना के अंतर्गत विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले आदिवासी विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाती है।
इसके साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल योजना को तेजी से लागू करते हुए सभी जिलों में शीघ्र साइकिल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के प्रयासों को तेज करने की बात कही। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी मंत्री लिंडा ने 16 ग्रामीण कल्याण अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं संचालन के लिए त्वरित कदम उठाने का निर्देश दिया ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की समयबद्ध समीक्षा कर उन पर क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाए ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## योग भारत की ओर से सम्पूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है : राज्यपाल




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि योग भारत की ओर से सम्पूर्ण विश्व को दिया गया एक अनुपम उपहार है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है।
राज्यपाल शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पर राजभवन के बिरसा मंडप में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि योग जीवन को संतुलित करने की कला है और इसके अभ्यास से हम स्वस्थ शरीर, शांत चित्त एवं ऊजार्वान जीवन की ओर अग्रसर होते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली और 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा ह्यअंतरराष्ट्रीय योग दिवसह्ल के रूप में मान्यता मिलना भारत की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है।
कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि योग बच्चों और युवाओं के लिए केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि एकाग्रता, आत्मबल और अनुशासन का भी माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन योग करें और समाज में योग के प्रचार-प्रसार के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में राजभवन परिवार के सदस्यों एवं आमंत्रित स्कूली बच्चों ने सक्रियता से भाग लिया।

## योग से मन और शरीर स्वस्थ रहता है : दीपक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योगपीठ रांची और भारतीय जनता पार्टी की ओर से पटेल पार्क पर रांची में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि योग से मन और शरीर स्वस्थ रहता है।
इसे प्रतिदिन हर किसी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव ने योग को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरे देश में फैलाने का काम किया है।
इस अवसर पर पतंजलि पीठ के मुख्य संरक्षक दीनदयाल बरनवाल ने कहा कि 5000 साल से पहले से हमारे ऋषि मुनि योग करते आ रहे हैं। अब योग को वैज्ञानिक पद्धति के रूप में इसे देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग से न सिर्फ शरीर और मन बल्कि घर परिवार देश आर्थिक स्थिति सबकुछ ठीक रखने में मदद मिलती है।
मौके पर भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि प्रतिदिन आमजनों में योग करने की ललक बढ़ती जा रही है। हर कोई योग करके निरोग रहना चाहता है। यह सब संभव हुआ है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयास से। इनके कुशल नेतृत्व में देश में पहली बार योग के महत्व को जाना समझा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित करके योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर ओर व्यापक प्रचार प्रसार किया।
योग दिवस के अवसर पर खास तौर पर पतंजलि के झारखंड प्रभारी करम कोयरी, केके गुप्ता, इंद्रजीत यादव, अरुण कुमार झा, योग शिक्षक शशि शेखर सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## राधा कृष्ण मंदिर में दिव्यांगों को कराया गया योगाभ्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित पुंदाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में सद्गुरु अपना घर आश्रम के दिव्यांगों और सेवादारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे ने किया गया। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में सभी को विभिन्न प्राणायामों और योगासन का अभ्यास कराया।
इस अवसर पर अरविंद पांडे ने उपस्थित दिव्यांगों को योग के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक और शारीरिक दोनों ही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए



योग न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम के दौरान अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति जैसे प्राणायामों के साथ-साथ ताड़ासन, वज्रासन और सरल ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया।
कार्यक्रम के अंत में सामूहिक शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी लोगों को फल, चना और पानी दिया गया। मौके पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ सहित अन्य मौजूद थे।

# रांची विश्वविद्यालय के नवप्रभारी कुलपति डॉ डीके सिंह का अबुआ अधिकार मंच ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शनिवार को अबुआ अधिकार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के नवप्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह से औपचारिक शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कुलपति महोदय को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएँ दी गईं।
अभिषेक शुक्ला ने कुलपति को बधाई देते हुए कहा कि रांची विश्वविद्यालय झारखंड का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है और यहाँ अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नए कुलपति से कई आशाएँ हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बदलते शैक्षणिक परिवेश में छात्रों की समस्याओं का संवेदनशील समाधान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पारदर्शिता से प्रशासनिक कार्यों का संचालन समय की आवश्यकता है। ऐसे में छात्रों को विश्वास है कि डॉ. डी.के. सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय एक नई दिशा और ऊँचाई प्राप्त करेगा।
इस मौके पर कुलपति महोदय ने प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे छात्रों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और विद्यार्थियों की भागीदारी को सुनिश्चित करना है।
प्रतिनिधिमंडल में बिपिन कुमार यादव, विक्रम, विशाल, राहुल यादव, ईशा गुप्ता, मानश्वी जायसवाल, गुंचा, दिवाकर, अर्जुन, अजीत उरांव, अमित, अनमोल, अमित महतो सहित कई छात्र नेता व सदस्य उपस्थित थे।
सभी ने कुलपति से आग्रह किया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो, परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी बने तथा छात्रावास, पुस्तकालय, इंटरनेट और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाया जाए।
अबुआ अधिकार मंच ने कुलपति से निरंतर संवाद और सहयोग की बात कहते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ रचनात्मक भूमिका निभाने का भरोसा भी जताया।


संक्षिप्त खबरें

### राज्य के सभी जेलों में योगाभ्यास का किया गया आयोजन





**रांची :** कारा एव सुधारातमक सेवाए निरीक्षणालय, झारखंड सरकार एवम दि आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड चैप्टर के prison Program के द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत राज्य के सभी जेलो में योगाभयास का आयोजन दि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षको द्वारा आयोजित किया गया। इसके पूर्व गोड्डा, साहेबगंज, राजमहल, गुमला, पाकुड़ जेल मे पूर्व में ऑनलाइन के माध्यम से योगाभयास कराया गया और आज 21 जून को प्रशिक्षका बेबी कुमारी के द्वारा ऑनलाइन योगाभ्यास कराया गया। जबकि राज्य के अन्य जेलो में प्रशिक्षक जाकर पुरुष/महिला बंदियों तथा जेल के कर्मियों को योगाभयास कराया गया। इस वर्ष सबसे अधिक कुल 9614( पुरुष बंदी 8977, महिला बंदी 544 तथा जेल कर्मी 93) बंदियों तथा जेल कर्मियों को योगाभयास राज्य के सभी जेलो मे कराया गया जो प्रतिभागियों के संख्या के हिसाब से सर्वाधिक संख्या है। बंदियों का जीवन काफी तनावपूर्ण रहता है और वे डिप्रेशन में भी रहते है लेकिन बंदी दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग कार्यक्रम को करके अपने को तनावमुक्त तथा अपने अंदर खुशी और उत्साह का अनुभव करते है जैसा बंदियों ने बताया है। इस वर्ष के सफल आयोजन के prison Program state coirdinator PN Singh के द्वारा कारा महानिरीक्षक सुदर्शनमंडल तथा कारा के पदाधिकारियो को धन्यवाद दिया। उन्होंने दि आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षकों, अस्री७ बॉडी के सदस्यों एवम सभी शुभचिंतको के प्रति अपना आभार प्रकट किया है, जिनके वजह से इतनी बड़ी संख्या मे योग दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक हो सका।

### योगिनी एकादशी पर श्याम मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को योगिनी एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ देखी गई। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। भक्तों द्वारा चढ़ाई गई अर्जियों को श्याम मंदिर के आचार्य गण एक-एक करके बाबा श्याम के समक्ष रखते हैं। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। दोपहर के विश्राम के बाद मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य मे बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। मंदिर के सभी विग्रह एवं तैल चित्रों को भी फूलों के गजरे से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने उपमंत्री अनिल नारनौली धर्मपत्नी निकुंज पुत्र निखिल पुत्री निकिता एवं परिवार के सदस्यों को खाटूनरेश की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करवाई। नारनौली परिवार ने अखंड ज्योति में फल पेड़ा मेवा रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई।

### अनियंत्रित कार पोल से टकराई, बाल बाल बचे लोग



**रांची :** रांची के मोरहाबादी इलाके में शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। सुबह के समय लोग मॉर्निंग वॉक कर रहे थे, तभी राजकीय अतिथिशाला की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक वोल्वो कार अनियंत्रित होकर रामदयाल मुंडा पार्क के समीप एक पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में मॉर्निंग वॉक कर रहे किसी भी व्यक्ति को कार ने अपनी चपेट में नहीं लिया। कार चालक को इस घटना में मामूली चोटें आई हैं। लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना पाकर मोरहाबादी टीओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटवाया। घायल चालक को अस्पताल भेजा। टीओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### तीन दिनों के बाद मौसम हुआ साफ, आम जन-जीवन को राहत



**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में शनिवार को मौसम साफ होने से आम जनजीवन को राहत मिली। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में शनिवार की सुबह से मौसम आंशिक रूप से साफ हुआ। बाद में बादल हटने से हल्की धूप भी निकाली। इधर, मौसम विभाग के अनुसार 26 जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की भी आशंका है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रांची के मंदार में 210.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटेनगंज में 29.6 डिग्री, और लातेहार में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 23.9, जमशेदपुर में 26 डिग्री, डालटेनगंज में 28.6, बोकारो में 28.1 और चाईबासा में 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रांची :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय परिसर विविध योग मुद्राओं, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। शारीरिक आचार्य विक्रम कुमार, प्रेमी टोपनो और विवेकानंद प्रजापति के मार्गदर्शन में बच्चों ने ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन जैसे योगासनों का अभ्यास किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा भारत सदियों से विश्व गुरु रहा है। और योग इसकी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज योग को वैश्विक पहचान मिली है। हमें इसे अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि योग विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति और एकाग्रता बढ़ाने में अत्यंत सहायक है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललन कुमार ने योग को स्वस्थ समाज निर्माण का आधार बताते हुए इसके व्यापक प्रचार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में सुचिता रानी राय, दीपक लोहरा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, योगेश्वर दुबे, उमेश यादव, शीला सिंह सहित समाज के कई गणमान्य अतिथि और योग प्रेमी मौजूद थे।

# चिन्मय विद्यालय में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय बोकारो में 11वॉ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विद्यालय के तेजोमयानन्द सभागार में धूमधाम से मनाई गई। संगीत विभाग द्वारा योग पर आधारित गीत गाकर सभी का स्वागत किया गया। 21 जून को हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुरे धूम-धाम से मनाया जाता है और इस दौरान दुनियाभर के लोग सामूहिक रूप से योगाभ्यास करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा एवम शारिरिक शिक्षा विभाग द्वारा दीप प्रज्जवलीत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राइमरी विग, चतुर्थ , ग्यारहवी एवं बारहवीं के साथ-साथ कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के लगभग 1700 विद्यार्थियों एवम 100 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योग उत्सव धूमधाम से मनाया। वरीय शारिरिक शिक्षक हरिहर पांडेय ने सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन किया एवं सभी को इसके महत्व को समझाया। वही प्रांजल सेकिया एवं संजीव कुमार ने ताडासन ,बज्राशन ,भुजंगासन जैसे कई आसन एवम प्राणायाम का प्रदर्शन किया। प्राचार्य सूरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरा विश्व 11 वॉ अंतराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही गर्व एवं धूम-धाम से मना रहा है। योग के माध्यम से हम खुद भी शारिरिक और मानसिक रूप से तो स्वस्थ रहेंगे ही साथ ही पूरा समाज स्वस्थ होगा। योग के माध्यम से पूरे विश्व को शांति एवम सुखी होने का संदेश देते हैं। हम सभी को प्रत्येक दिन 30 मिनट योग अवश्य करनी चाहिए। योगाम्यास बाल्यकाल से ही करनी चाहिए। हरिहर पांडेय संजीव सिंह एवम प्रांजल सेकिया ने सभी को योग करने एवं योग करने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी ने सभी को 11वॉ अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई और योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। भारत के विश्व गुरु बनने का समय है। योग के मामले में भारत विश्व गुरु है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। इस दौरान उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार, गोपाल चंद्र मुंशी, राहुल रॉय उपस्थित थे।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**चंदवारा (कोडरमा):** चंदवारा बजरंगबली चौक के पास शुक्रवार की शाम लगभग 7:30 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मो. सद्दाम (पिता – उस्मान मियां) ग्राम पथलगड्डा निवासी के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मो. सद्दाम बाइक से अपने घर पथलगड्डा लौट रहे था, तभी यह दुर्घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी धनश्वर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा

**बोकारो:** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के सम्मानित व सक्रिय सदस्य श्री निरूपम कुमार राय (एन. के. राय) का निधन शुक्रवार को बोकारो जेनरल अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। आज उनके सम्मान में इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने शोक सभा का आयोजन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि स्व. निरुपम कुमार राय मूलत: इनकम टैक्स से संबंधित वादों को देखते थे। वे बोकारो कोर्ट में 1990 से विधि व्यवसाय कर रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। आज उनके सम्मान में कोई भी अधिवक्ता न्यायलय में न्यायिक कार्य नहीं किया। शोक मानने वाले में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा,वंशिका सहाय ओम प्रकाश लाल, दीपिका सिंह इत्यादि शामिल थे।

### तुपकडीह के स्कूलों में मनाया गया योग दिवस

**बोकारो :** शनिवार को तुपकडीह के स्कूलों में कक्षा लगने से पहले विद्यार्थियों ने योग करके अपने दिन की शुरूआत की। प्राचार्य कामदेव महतो ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। शिशु मंदिर के प्राचार्य मंटू गिरी ने योग भगाये रोग की जानकारी दी। विस्थापित पब्लिक स्कूल के हेडमास्टर ने विद्यार्थियों को कहा कि अब रोज क्लास रूम में जाने से पहले सबों को योगा के विभिन्न आसन्न करने होंगे।

NOTICE

I SHANTI DEVI, aged about-45 years, Wife of Jitendra Kumar, Residing at- Qr. No.- 56, Sector-9/D, B-Road, Near- Harla Thana, P.O.-Sector-9, P.S.-Harla, District-Bokaro, Jharkhand-827009, do hereby solemnly affirm on oath and declare by affidavit no. 4415 dated 12-06-2025 as follows:-
**1.** That, the actual and correct name of my son is SAMPURAN RAJ. which is mentioned in his Aadhar Card vide No. 3604 6657 1837.
**2.** That, in the all Certificates of Class-X of my said son vide Regd. No. 8642763, Index Number (Roll No.) 1255229/189, passing from ICSE Board from St. Xavier's School, Bokaro Steel City my said son's name has been mentioned as SUMPURNA RAJ.
**3.** That, now I want to change/rectify/correct the name of my said son in his aforesaid Certificate as SAMPU-RAN RAJ in place of SUMPURNA RAJ.
**4.** That, SAMPURAN RAJ and SUMPURNA RAJ is the name of same and one identical boy ie. my son.

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद द्वारा योग सत्र का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत विकास परिषद, बोकारो स्टील सिटी शाखा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन बुद्ध विहार, सेक्टर 04, बोकारो स्टील सिटी में किया गया। कार्यक्रम का समय संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक निर्धारित था, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष श्री लम्बोदर उपाध्याय जी ने प्रेरणादायी संबोधन से किया। उन्होंने योग की भारतीय परंपरा एवं इसके आधुनिक जीवन में महत्व को रेखांकित किया। योग सत्र का संचालन संध्या सिन्हा, आर्ट ऑफ लिविंग की प्रमाणित योग प्रशिक्षिका, द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरल व प्रभावी आसनों, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया और उनके लाभों की व्याख्या की। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत लाभकारी और ऊर्जा से भरपूर बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ शरीर का सनातन सांस्कृतिक दर्शन - योग करें, निरोग रहें। की भावना से जोड़ना था। परिषद के सदस्यों ने जनसंपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार एवं समर्पण के अपने मूल सिद्धांतों के अनुरूप इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# खाद्य सामग्री के साथ तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें : जिला परामर्शी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** उपायुक्त अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में सेक्टर 4 थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकु उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी एवं ढएउअ 2019 के तहत छापामारी अभियान चलाया गया, जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम जिला परामर्शी के द्वारा सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के कुल 37 दुकानों की जांच की गई जिसमें 7 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1200 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा छापामारी के दौरान सभी दुकानदारों को कोटपा नए झारखण्ड संशोधन अधिनियम 2021 के नए कानून के तहत किए गए संशोधन के बारे में विस्तार से बताया गया। कोटपा-2003 की धारा-4 के नये संशोधन कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान और तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद के थूकने पर 1000 रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। कोटपा की धारा 6बी के तहत शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, स्वास्थ्य संस्थान, सार्वजनिक दफतर और न्यायालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिगरेट या तम्बाकू उत्पाद की बिक्री नही कर सकता है। उल्लंघनकर्ता को 1000 रू0 तक का जमार्ना किया जा सकता है। सिगरेट या अन्य कोई भी तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने का प्रस्ताव या विक्रय करने की अनुमति, खुला सिगरेट अथवा खुला पैकेट में नही देगा।

# जयनगर प्रखंड में विश्व योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जयनगर प्रखंड सभागार में प्रातः 7:00 बजे से एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। इस आयोजन में योगाचार्य कृति मोदी एवं कैलाश लाल बरनवाल के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही, योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थितः इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रमुख, उप-प्रमुख, तथा प्रखंड, अंचल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास एवं राजस्व विभाग से जुड़े सभी प्रधान सहायक, लिपिक एवं कर्मी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई।
बीडीओ गौतम कुमार ने कहा, वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में योग एक आवश्यक अभ्यास बन गया है। यह न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मन को शांत और चिंतन को सकारात्मक बनाता है। हम सभी को योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार का सुंदर प्रदर्शन किया गया, जिसमें यह संदेश निहित था कि योग से जीवन ऊजार्वान और मानसिक रूप से स्थिर बना रहता है। प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर तक उत्सव का विस्तारः इस अवसर पर जयनगर प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में भी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा योग दिवस मनाया गया। स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं सामुदायिक स्थलों पर स्थानीय स्तर पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीणों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। विश्व योग दिवस के अवसर पर जयनगर प्रखंड ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि योग जन-जन का अभियान बन चुका है। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाया, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी हुआ।

# जयनगर अंचल में राजस्व सेवा शिविर का तीसरा और अंतिम दिन भी रहा सफल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर :** जयनगर अंचल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राजस्व सेवा विशेष शिविर का आज तीसरा और अंतिम दिन रहा, जो अभूतपूर्व सफलता के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन 21 जून 2025 को ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह शिविर आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। आज के दिन कुल 239 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 129 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया। इस तरह तीनों दिनों में कुल 566 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 381 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण कर दिया गया – जो कि त्वरित, पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन की सशक्त मिसाल है। ग्रामीणों ने शिविर में दाखिल-खारिज, लगान रसीद निर्गत, भूमि शुद्धिकरण, एलपीसी जारी, शुद्धिपत्र निर्गत जैसी सेवाओं के लिए आवेदन किया। इन सेवाओं में से अधिकतर कार्यों का तत्काल निष्पादन किया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली।

**शिविर की विशेषताएं:**
यह शिविर ग्रामीणों के लिए सरल, त्वरित और पारदर्शी समाधान का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ। आम तौर पर जिन कार्यों के लिए कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं, उन्हें एक ही मंच पर तत्काल पूरा कर देना प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रमुख पदाधिकारियों की **भूमिका:**
शिविर संचालन में अंचलाधिकारी गौतम कुमार, अंचल निरीक्षक सनोज कुमार, हल्का कर्मचारी, अमीन, कंप्यूटर ऑपरेटर कन्हाई कुमार, अभिषेक पांडे, एवं कार्यालय स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही। सभी ने समन्वयपूर्वक कार्य करते हुए शिविर को सफलता दिलाई।

# अतिवृष्टि को देखते हुए अलर्ट मोड पर रहें पदाधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र, राँची द्वारा राज्य में भारी बारिश को लेकर हाई एलर्ट जारी की गई है। उक्त के आलोक में कोडरमा जिला में अतिवृष्टि के कारण आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु उपायुक्त ऋतुराज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी किया गया है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्थित जलस्त्रोत यथा नदी / तालाब / माईंस वाले क्षेत्र जहाँ पानी भरे हुए हैं; उन क्षेत्रों का भ्रमण कर आंकलन करने का निर्देश दिया गया है और आस-पास के लोगों को जल स्त्रोत के कम-से-कम 200 मीटर दूर रहने को कहा गया। इन स्थलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अंचल अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को निदेश दिया गया कि वाटर फॉल / डैम से संबंधित पर्यटन स्थल पर पर्यटकों के आवागमन को स्थिति सामान्य होने तक बंद रखना सुनिश्चित करेंगे। जल स्त्रोत से 200 मीटर की दूर पर जल से खतरे से संबंधित बोर्ड लगवायेंगे। सभी अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्थित जलस्त्रोत के आस-पास के गाँवों में स्थित सरकारी भवन यथा पंचायत भवन / तहसील कचहरी इत्यादी को सेल्टर होम के रूप में चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगें। सभी अंचल अधिकारी; जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा से समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध गोताखोरों की सूची तैयार कर उन्हें अलर्ट मोड में रहने हेतु निदेशित करेंगे। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी वैसे क्षेत्र जहाँ जल जमाव होने की सम्भावना है उन स्थलों को चिन्हित कर पानी निकासी व्यवस्था अविलम्ब सुनिश्चित करायेंगें ताकि सड़कों एवं नालों का पानी घरों में प्रवेश न कर सके। अनुमण्डल पदाधिकारी,/ जिला खनन पदाधिकारी / खान निरीक्षक / सभी अंचल अधिकारी / सभी थाना प्रभारी को पुल के क्षेत्रों में लगातार सतत निगरानी रखने एवं पुल के नीचे से अवैध बालू उठाव की रोकथाम हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। डी.वी.सी., तिलैया डैम के प्रतिनिधि, तिलैया डैम का वाटर लेबल प्रतिदिन चेक करेंगे। यदि वाटर लेबल बढ़ रहा है तो इसकी सूचना त्वरित गति से जिला नियंत्रण कक्ष को देते हुए गाईड लाईन के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। हाई अलर्ट अवधि में तिलैया डैम में वोटिंग करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशासक सभी नगर निकाय अतिवृष्टि के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र का लगातार दौरा करेंगे और शहरी क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो तत्संबंधी सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। शहरी क्षेत्रों में यातायात की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी, कोडरमा सड़क सुरक्षा टीम को शहरी क्षेत्रों में सम्बद्ध करेंगे। साथ ही प्रशासक, सभी नगर निकाय शहरी क्षेत्रों में यातायात का सुगम बनाये जाने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। शहरी क्षेत्रों में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासक सभी नगर निकाय; शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध आश्रय गृह को दुरूस्त कर लेंगे। साथ ही आकस्मिकता से निपटने के लिए आवश्यकतानुसार अन्य खाली पड़े सरकारी भवन को आश्रय गृह हेतु चिन्हित कर लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### वृन्दाहा जलप्रपात क्षेत्र में आमजन को आगमन से बचने की चेतावनी



**कोडरमा:** भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केन्द्र, राँची द्वारा राज्य में भारी बारिश को लेकर हाई एलर्ट जारी की गई है। उक्त के आलोक में कोडरमा जिला में अतिवृष्टि के कारण आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु उपायुक्त ऋतुराज द्वारा वृन्दाहा जलप्रपात का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में जल स्रोत की तीव्र वृद्धि को देखते हुए ग्रामीणों एवं पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में आमजन के आगमन पर चेतावनी जारी की गई है। जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सुरक्षा की दृष्टि से स्थान-स्थान पर सूचना पट्ट लगाए जाएँगे, जिससे लोगों को संभावित खतरे की जानकारी मिल सके। जिला पर्यटन पदाधिकारी को सूचना पट्ट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। प्रशासन आम जनता से अनुरोध करता है कि वे वर्तमान परिस्थिति में वृन्दाहा जलप्रपात क्षेत्र में जाने से परहेज करें और सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करें।

### हैंड इन हैंड इंडिया बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित



**कोडरमा :** हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वावधान में आज डोमचांच प्रखंड अंतर्गत पारहो पंचायत के नावाडीह गांव में बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन, उपमुखिया सुरेंद्र यादव, वार्ड सदस्य सलाउद्दीन, आंगनबाड़ी सेविका मीणा बसंत कोंक, नीलम देवी, सहिया रेणु देवी, कलीडीह विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुस समद उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि रंजन ने कहा कि हैंड इन हैंड इंडिया बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर के कृत संकल्पित है और बच्चों के सभी अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में संस्थागत गतिविधियां संचालित कर रही है। हैंड इन इंडिया ने अपना अथक प्रयास करते हुए आज नावाडीह ग्राम को बाल मित्र ग्राम घोषित किया है। ऐसे अन्य कई गांवों को भी एक सतत प्रक्रिया के तहत बाल मित्र ग्राम घोषित किया जा रहा है, जहां बच्चों के जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार तथा सहभागिता का अधिकार को सुनिश्चित किया जाता है। वहीं उपस्थित उप मुखिया सुरेंद्र यादव ने कहा कि आज नावाडीह गांव को बाल मित्र ग्राम घोषित करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मिलने वाली सुविधा टीकाकरण से लेकर के बाल मजदूरी एवं बाल विवाह से बचाते हुए उन्हें एक सशक्त नागरिक बनाना हम सब की जिम्मेदारी है। इस क्षेत्र में हैंड इन इंडिया ने काफी सक्रिय भूमिका निभाते हुए इस प्रयास को अंजाम दिया है इसके लिए हैंड इन इंडिया को तहे दिल से धन्यवाद। मौके पर कार्यक्रम प्रबंधक रूपेश कुमार, प्रखंड प्रबंधक नीतीश पांडे, एपीएम राजन विश्वकर्मा, ने भी अपने विचार रखें। मौके पर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण पाउडर तथा कुपोषित बच्चों को संपूर्ण पोषण कीट संस्था की ओर से दिए गए। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ तथा उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ मौके पर दर्जनों महिलाएं ग्राम के प्रबुद्ध व्यक्ति बच्चे एवं बाल अधिकार संरक्षण समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में साबिर अंसारी बसंत कुमार सविता कुमारी एंजेला एक्का सविता कुमारी दीपक कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### कबड्डी खिलाड़ियों ने मनाया योग दिवस



**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को ओसियन एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट संस्था सह भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की ओर से बच्चों के साथ कबड्डी मैदान सेक्टर 9, में योग दिवस मनाया गया। मनुष्य को स्वस्थ रहने की संदेश देते हुए संस्था की ओर से योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर कबड्डी खिलाड़ी को योग प्रशिक्षक की ओर से योगाभ्यास कराया गया। जिसमें प्राणायाम के साथ सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, ताड़ासन का योगाभ्यास कराया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा बोकारो कबड्डी संघ के सचिव, इप्टा की ओर से वकील कुमार झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, ओम प्रकाश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह ओ एई डब्लू टी के संस्थापक, साथ में डॉ राजेश कुमार बोकारो जिला सचिव, सौरव कुमार सदस्य सम्मिलित हुए। करिए योग रहिए निरोग के साथ समापन किया गया। मौके पर कृष्णा मालाकार,प्रेम पांडे, मिथिलेश शर्मा, सौरभ,विकास कुमार ,प्रदीप कुमार, सिंटू कुमार, इंद्रजीत ,कृष, राजेश कुमार, भागीरथ आदि शामिल रहे तुपकडीह के स्कूलों में मनाया गया योग दिवस शनिवार को तुपकडीह के स्कूलों में कक्षा लगने से पहले विद्यार्थियों ने योग करके अपने दिन की शुरूआत की। प्राचार्य कामदेव महतो ने कहा कि योग करने से शरीर निरोग रहता है। शिशु मंदिर के प्राचार्य मंटू गिरी ने योग भगाये रोग की जानकारी दी। विस्थापित पब्लिक स्कूल के हेडमास्टर ने विद्यार्थियों को कहा कि अब रोज क्लास रूम में जाने से पहले सबों को योगा के विभिन्न आसन्न करने होंगे। इसी प्रकार किड्स आई लेंड स्कूल , उषा अकेडमी , श्रमिक हाई स्कूल में योगाभ्यास किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आरपीएफ पोस्ट बोकारो द्वारा योग शिविर का किया गया आयोजन

**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज आरपीएफ पोस्ट बोकारो द्वारा सेरसा ग्राउंड, बोकारो में प्रात: 6:30 बजे से 7:30 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर का नेतृत्व निरीक्षक सह पोस्ट कमांडर संतोष कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों और बल सदस्यों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि योग हमारे जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस आयोजन में बोकारो पोस्ट, एसआईबी बोकारो, डॉग स्क्वॉड बोकारो के बल सदस्यों के साथ-साथ स्काउट एंड गाइड के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## एक नजर

### दूसरे दिन भी चला सरिया में अतिक्रमण हटाओ अभियान

**सरिया (गिरिडीह) :** शनिवार को भी सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी की अगुवाई में दूसरे दिन भी रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान सरिया रेलवे फाटक के दोनों छोर में किया गया। इस दौरान मुआवजा भुगतान के पश्चात भी जिन रैयत के द्वारा अपना भवन या प्रतिष्ठा को नहीं तोड़ा गया था वैसे दर्जनों लोगों के भवनों पर शनिवार को दूसरे दिन भी प्रशासन का बुलडोजर चला। वहीं आज भी रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य स्थल के इर्द- गिर्द कई लोगों को मुआवजा की राशि नहीं मिलने एवं मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण उनके मकानों को नहीं तोड़ा जा सका है। इसे लेकर अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि जल्द ही सारी प्रक्रिया को पूरी कर वैसे प्रतिष्ठानों को भी तोड़ने का काम प्रशासन के द्वारा किया जाएगा। वही प्रशासन के इस अभियान को लेकर दर्जन लोगों ने बताया कि हम लोगों ने प्रशासन के निर्देश पर पूर्व में ही अपने भवन प्रतिष्ठान को मामूली अनुदान की राशि मिलने के पश्चात तोड़ दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**अनगड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्य कताओं ने चिलदाग स्कूल मैदान में धूम धाम से भारत सरकार के योग संगम अभियान के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि योग ही पर्यावरण और वसुधा की सुरक्षा में महत्वपूर्ण साधन है। मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू सुनील कुमार महतो रामशाय मुंडा दुर्गा महतो आदि शामिल थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बोस्टन में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बोस्टन में सुबह 7:00 बजे से 8:00 बजे तक एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अभिजीत रंजन, एएसपी ने किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलक और प्रशिक्षक देवी प्रसाद चटर्जी ने योग के महत्व और इसके लाभों पर महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। कार्यक्रम की मुख्य बातें प्रशिक्षक देवी प्रसाद चटर्जी ने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्टेडियम में योग का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि परिवार एवं मेडिटेशन एंड योगा ग्रुप सिल्ली के तत्वाधान में समारोह सिल्ली स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस आयोजन में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, डीएवी स्कूल के प्राचार्या बी शरण एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। कई बुजुर्गों ने जहां ढलती उम्र में भी योग में रुचि दिखाई वहीं युवावों, डीएवी स्कुल के बच्चों एवं आर्चरी के प्रशिक्षुओं के बीच खासा उत्साह था। सुबह छ बजे से आठ बजे तक दो घंटे तक चले इस आयोजन में लोगों ने योग के कई आसन किए। योग शिक्षक करुणामय चक्रवर्ती एवं सुशोभन लाहा ने कहा कि नियमित योग से जीवन में बदलाव होता है और व्यक्ति स्वस्थ रहता है। इस मौके पर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, रांची जिला पतंजलि किसान सेवा समिति के कृष्ण कुमार महतो, राजेन महतो, राजेंद्र प्रसाद साय,दिलीप दे, मानिक रवानी, दिनेश बनर्जी,अमित साव, अनिल साव ,विनय कृष्ण चक्रवर्ती, विकास हजाम, ब्रजेश कुमार, उमाशंकर मालाकार, मुनमुन मालाकार, गौतम रोहिदास, सुभाष लाहा, भेंगराज प्रसाद, बिल्टु दत्ता, मुकेश भगत, पंकज साहु, संजय सिंह, शंकर विश्वकर्मा, सुकुमार विश्वकर्मा, कार्तिक गोराई, गौरांग कोइरी, सुभाष लाहा, शत्रुघ्न गुप्ता,निखिल साहु,सीताराम,सुमित लाहा आदि मौजूद थे।

## प्रखंड के विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन



**सिल्ली :** प्रखंड के सभी विद्यालयों में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इसी के तहत सिल्ली ग्राम विकास उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय परिसर में सामुहिक रूप से योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक सुधांशु रंजन प्रामाणिक व देवेन्द्र चौधरी, विद्यालय के शिक्षक, सीआरपी रूबी देव एवं विद्यालय के बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान सभी ने अनुलोम विलोम, कपाल भांति, सूर्य नमस्कार समेत कई योग एवं आसन का अभ्यास किया। विद्यालय के प्राचार्य सुधांशु रंजन प्रामाणिक एवं देवेन्द्र चौधरी ने योग दिवस एवं योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम निरोग, दीघार्यु एवं स्वस्थ रह सकते हैं,आज पूरा विश्व योग को अपनाया है। इसे हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिए। योगाभ्यास कार्यक्रम में अर्चना चौधरी, राजेंद्र प्रसाद बड़ाइक, सबिता बाला देवी, भरत कुमार महतो, अमिया मिंज, सुभाष महतो, सुमन कमारी, मनीष गुप्ता समेत विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

## एसबीयू ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत योग एवं नेचुरोपैथी विभाग, सरला बिरला विश्वविद्यालय के द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार के योग संगम अभियान के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए दैनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने इस अवसर पर कहा कि योग ही पर्यावरण और वसुधा की सुरक्षा में महत्वपूर्ण साधन है। माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने 21 जून के महत्व को बताते हुए योग की सार्थक भूमिका की चर्चा की। इस अवसर पर स्वागत भाषण संकायाध्यक्ष एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की इंचार्ज प्रो. नीलिमा पाठक ने दिया। योग प्रोटोकॉल का अभ्यास डॉ विश्वजीत वर्मा ने कराया तथा अंजना कुमारी सिंह एवं छात्रा गीता ने योग का प्रदर्शन किया। आज विश्व संगीत दिवस भी है; अतः योगाभ्यास के बाद संकीर्तन स्पर्श उपाध्याय ने करवाया। कार्यक्रम के बाद शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुलभाई कोठारी ने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के भी चर्चा की। विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र का दौरा करते हुए उन्होंने इसकी सराहना भी की।

## संत माईकल प्लस 2 स्कूल मुरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में 11 वी. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए । आयोजित योग - शिविर में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपने पी.टी. शिक्षक प्रशांत गोराई के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इस मौके पर योग निंद्रा, नाड़ी शोधन प्राणयाम, भ्रामरी प्राणायाम, शशांकासन, वृक्षासन आदि योग का अभ्यास किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने कहा कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं तथा योग से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक फायदे भी बहुत होते है। स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग अभ्यासों में शारीरिक व्यायाम जिन्हें 'आसन' कहा जाता है, श्वास तकनीक और ध्यान शामिल हैं। योग मन शरीर और आत्मा के बीच सामान्य कल्याण और सामजस्य को बढ़ाने का प्रयास करता है। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं वि. वेंकेट राव, किशोर कुमार, शंकर महतो, जयंत कुमार , संयुक्ता सिंह देव, रीना साहु, मनीषा सिंह, राहुल कुमार, दीपिका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, आदि मौजूद थे।

## उषा मार्टिन फॉउंडेशन के कार्यों पर एक्सआईएसएस का शोध




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** झारखंड की अग्रणी तकनीकी संस्थान एक्सआईएसएस की छात्राओं ने उषा मार्टिन फॉउंडेशन के तहत चलाए जा रहे विकास कार्यों पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया है। इस शोध पत्र में कृषि और आजीविका संवर्द्धन के माध्यम से समाज में बदलाव के कारकों को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा शालिनी अस्पताल के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के विविध कार्यक्रमों की सफलता, अवसर एवं चुनौती पर विचार व्यक्त किया गया है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के एचआर हेड एन0एन झा ने कहा है कि युवाओं की सफलता उनकी प्रतिबद्धता और परफॉरमेंस से मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि लक्ष्य के प्रति हम समपित रहें और अपने सॉफ्ट स्किल को लगातार विकसित करते रहे। एक्सआईएसएस की ग्रामीण प्रबंधन की छात्रा नीहारिका सिंह और सैफ अली रहमान ने कमप्रिहेंसिव इम्पैक्ट एसेसमेंट ऑफ सीएसआर इंटरवेनशन इन नेचुरल रिसर्च मैनेजमेंट था। आर्या सिंह और मुकुल मक्कर के रिसर्च का विषय इम्पैक्ट एसेसमेंट इनिशियेटिव बाइ उषा मार्टिन फॉउंडेशन था। सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि ग्रामीण विकास पर विभिन्न अग्रणी संस्थानों के साथ मिलकर आगे भी शोध कार्य चलता रहेगा। शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि स्वास्थ्य में गुणवत्ता पर शोध की बेहत जरूरत है। इसके लिए धरातल पर लाभुक के साथ समन्वय एवं विचार की प्रक्रिया को बढ़ाने से शोध ज्यादा प्रांसागिक बनता है।

## प्लस टू उच्च विद्यालय कोटालपोखर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्लस टू हाई स्कूल कोटालपोखर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया, जिससे पूरे परिसर में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। योग दिवस को लेकर बीते दस दिनों से विभिन्न गतिविधियाँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं जैसे कि योग प्रदर्शन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला आदि। आज मुख्य समारोह में इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला और सभी को इसे अपनी दिनचर्या में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी और शिक्षकों का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया प्रखंड क्षेत्र में धूम-धाम से मनाया गया योग दिवस



**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारियों गैर सरकारी प्रतिष्ठानों तथा शैक्षिक संस्थानों में शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया इस अवसर पर लोगों ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न प्रकार के योग और प्राणायाम किया। शरीर संचालन सूर्य नमस्कार वज्रासन उष्ट्रासन भुजंगासन त्रिकोणासन,वृक्षासन, ताड़ासन आदि शामिल हैं। बच्चों को जगह-जगह योग के महत्व को बताया गया। कहा गया कि योग हमारी प्राचीन स्वदेशी चिकित्सा पद्धति है। इससे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। योग के क्षेत्र में भारत विश्व गुरु का स्थान प्राप्त कर चुका है फिर भी योग को सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी बनाने की आवश्यकता है। स्वस्थ,समृद्ध और समर्थ भारत के निर्माण के लिए करें योग,रहें निरोग का संदेश दिया गया। बताया गया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है,यह संपूर्ण आरोग्य और आत्मनिर्भरता का सोपान है। योग के द्वारा शरीर में रोग निरोधी क्षमता का विकास कर घातक रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। साथ ही कहा कि प्रत्येक बच्चों को प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना चाहिए और अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। जिससे कि सभी निरोगी और स्वस्थ रह सकें। योग दिवस के अवसर पर विद्यालय में चित्रकला,पोस्ट तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सरिया प्रखंड क्षेत्र में प्रखंड मुख्यालय परिसर,सरिया स्टेडियम, प्लस टू उच्च विद्यालय सरिया, मध्य विद्यालय सरिया, उमवि चंद्रमारणी,उउवि नावाडीह, एसआरके डीएवी सरिया,संत मैरी पब्लिक स्कूल,संत जेवियर्स स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,एकल विद्यालय,आर पी एफ हजारीबाग रोड, उउवि परसिया,उउवि बागोडीह, उउवि कैलाटांड,उउवि लुतियानो, बालिका उच्च विद्यालय सरिया बालिका मवि सरिया सहित अन्य जगहों पर योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### एक्यू परिषद कार्यालय टाटी सिलवे में योग दिवस मनाया गया



**अनगड़ा :** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक्यू परिषद कार्यालय झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे के द्वारा किया गया साथ ही साथ योग पर शिक्षक हवलदार अनूप कुमार सिंह जे. प.2 को को एक्यूप्रेशर पुस्तक एवं समान पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की स्वस्थ तन में स्वस्थ मन की बात होती है इसलिए एक योग एक धरती अपने जीवन में योग को अपनाकर रोग को भगाए इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के पदाधिकारी सहयोगी डॉ बलराम महतो डॉ नरेश महतो अजय मुंडा साथ ही साथ एक्यूप्रेशर परिषद मां एक्यूप्रेशर सेंटर के मरीज डॉक्टर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन दीपक पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन ललिता कुमारी के द्वारा किया गया योग्य के बाद सभी ने औषधि वनस्पतियों से निर्मित हेल्थ ड्रिंक का सेवन किया जो एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के डॉक्टर किरण पांडे के द्वारा निर्मित था।

### जीपी मिडिल एवम हाई स्कूल हेसल में योग दिवस मनाया गया



**अनगड़ा :** प्रखंड स्थित जी पी मिडिल ए वम हाई स्कूल हे सल में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बहुत ही धूम धाम से योग दिवस मनाया गया इस अवसर पर योग गुरु संजय कुमार महतो के द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को योगभ्याश कराया गया योग योग शिक्षा पर मार्गदर्शन कराया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश महतो योग केवल व्याम नहीं बल्कि प्राचीन भारत के योग से शरीर मानव आत्मा तीनो को शांति और सकती मिलती है अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन संस्थान सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं को स्वस्थ शांत निरोगी करने के कामना किए इस समारोह को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओंएवं कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# बलरामपुर सड़क हादसे में नीमडीह के मृतक के परिजनों से मिलीं विधायक, बंधाया ढांढस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** पश्चिम बंगाल के बलरामपुर थाना अंतर्गत नामसोल के समीप एनएच- 18 पर हुए भीषण सड़क हादसे में मारे गए नीमडीह प्रखंड के सभी 9 युवकों के परिजनों से मिलने शनिवार को विधायक सविता महतो तिलाई टांड़, मुरु और रघुनाथपुर गांव पहुंची और पीड़ित परिवार का ढांढ़स बांधा। इस दौरान विधायक नें पीड़ित परिजनों को सरकारी स्तर पर मिलने वाले सहायता दिलाने का अस्वासन दिया। मालूम हो सभी युवक एक बारात में शामिल होने पुरुलिया गए थे। लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। मृतकों में तिलाई टांड़ के बृहस्पति महतो, सपन महतो, कृष्णा पद महतो, गुरु पदो महतो, विजय महतो एवं अजय महतो शामिल थे। जबकि, मुरु गांव के चितरंजन महतो और रघुनाथपुर के शशांक महतो और चंद्र मोहन महतो शामिल थे। घटना के बाद पूरे प्रखंड में मातम छा गया है। विधायक ने सभी के परिजनों से बारी- बारी मुलाकात की और बिपदा के इस घड़ी में हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर मुआवजा दिलाने की बात भी कही। वहीं विधायक के पहुंचने पर मृतक चितरंजन महतो की बहन रो पड़ी जिससे विधायक भी भावुक हो गए। इस अवसर पर नीमडीह के अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी संतन तिवारी, जिला श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, सचिव शंकर सिंह, सहसचिव विश्वनाथ गोप, कोषाध्यक्ष हरि चरण महतो, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, झामुमो नेता नीलकमल महतो, निर्गुण राम मांझी, मंगल माझी, अनिल मांझी, यदुपति महतो, सिकित माझी आदि मौजूद थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि नई तकनीक Block Chain एवं National Fisheries Digital Platform (NFDP) में सभी मत्स्य कृषकों का निबंधन कराना आवश्यक है।

1. पासपोर्ट फोटो। (रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो)
2. अपना मोबाईल / मोबाईल नं0।
3. आधार मूल प्रति (Original)
4. बैंक पासबुक (Original)
5. पैन कार्ड (Original)
6. वोटर आईडी0 कार्ड (Original)
7. राशन कार्ड (Original)
8. जमीन का रसीद (यदि हो तो)
9. आय प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
10. जाति प्रमाण पत्र (यदि हो तो)
11. तालाब का विवरणी :- जमीन का खाता सं0, प्लॉट सं0, तालाब का जलक्षेत्र (एकड़ में) लैण्डमार्क / जीयो टैग फोटोग्राफ
12. तालाब किस योजना / किस विभाग / निजी / लीज / सामुदायिक / पर्व में बना है।
13. वंशावली / खतियान का प्रति (यदि हो तो)
14. मकान / खाता सं0 (NFDP में निबंधन के लिए)
15. मत्स्य कृषक का आधार से मोबाईल नं0 लिंक होना चाहिए।

सभी कृषक / बीज उत्पादक उक्त कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में उपस्थित होकर अपना निबंधन करायें। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर संपर्क कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 355683 Simdega(25-26).D

# गर्मियों में प्रकृतिक तरीके से रखें शरीर को हाइड्रेट

गर्मियों के मौसम में पसीने के कारण शरीर से जरूरी मिनरल्स और पानी तेजी से निकल जाते हैं। इसकी वजह से शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की दिक्कत हो जाती है। इस मौसम में अपने शरीर को हाइड्रेट करने के लिए ज्यादातर लोग पानी पीते हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं होता। क्योंकि एक तो पानी बेस्वाद होता है और दूसरे इसमें पर्याप्त मिनरल नहीं होते, जोकि शरीर को भरी दुपहरी ऊर्जावान रख सकें। हालांकि कुछ लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए काबोर्नेटेड ड्रिंक्स का सहारा लेते हैं, जिनमे केमिकल और आर्टिफीसियल फ्लेवोर्स को मिलाकर एक उम्दा स्वाद तैयार किया जाता है और लोग अपने परिवार और मेहमानों को शौक से काबोर्नेटेड ड्रिंक्स पिलाते हैं। लेकिन इन ड्रिंक्स के लगातार उपयोग से शुगर और पेट सहित अन्य अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। गर्मियों के मौसम में शरीर को तरोताजा रखने के लिए अनेक हेल्दी ड्रिंक्स उपलब्ध हैं जोकि शरीर में पानी की कमी दूर करते हैं और आपको अन्दर से मजबूत भी रखते हैं। नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है। यह शरीर को हाइड्रेट करता है। इससे आप ऊर्जावान और एक्टिव महसूस करते हैं। यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है। इससे ताजगी और ऊर्जा दोनों प्रदान होती है। नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी को दिन में किसी भी समय पिया जा सकता है। हालांकि आयुर्वेदाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैं। यह स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार हैं। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है। नारियल पानी में फाइबर होता है। यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद करता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है। नारियल पानी में 94 प्रतिशत पानी की मात्रा होती है। यह शरीर को जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करता है। गर्मियों के महीने में आउटडोर एक्टिविटीज और स्पोर्ट्स आदि के बाद नारियल पानी का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है। गर्मियों में पुदीना छाछ पीने से पेट शांत रहता है और पाचन क्रिया सही रहती है। यह शरीर को ठंडक और हाइड्रेशन दोनों प्रदान करता है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन बी 12 जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ कमजोरी और थकान को भी दूर करते हैं। छाछ में इलेक्ट्रोलाइट्स तत्व विद्यमान होते हैं। यह शरीर के वाटर बैलेंस को बनाए रखने में मदद रखते हैं। छाछ में दूध और दही के मुकाबले पानी की मात्रा ज्यादा होती है जबकि फैट और कैलोरी की मात्रा कम होती है। मोनोपौज के बाद जिन महिलाओं का स्वभाव चिड़-चिड़ा हो जाता है उन्हें निमयित रूप से एक गिलास छाछ का सेवन करना चाहिए। अगर छाछ के खट्टे स्वाद से आप परेशान रहते हों तो इसका सेवन हल्के-फुल्के मसाले और काला नमक मिलाकर किया जा सकता है। छाछ को दोपहर के खाने के साथ पीना सबसे ज्यादा हितकर माना जाता है। इस समय छाछ पीने से ब्लोटिंग, गैस और एसिडिटी से छुटकारा मिलता है। हम अकसर तला भुना या मसालेदार खाना खाते रहते हैं। इसकी वजह से शरीर के अन्दर का तापमान बढ़ जाता है। छाछ में प्रोबायोटिक्स तत्व मौजूद होते हैं और रोजाना एक गिलास छाछ पीने से इस समस्या से राहत पाई जा सकती है। गर्मियों में ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दी जाती है लेकिन अनेक लोगों को सादे पानी का स्वाद पसन्द नहीं आता। इसकी वजह से वह पानी पीने से कतराते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं तो फ्लेवर्ड पानी आपके लिए बेहतर विकल्प है। फलों से तैयार यह पानी आपके लिए स्वास्थ्यवर्धक हो सकता है। आपको गर्मी से भी बचाएगा और पानी की कमी भी नहीं होने देगा। फ्लेवर्ड पानी बनाने के लिए सादे पानी में ताजे फल, जड़ी बूटियों, सब्जियों और मसालों आदि का स्वाद मिलाकर इसे स्वादिष्ट और पौष्टिक बनाया जाता है।

## सूडोकु नवताल- 7468

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7467 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# प्रधानमंत्री का धन्यवाद, दुनिया में बज रहा योग दर्शन का नगाड़ा

**हृदयनारायण दीक्षित**


योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में "चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग" कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी है। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्वमानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है लेकिन जीवन का शिव और सुन्दर फिसल गया है।

वैज्ञानिक शोधों की अन्तरराष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी है। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं लेकिन आज जैसी अन्तरराष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षो की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतरराष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई लेकिन योग दर्शन का नगाड़ा बज रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया "योग से प्रशान्त हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।" योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है।

योग आनंद का विज्ञान है। भारत के आठ दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरीपूरी है लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुतः हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। आनंद से भरीपूरी होने के कारण ही वह सतत सृजनरत है। संसार इसी का भाग है। तो भी हम आनंद के स्रोत से वंचित हैं। ऐसा क्यों है? बीच में चित्त की बाधा है। योग चित्त अतिक्रमण का ही तंत्र है। चित्तवृत्ति का परदा उठे तो आनंद ही आनंद।

पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुन्दर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-"ऋतम्भरा तत प्रज्ञाः"। तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौन्दर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ हानि सोंचने की परिभाषा बदल जाती है।



श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "योग से प्राप्त आनंद से बड़ा कोई दूसरा लाभ नहीं।" (गीता 6.22) वे आगे योग की खूबसूरत परिभाषा करते हैं, "दुख संयोगं वियोग योगं संजिज्ञम्- दुख संयोग से वियोग हो जाना ही योग है।" (वही 6.23) श्रीकृष्ण और अर्जुन के साथ हुए मित्रवत सम्वाद में योग विज्ञान की सरलतम झांकी है। लेकिन अर्जुन तो भी संतुष्ट नहीं होता। अर्जुन हमारे आपके जैसा सामान्य व्यक्ति था। योग विज्ञान सुनने से ही नहीं समझा जा सकता। योग बातों-बातों का बतरस नहीं है, इसके लिए प्रगाढ़ अभ्यास चाहिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से पूछा, "आपने जो समत्व भाव वाला योग समझाया है, मनचंचलता के कारण मुझे उसका कोई मजबूत आधार नहीं दिखाई पड़ता। मन चंचल होता है, शक्तिशाली और हठी होता है, मन को वश में करना वायु को वश में करने की तरह बहुत कठिन है। (वही 33 व 34)" अर्जुन बेशक योद्धा है, लेकिन मन चंचलता के रहस्यों से परिचित है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है। श्रीकृष्ण ने मनचंचलता की बात स्वीकार की "निस्संदेह मन को वश में करना बहुत कठिन है, यह चंचल है लेकिन इसे अभ्यास और वैराग्य से वश में किया जा सकता है-अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।" (वही 35) गीता का यह श्लोक पतंजलियोगसूत्र से मिलता-जुलता है। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह" है। दोनो का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य" का मन्त्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) पतंजलि की शैली वैज्ञानिक है, वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं, "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) यहां अभ्यास का मतलब योगासन नहीं, स्वयं के कर्म में स्थिर होने का प्रयास है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिये योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36) अभ्यास, वैराग्य, असंयत और संयत चित्त मनुष्य की अंतर्यात्रा के पड़ाव हैं।

पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है, "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान की प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है।

योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रान्ति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# इजराइल-ईरान युद्ध के बीच भारत की भूमिका

**प्रहलाद सबनानी**

रूस-यूक्रेन एवं इजराइल-हमास के बीच युद्ध अभी समाप्त भी नहीं हुआ है और तीसरे मोर्चे इजराइल-ईरान के बीच भी युद्ध प्रारम्भ हो गया है। हालांकि इस बीच भारत-पाकिस्तान के बीच भी युद्ध छिड़ गया था परंतु भारत की बड़े भाई की भूमिका के चलते इस युद्ध को शीघ्रता से समाप्त करने में सफलता मिल गई थी। दो देशों के बीच युद्ध में किसी एक देश का फायदा नहीं होकर बल्कि दोनों ही देशों का नुकसान ही होता है। परंतु, आवेश में आकर कई बार दो बड़े देश भी आपस में टकरा जाते हैं एवं इन दोनों देशों के पक्ष एवं विपक्ष में कुछ देश खड़े हो जाते हैं जिससे कुछ इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित हो जाती हैं कि विश्व युद्ध छिड़ जाते हैं। वर्ष 1914 से वर्ष 1918 के बीच प्रथम विश्व युद्ध एवं वर्ष 1939 से वर्ष 1945 के बीच द्वितीय विश्व युद्ध इसके उदाहरण हैं। इजराइल - ईरान के बीच हाल ही में प्रारम्भ हुए युद्ध में अमेरिका भी कूदने की तैयारी करता हुआ दिखाई दे रहा है। अगर ऐसा होता है तो बहुत सम्भव है कि ईरान की सहायता के लिए रूस एवं चीन भी इस युद्ध में कूद पड़ें एवं यह युद्ध तृतीय विश्व युद्ध का स्वरूप ले ले। ऐसा कहा जा रहा है कि इजराइल एवं अमेरिका ईरान में सत्ता परिवर्तन करवाना चाह रहे हैं ताकि ईरान में उनके हितों को साधने वाली सरकार स्थापित हो सके।

वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां बहुत सहज रूप से नहीं चल रही है। विभिन्न देशों के बीच विश्वास की कमी हो गई है जिसके चलते छोटे-छोटे मुद्दों को तूल दी जाकर आपस में खटास पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। कुछ देश, दो देशों के बीच, इन मुद्दों को हवा देते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। जैसे आतंकवाद के मुद्दे को ही लें, यदि ये देश आतंकवाद से स्वयं ग्रसित हैं तो इनके लिए आतंकवाद बुराई की जड़ है और यदि कोई अन्य देश आतंकवाद को लम्बे समय से झेल रहा है तो इन देशों के लिए आतंकवाद कोई बहुत बड़ा मुद्दा नहीं है। बल्कि, आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को प्रोत्साहन दिया जाता हुआ दिखाई दे रहा है। चौधरी बन रहे कुछ देश अपनी विस्तरवादी नीतियों के चलते कई देशों में अपने हित साधने वाली सरकारों की स्थापना करना चाह रहे हैं एवं इन देशों में इस प्रकार की परिस्थितियां निर्मित करने के प्रयास कर रहे हैं ताकि ये देश आपस में लड़ाई प्रारम्भ करें। रूस एवं यूक्रेन के बीच युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है । साथ ही, कुछ देशों की कथनी और करनी में पाए जाने वाले फर्क के चलते भी वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां बिगड़ रही हैं। चौधरी बन रहे देशों को तो उदाहरण पेश करते हुए अपनी कथनी एवं करनी में फर्क को समाप्त करना ही होगा। अन्यथा, वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां भयावह स्तर तक पहुंच सकती हैं।

चूंकि इजराइल भी आतंकवाद से पीड़ित देश है एवं इजराइल की सीमाएं चार मुस्लिम राष्ट्रों से जुड़ी हुई हैं; यथा, उत्तर में लेबनान, दक्षिण पश्चिम में ईजिप्ट (एवं गाजा), पूर्व में जॉर्डन (एवं वेस्ट बैंक) एवं उत्तर पूर्व में सीरिया। अतः इजराइल अत्यधिक आक्रात्मकता के साथ आतंकवादियों (हमास एवं हूथी आदि संगठनों) से युद्ध करता रहता है। इस्लाम के अनुयायी यहूदियों के कट्टर दुश्मन हैं, इसके चलते भी इजराइल के नागरिकों को आतंकवाद को लम्बे समय से झेलना पड़ रहा है।

ईरान के बारे में तो कहा जा रहा है कि ईरान स्थित लगभग 60 प्रतिशत मस्जिदों में इबादत के लिए कोई भी व्यक्ति पहुंच ही नहीं रहा है क्योंकि ईरान में एवं ईरान द्वारा पड़ोसी देशों में फैलाए गए आतंकवाद से ईरान के मूल नागरिक अत्यधिक परेशान हैं। महिलाओं पर आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से स्थानीय नागरिक बहुत दुखी हैं। अतः अब वे अपने पुराने धर्म जोरोस्ट्रीयन को अपनाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं अथवा इस्लाम धर्म का परित्याग करना चाह रहे हैं। जोरोस्ट्रीयन, ईरान का मूल धर्म हैं एवं यह अब ईरान के कुछ (बहुत कम) क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। भारत में भी जोरोस्ट्रीयन धर्म को मानने वाले पारसी समुदाय के कुछ नागरिक शांतिपूर्वक रह रहे हैं एवं भारत के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर निर्मित हो रही उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत की विशेष भूमिका रह सकती है क्योंकि भारत के इजराइल एवं ईरान दोनों ही देशों के साथ आर्थिक रिश्ते बहुत मजबूत हैं। भारत, ईरान से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता रहा है एवं भारत ने ईरान में चाबहार बंदरगाह के निर्माण में भारी आर्थिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की है। चाबहार बंदरगाह का संचालन भी ईरान की सरकार के साथ भारतीय इंजीनियरों द्वारा ही किया जा रहा है। भारत और ईरान के बीच प्रतिवर्ष 200 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है। दूसरी ओर, इजराइल भारत का रणनीतिक साझीदार है। भारत इजराइल से भारी मात्रा में सुरक्षा उपकरण भी खरीदता है। भारत और इजराइल के बीच प्रतिवर्ष 650 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि का विदेशी व्यापार होता है, इसमें भारत द्वारा इजराइल से आयात किये जाने वाले सुरक्षा उपकरणों की राशि शामिल नहीं है। कुल मिलाकर, भारत के इजराइल एवं ईरान, दोनों देशों के साथ बहुत पुराने व्यापारिक एवं सांस्कृतिक रिश्ते हैं।

भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में 'वसुधैव कुटुम्बकम'; 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' एवं 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना पर विश्वास किया जाता है। अतः भारतीय नागरिक सामान्यतः शांत स्वभाव के होते है एवं पूरे विश्व में ही भ्रातत्व के भाव का संचार करते हैं। आज चार करोड़ से अधिक भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं। इन देशों में होने वाले अपराधों में भारतीय मूल के नागरिकों की संलिप्तता लगभग नहीं के बराबर पाई गई है। इसी कारण के चलते आज वियतनाम, जापान, इजराइल, आस्ट्रेलिया एवं सिंगापुर जैसे कई देश भारतीय मूल के नागरिकों को अपने देश में कार्य करने एवं बसाने में सहायता करते हुए दिखाई दे रहे हैं। खाड़ी के देश यथा ओमान, बहरीन, सऊदी अरब, यूनाइटेड अरब अमीरात आदि में भी लाखों की संख्या में भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं शांतिप्रिय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कुल मिलाकर, विभिन्न देशों में निवासरत भारतीय मूल के नागरिकों का रिकार्ड बहुत ही संतोषजनक पाया जाता है, क्योंकि, भारतीयों की मूल प्रकृति ही सनातन हिंदू संस्कारों के अनुरूप पाई जाती है एवं वे किसी भी प्रकार के कर्म में धर्म को जोड़कर ही इसे सम्पन्न करने का प्रयास करते हैं। और, धर्म के अनुरूप किये गए किसी भी कार्य से किसी का अहित हो ही नहीं सकता।

उक्त वर्णित परिप्रेक्ष्य में वैश्विक स्तर पर जब चौधरी बन रहे देशों द्वारा अन्य देशों के साथ न्याय नहीं किया जाता हुआ दिखाई दे रहा है तो ऐसे में भारत को आगे आकर युद्ध में झोंके जा रहे देशों के नागरिकों की मदद करनी चाहिए। भारत की तो वैसे भी नीति ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' की है। यदि पूरे विश्व में भाईचारा फैलाना है तो सनातन हिंदू संस्कृति के अनुपालन से ही यह सब सम्भव हो सकता है। उक्त परिस्थितियों के बीच सनातन हिंदू संस्कृति की स्वीकार्यता विभिन्न देशों के नागरिकों की बीच तेजी से बढ़ भी रही है क्योंकि कई देश अब आतंकवाद से बहुत अधिक परेशान हो चुके हैं। अतः अब वे किसी तीसरे रास्ते की तलाश में हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच उनके पास अब विकल्प केवल सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को अपनाने का ही बचता है, जिसके प्रति वे लालायित भी हैं। और फिर, आतंकवाद से यदि छुटकारा पाना है तो इससे लड़ते हुए छुटकारा पाने में तो कुछ देशों को कई प्रकार के बलिदान देने पड़ सकते हैं और यदि सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को स्वीकार कर लिया जाता है तो कई देशों के नागरिकों को इस बलिदान से बचाया जा सकता है। अतः विश्व के देशों में सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों को तेजी से वहां के स्थानीय नागरिकों के बीच किस प्रकार फैलाया जा सकता है, इस विषय पर विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से अब गहन चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है।

**(लेखक, वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषक हैं।)**

# कुसुमा नाइन जिसे किशोरावस्था के अधूरे इश्क ने बनाया दस्यु सुंदरी

**मनोज कुमार अग्रवाल**

चार दशक पहले चंबल के बीहड़ों में कुसुमा नाइन खूंखार दस्यु सुंदरी के नाम से जानी जाती थी। कभी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दहशत का पर्याय बनी डकैत कुसुमा नाइन ने लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह इटावा जेल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही थी। साल 1984 में कुसुमा का नाम सुर्खियों में तब आया, जब उसने 15 मल्लाहों को एक साथ गोली मार दी थी। कुसुमा का यूपी से लेकर एमपी तक के बीहड़ों में आतंक था। उस पर हत्या समेत दर्जनों केस दर्ज थे। कुसुमा को कभी सबसे खूंखार 'दस्यु सुंदरी' माना जाता था। जातीय उन्माद के चलते निर्दोषों का खून बहाकर,उनकी आंखे निकालकर ठहाका लगाने वाली कुसुमा खुद जर्जर शरीर के साथ दुनिया से चली गयी। 1981 में बहमई कांड में डाकू फूलन देवी ने 22 राजपूतों की सामूहिक हत्या की थी। इसके बदले में 1984 में कुसुमा ने 14 मल्लाहों को मौत नींद की सुला दिया था। उनके घरों को भी आग के हवाले कर दिया था। कुसुमा की मौत के बाद नरसंहार वाले औरैया के गांव अस्ता में जश्न का माहौल है। समय का चक्र भी बड़ा विचित्र है। कुसुमा जिस पति केदार नाई का साथ छोड़ कर डकैत माधव मल्लाह के साथ भाग कर बीहड़ में कूदी थी,अंतिम समय में उसी पति केदार नाई ने उसे मुखाग्नि देकर इस संसार से विदा किया। मूल रूप से महेवा ब्लाक के टिकरी मुस्तकिल की रहने वाली कुसम का उसके ससुराल कुठौंद ब्लाक के कुरौली गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

कुसुमा नाइन पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। कई मुकदमों में गवाहों और साक्ष्य न मिलने से वह बरी हो गई। बाद में कानपुर के सेवानिवृत्त एडीजी के अपहरण व हत्या के मामले में वह ऐसा फंसी कि उसे आजीवन कारावास की सजा हुई, इसी सजा के चलते वह इटावा जेल में कैद थी।


कुसुमा नाइन का जन्म साल 1964 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के टिकरी गांव में हुआ था। पचनद के जंगलों की कुख्यात डकैत कुसुमा नाइन पर हत्या समेत 24 से अधिक मामले दर्ज थे। देश में जितनी महिला डकैत थीं, उनमें कुसमा सबसे खूंखार मानी जाती थी। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी डरू नाई की पुत्री कुसुमा नाइन का जन्म 1964 में हुआ था। कुसुमा के पिता गांव के प्रधान थे। चाचा गांव में सरकारी राशन के कोटे की दुकान चलाते थे। इकलौती संतान होने के चलते लाड़ प्यार से पल रही थी। 13 साल की उम्र में उसे पड़ोसी माधव मल्लाह से प्रेम हो गया। वह उसके साथ चली गई। करीब दो साल तक उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने पिता को चिट्ठी लिखी कि वह दिल्ली के मंगोलपुरी में माधव के साथ है। तब पिता दिल्ली पुलिस के साथ पहुंचे और उसे घर ले आए। इसके बाद माधव मल्लाह पर डकैती का केस लगा और कुसुमा के पिता ने उसकी शादी केदार नाई से कर दी। माधव मल्लाह चंबल के कुख्यात डकैत का साथी था। शादी की खबर पाने के कुछ माह बाद माधव गैंग के साथ कुसुमा के ससुराल पहुंचा और उसे अगवा कर लिया। माधव, उसी विक्रम मल्लाह का साथी था,जिसके साथ फूलन देवी का नाम जुड़ता था। विक्रम मल्लाह की गैंग में रहने के दौरान ही उसे फूलन के जानी दुश्मन लालाराम को मारने का काम दिया गया। लेकिन फूलन से अनबन के कारण बाद में कुसुमा नाइन, लालाराम के साथ ही जुड़ गयी और फिर विक्रम मल्लाह को ही मरवा दिया। इसी कुसुमा नाइन और लालाराम ने बाद में सीमा परिहार का अपहरण किया था, जो कि कुख्यात डकैत के रूप में उभरकर सामने आई थी। साल 1981 में फूलन देवी ने बेहमई कांड को अंजाम दिया था।

चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव में 1982 में लालाराम और कुसुमा का गैंग रूका था। पिथऊपुर के पीछे इस गांव में डकैत अक्सर रहा करते थे। इसकी जानकारी तत्कालीन चुर्खी थानाध्यक्ष केलीराम को हुई, तो वह दबिश देने गांव पहुंच गए। उस समय कुसुमा शीशा लेकर मांग में सिंदूर भर रहीं थी। जैसे ही उसे शीशे में पुलिस दिखी तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में थानाध्यक्ष केलीराम और सिपाही भूरेलाल की मौत हो गई थी। विभिन्न थानों की फोर्स के साथ एसपी जब तक पहुंचे लालाराम, कुसुमा बीहड़ों की ओर भाग गए थे। कुसुमा पुलिस की दो थ्री नाट थ्री राइफल भी लूट ले गई थी। प्रतिशोध की आग में जलने के कारण ही उसने संतोष और राजबहादुर नामक दो मल्लाहों की आंखें निकाल कर बेरहमी की नई इबारत लिख दी थी। पिछले 20 साल से इटावा जेल में उम्रकैद की सजा काट रही कुसमा टीबी रोग से ग्रसित थी। उसकी क्रूरता के किस्से आज भी लोगों के जेहन में हैं।

कुसुमा नाइन ने 2004 में मध्य प्रदेश के भिंड में आत्मसमर्पण किया था। तभी से वह जेल में बंद थी। इस बीच उसे कई बीमारियों ने जकड़ लिया। उम्र का भी असर था। इन सबके बीच बीते दिनों लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान कुसुमा का निधन हो गया। बेहमई कांड के बाद फूलन ने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद बीहड़ में कुसुमा नाइन का दबदबा तो बढ़ा ही। उसने लूट, डकैती और हत्या की दर्जनों घटनाओं को अंजाम भी दिया। वह अपनी क्रूरता के लिए भी कुख्यात थी। जिसमें वह किसी को जिंदा जला देती थी तो किसी की आंखें निकाल लेती थी। साल 1984 में कुसुमा का नाम सुर्खियों में तब आया, जब उसने बेहमई कांड की तर्ज पर 15 मल्लाहों को एक साथ गोली मार दी थी।

## दैनिक पंचांग

**22 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 07.04 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 09.20 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.32 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.43 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.58 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.19 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 22.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.38 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मेष | 01.08 बजे से |
| | | वृष | 02.49 बजे से |
| | | मिथुन | 04.47 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 173 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 17.39 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 16.57 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 14.57 बजे तदनन्तर तैतिल 01.23 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872383 **जूलियन दिन** 2460848.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 25 **विशेष** गौण योगिनी एकादशी, वैष्णव योगिनी एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक | |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक | |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक | |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक | |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक | |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक | |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## सड़क दुर्घटना में राजेश महतो की मौत



**ईचागढ़** : तिरुलडीह थाना क्षेत्र के बड़ालापांग मोड़ के पास शनिवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बागमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनुडीह गांव निवासी करीब 35 वर्षीय राजेश महतो की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, राजेश महतो अपने ससुराल तिरुलडीह थाना क्षेत्र के दारूदा गांव आए हुए थे। शुक्रवार को वे अपने साले सीमंत महतो की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल लेकर बड़ालापांग गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर दारूदा गांव लौटते समय बड़ालापांग मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तिरुलडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की तहकीकात करने और कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होने के कारण हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की हर पहलू पर जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे से मृतक के परिवार में शोक की लहर है। बताया जा रहा है की मृतक राजेश महतो का तीन बच्चा है।

## 25 लीटर अवैध चुलाई शराब व जावा महुआ बरामद



पाकुड़ : ज़िले में शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने पाकुड़ में मुफस्सिल थानान्तर्गत अंतर्गत बेलडांगा स्थित सालबीनी मड़ैया के घर पर छापेमारी की गई। तलाशी के क्रम में 25 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा 1200 अवैध जल मिश्रित जावा महुआ को बरामद किया गया तथा जल मिश्रित जावा महुआ को घटनास्थल पर विनिष्ट किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया।

## जहरीले सांप के काटने से 65 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति हुआ मूर्छित

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक वृद्ध व्यक्ति को जहरीले सांप के काटने से मूर्छित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चानन निवासी स्वर्ग किस मंडल का 65 वर्षीय पुत्र काशी मंडल खेत से आ रहा था। वहीं रास्ते में एक आम का पेड़ के बगल में गड्ढे में पानी भरा हुआ था,उसी के बगल में एक सांप बैठा हुआ था जो वृद्ध व्यक्ति को काट लिया। वहीं घर आने के उपरांत वृद्ध व्यक्ति ने अपने परिजनों को बताया कि सांप काट लिया है। जहां परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।

## महिला के साथ छेड़छाड़ करने को लेकर थाना में केस दर्ज

**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना क्षेत्र के मियाँपाड़ा गाँव में एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला आया है। मामले को लेकर मियांपाड़ा गांव की एक महिला ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस को आवेदन देकर फातेमा बीबी ने गांव के ही नजरूल शेख के ऊपर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाई है।

# डीसी ने बरहेट प्रखंड में विकास योजनाओं का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने आज बरहेट प्रखंड एवं बोरियो, प्रखंड के बंदरकोल, रंगमटिया, बरमसिया, सिंगा एवं गोपलाडीह क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास योजनाओं एवं संस्थानों की वस्तुस्थिति की समीक्षा की।निरीक्षण की शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बोरियो से हुई। डीसी ने छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल आदि सुविधाओं का जायजा लिया। विद्यालय की बाउंड्री वॉल को मजबूत करने हेतु उन्होंने संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद बंदरकोल स्थित आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति पर चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। रंगमटिया 2 में नव-निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए डीसी ने बारिश से हो रहे मिट्टी कटाव को गंभीरता से लिया और तत्काल सुरक्षात्मक उपाय अपनाने का निर्देश दिया। बरमसिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वच्छता की समीक्षा की। वहीं बोरियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक वार्ड, लैब, दवा वितरण केंद्र तथा चिकित्सकों की उपस्थिति की विस्तृत जांच की गई। उन्होंने मरीजों से सीधा संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया और चिकित्सा पदाधिकारियों को जनकल्याण को सर्वोपरि रखने का सुझाव दिया। बरहेट प्रखंड कार्यालय परिसर में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम एवं पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंगा में मध्यम सिंचाई योजना के तहत चल रहे सुधारात्मक कार्यों का निरीक्षण कर उन्होंने जल प्रबंधन और किसानों की सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ बनाने हेतु तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया। गोपलाडीह में नव-निर्मित आयुष्मान भवन का निरीक्षण करते हुए डीसी ने जल्द कार्य पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द करने को कहा। दिनभर के निरीक्षण उपरांत प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने सभी विभागीय कर्मियों एवं योजनाओं से जुड़े अधिकारियों के साथ 15वें वित्त आयोग की योजनाएं, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गमन प्रणाली, पोषण ट्रैकर, महिला समूहों की आयवर्धन गतिविधियाँ एवं रोजगार सेवकों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जनसंवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## प्रखंड के सभी सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों में मनाया गया योगा दिवस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : बोड़ाम और पटमदा प्रखंड कार्यालय सहित सभी पंचायतों, सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस मनाया गया।बोड़ाम पंचायत में मुखिया रूपा सिंह सरदार, पंचयात सचिव बीरेंद्र कुमार पंडित, बीरेंद्र महतो, सेविका प्रभावती महतो, बैजन्ती महतो, स्वयंसेवक दीपक कुमार महतो, गौरी सिंह ग्राम प्रधान राधे श्याम सिह सरदार, बुद्धेश्वर रुहीदास, मनोज रजक, अमित, सुनीति आदि उपस्थित थे। वही पटमदा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एस.एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, पटमदा में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने योग को विद्यार्थी जीवन में आवश्यक बताया। मुख्य अतिथि के रूप में अंचल पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र दास, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू एवं आयुष चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य विवेक त्रिपाठी द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन आदि अनेक योगासनों का अभ्यास कराया तथा उनके लाभों पर विस्तार से जानकारी दी।

## 11 साल बेमिसाल संकल्प सभा का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा** : भारतीय जनता पार्टी, बरहरवा, मंडल मे प्रदेश के निदेर्शानुसार शनिवार आर.बी. पैलेस बरहरवा मे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के₹ 11 साल पूरे होने पर 11 साल बेमिसाल₹ संकल्प सभा के रूप मे आयोजित किया गया है। जिसका अध्यक्षता हमारे मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया, मंच का संचालन मंडल महामंत्री राजकुमार भगत ने किया,जिसमें कार्यक्रम का प्रभारी भाजपा साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्जवल मण्डल उपस्थित हुए। इस अवसर पर कमल कृष्ण भगत, जिला महामंत्री कुसुमाकर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ललिता पासवान, और सभी भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय कोटालपोखर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संपन्न

**बरहरवा** : प्लस टू हाई स्कूल कोटालपोखर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सामूहिक योगाभ्यास किया, जिससे पूरे परिसर में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। योग दिवस को लेकर बीते दस दिनों से विभिन्न गतिविधियाँ और प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई थीं जैसे कि योग प्रदर्शन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, चित्रकला आदि। आज मुख्य समारोह में इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने अपने प्रेरणास्पद वक्तव्य में योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला और सभी को इसे अपनी दिनचर्या में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी और शिक्षकों का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा।

# डीडीसी ने जन-मन एवं अबुआ को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/तालझारी** : उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने शनिवार को तालझारी प्रखंड सभागार में आवास प्रभारी सहित आवास से संबंधित पदाधिकारियों के साथ जन-मन एवं अबुआ आवास को लेकर पंचायत वार समीक्षा किया गया। उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कड़ी निर्देश देते हुए कहा है जन-मन योजना के तहत जिन लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया वैसे लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर प्रथम किस्त के अनुसार कुर्सी तक आवास निर्माण को करना सुनिश्चित करेंगे। वही अबुआ आवास योजना के तहत जिन्हें प्रथम किस्त का भुगतान होने के पश्चात भी कार्य करने रूचि नहीं ले है वैसे लाभुकों को एक और सप्ताह के अंदर कार्य को प्रारंभ कर आवास कार्य में गति लाते हुए प्रथम किस्त के अनुसार कार्य को पुर्ण करना सुनिश्चित करें। जिन लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया है वैसे लाभुको की 15 दिनों के अंदर आवास को पूर्ण करने का कड़ी निर्देश दिया गया। बताया गया कि जन-मन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत कुल 1784 लाभुकों का सेंक्शन किया गया जिसमें 1281 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान किया गया जिसमें 411 ऐसे लाभुक जो प्रथम किस्त का राशि लेने के पश्चात आवास कार्य शुरू नहीं किया। मौके पर बीडीओ सह सीओ राम सुमन प्रसाद, जिला आवास कोर्डिनेटर सुमित कुमार, प्रखंड आवास कोर्डिनेटर मो इम्तियाज सहित आवास प्रभारी मौजूद थे।

## 39 चयनित योग प्रशिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़** : ज़िले में शनिवार को मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस। धरती आबा अभियान के तहत योग के प्रति जनजागरूकता प्रसार के लिए योग जागरुकता रथ को उपायुक्त व उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि 'योग एक, पृथ्वी एक' स्वास्थ्य के प्रेरणादायी संदेश के साथ यह रथ सभी विकासखंडों में जाकर योग के प्रति जनजागरूकता प्रसार के साथ ही लोगों को योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित करेगा। इससे पूर्व उपायुक्त व उप विकास आयुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के द्वारा निर्वाचन वाटिका में पौधारोपण किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर साहेबगंज में भव्य योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन, साहेबगंज के तत्वावधान में शनिवार सुबह फूलों झानो इंडोर स्टेडियम में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग से निरोग जीवन की परिकल्पना को साकार करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पारंपरिक विधियों के साथ हुआ। इस अवसर पर डीसी हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक (आईटीडीए) संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत सहित अनेक जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों को ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, भुजंगासन, प्राणायाम एवं ध्यान जैसे विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं योगाभ्यास में भाग लेकर लोगों को नियमित योग को जीवनशैली में शामिल करने का प्रेरणादायक संदेश दिया। डीसी हेमंत सती ने कहा कि ह्लयोग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। हमें इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।ह्व वहीं उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लयोग जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है एवं शरीर को रोगों से दूर रखता है। युवाओं को विशेष रूप से मोबाइल और टीवी से समय निकालकर योग को अपनाना चाहिए।ह्व इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, विद्यालयों एवं विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्य कर्मियों एवं ग्रामीणों की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को योग को अपने जीवन में अपनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संदेश दिया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन ने साहेबगंज जिले में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण निर्मित किया है, जिससे आने वाले समय में योग के प्रति जन जागरूकता और भी सुदृढ़ होने की आशा है।

संक्षिप्त खबरें

## प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप्स, सुब्रतो कॉप फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**पटमदा** : दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय फर्स्ट लिटिल चैंप्स, सुब्रतो कॉप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड संसाधन केंद्र,पटमदा मैदान में हुआ। प्रतियोगिता के तहत अंडर 12 बालक एवं बालिका , अंडर 15 केवल बालक वर्ग का आयोजन हुआ। अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता सोमवार को होगी। आज आयोजित खेल का उद्घाटन पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा के द्वारा फुटबॉल पर किक मारकर किया गया। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए टीमों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला । अंडर 12 बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय गाड़ीग्राम का टीम विजेता तथा प्राथमिक विद्यालय घोषडीह का टीम उपविजेता रहा। वहीं अंडर 15 बालक में उत्क्रमित विद्यालय धूसरा विजेता तथा उत्क्रमित विद्यालय ओपो उपविजेता रहा। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को अवनी कुमार महंती तथा शकुंतला महतो के द्वारा ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड स्तरीय खेल के विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए खेल शिक्षक राहुल कुमार, महेश द्विवेदी, बीआरपी अबनी कुमार महंती ,बीपीओ शकुंतला महतो, अरविंद कुईला, प्रबोध कुमार महतो, अजीत कुमार, अम्ब्रेश कुमार ,रामपद महतो,राज नारायण दत्त, रमेश तिवारी, प्राणकृष्ण कुंभकार, मधुमिता गोराई, बासुदेव महतो, अमीय दत्त, पंचानन महतो ,अजय कुमार सिंह ,पशुपति महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

## 12वीं कक्षा के स्थानांतरण एवं 11वीं में नामांकन पर रोक के खिलाफ चला ईमेल अभियान

**ईचागढ़** : शनिवार को इंटरमीडिएट बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले झारखंड के अंगीभूत महाविद्यालयों से 12वीं की पढ़ाई को स्थानांतरित करने एवं 11वीं के नामांकन पर रोक के खिलाफ आज राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री को विरोध स्वरूप व्यापक ईमेल भेजा गया है। यह अभियान सरकार के अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ छात्रों के चरणबद्ध आंदोलन का पहला कदम है। कोल्हान प्रमंडल के छात्रों ने अपनी ईमेल के माध्यम से स्पष्ट रूप से मांग की है कि जब तक पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित नहीं हो जाती, तब तक महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट के दाखिले जारी रखे जाएं। छात्र प्रतिनिधि शुभम कुमार झा ने कहा कि सरकार बिना सोचे-समझे और बिना समुचित ढाँचागत तैयारी के जो कदम उठा रही है, उससे हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। आज विमेंस कॉलेज की छात्राओं द्वारा जिला मुख्यालय में जो आंदोलन किया गया हम उसका समर्थन करते हैं साथ ही आज का यह ईमेल अभियान न केवल छात्रों के आक्रोश को दर्शा रहा है, बल्कि सरकार पर इस जनविरोधी फैसले पर पुनर्विचार करने का दबाव बनाने की एक महत्वपूर्ण कोशिश भी है। छात्रों ने सैकड़ों की संख्या में ईमेल करते हुए यह साफ कर दिया है कि वे अपने भविष्य के साथ किसी भी तरह के खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेंगे और उनकी मांग पूरी ना होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक का दोनों पैर कट कर अलग



**साहिबगंज**: ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक का दोनों पैर काटकर शरीर से अलग हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जमालपुर जिला मुंगेर (बिहार) के रहने वाले राकेश कुमार उम्र 32 वर्ष पश्चिमी रेलवे फाटक के पास चलती बर्दमान लोकल ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसल कर पटरी के नीचे आ गया जिससे दोनों पैर ट्रेन से कट कर अलग हो गया। वहीं राहगीरों की मदद से 108 नंबर पर कॉल करके एंबुलेंस को सूचना दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर केशव कृष्णा के द्वारा उक्त युवक का इलाज किया जा रहा है। उक्त युवक की हालत बहुत ही गंभीर और नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई है।

## स्कॉर्पियो असंतुलित होकर सड़क किनारे जाकर खेत में मारी पलटी



**साहिबगंज/बरहेट**: थाना क्षेत्र के बरहेट लिट्टीपाड़ा मुख्य सड़क अंतर्गत हाड़वाडीह स्थित एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो शनिवार को असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में जाकर पलटी मार दिया जिससे स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उधर घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने स्कार्पियो चालक को गाड़ी से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। उधर ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो बरहेट से पश्चिम बंगाल आसनसोल की ओर जा रहा था इसी दौरान स्कॉर्पियो असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में पलटी मार दिया। उधर मामले की जानकारी मिलने के बाद बरहेट थाना क्षेत्र की पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई थी।

## महिला ने गले में फंदा डालकर की आत्महत्या

**साहिबगंज/राजमहल**: थाना क्षेत्र अंतर्गत नया बाजार मोहल्ले में शुक्रवार की देर शाम एक 50 वर्षीया महिला ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सुधीर रजक की पत्नी द्रौपदी देवी 50 वर्षीया का शव घर के पीछे आम बगीचा में आम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतिका के बेटे पंकज कुमार ने बताया कि उनके पिता दिव्यांग है और मैं काम करने गया था। शाम को जब घर लगभग 6:30 बजे लौटा तो मां घर पर नहीं थी, पत्नी से पूछा तो बताई कहीं आसपास गई होगी। काफी देर होने के बाद मां को खोजने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। तब तक कुछ देर के बाद बगीचे में कुछ लोगों की नजर लटकते हुए द्रौपदी देवी पर पड़ा और इसकी सूचना परिवार वालों को दिया गया, सूचना मिलते ही परिवार वालों एवं मोहल्ले के लोगों की मदद से तुरंत लटकते हुए द्रौपदी देवी को उतारा गया और आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## राधानगर थाना में महिला के साथ तीन लोगों पर मारपीट को लेकर केस दर्ज


**साहिबगंज/उधवा**: राधानगर थाना क्षेत्र के खासपुरा गांव में एक महिला के साथ मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर थाना पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार अफसाना बीबी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में तौकिल शेख, रस्कूल शेख और रबिउल शेख तीनों पिता सरफुद्दीन शेख पर मारपीट और गलत नीयत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# डॉक्टर फ्लैट पर चला रहा था सेक्स रैकेट

**उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं आपत्तिजनक हालत में पकड़ी गई, लुकआउट नोटिस जारी है**






**लखनऊ।** डॉक्टर के फ्लैट से 2 विदेशी महिलाएं पकड़ी गईं। इनमें से एक के खिलाफ उज्बेकिस्तान से लुकआउट नोटिस भी जारी है। ये बिना वीजा और पासपोर्ट के भारत में रह रही थीं।

महिलाओं की पहचान बदलने के लिए डॉक्टर ने उनकी प्लास्टिक सर्जरी की थी। सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात ओमेक्स न्यू हजरतगंज की पांचवीं मंजिल के फ्लैट नंबर-527 में छापा मारा। यहां दो विदेशी महिलाएं रह रही थीं। उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि वे उज्बेकिस्तान से हैं। उन्हें डॉ. विवेक गुप्ता ने फ्लैट में जगह दी थी। पुलिस ने इस मामले में डॉक्टर विवेक समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से डॉक्टर विवेक गुप्ता गायब हैं। उनके क्लिनिक के कर्मचारियों का कहना है कि शहर से बाहर हैं, सोमवार को लौटेंगे। पुलिस का कहना है कि सेक्स रैकेट की जानकारी नहीं है। जांच चल रही है, इसके बाद ही कुछ साफ होगा।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि लोला कायूमोवा नाम की उज्बेकिस्तान की महिला इन लोगों महिलाओं को भारत लेकर आई थी। उसने अर्जुन राणा से महिलाओं को मिलवाया था। अर्जुन के माध्यम से पत्रकारपुरम निवासी डॉक्टर विवेक के संपर्क में आईं। इसके बाद डॉक्टर विवेक ने दोनों की प्लास्टिक सर्जरी करके पहचान बदली। इसके बाद दोनों डॉक्टर के फ्लैट में रहकर एक स्पा सेंटर में नौकरी करने लगीं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि डॉक्टर ने अब तक प्लास्टिक सर्जरी करके कितने लोगों का चेहरा बदला है। विदेशी दस्तावेज न होने के चलते भारी रकम भी ली थी। डॉक्टर ने महिलाओं के चेहरे में मामूली बदलाव करता था, जिससे वो विदेशी न लगें। इसी वजह से वे आसानी से यहां रह रही थीं। महिलाओं की गैंग लीडर उज्बेकिस्तान की लोयोला है। यहां उसने अर्जुन से शादी कर ली है। लखनऊ में चोरी-छिपे रह रही है। दोनों महिलाओं ने पुलिस को बताया कि दो साल पहले भारत आने के बाद उनके पासपोर्ट और वीजा कहीं खो गए थे। पुलिस में शिकायत भी की थी। उस समय भी लोला कायूमोवा और त्रिजिन राज उर्फ अर्जुन राणा ने उनकी मदद की थी। लोला कायूमोवा भारत में कई सालों से अवैध रूप से रह रही है। उसी के सहयोग से हम दोनों और हमारे अन्य साथी भारत आए। पुलिस यह पता लगा रही है कि लोला की मदद से कितने लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। सुशांत गोल्फ सिटी के ही एक स्पा सेंटर में मार्च 2025 में छह थाई महिलाएं पकड़ी गई थीं। उनके पास वर्क वीजा नहीं था। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्काई लाइन प्लाजा स्थित ब्लू बेरी थाई स्पा प्राइवेट लिमिटेड में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। पुलिस ने छापेमारी की तो स्पा में छह थाई महिलाएं मिलीं। जांच में पता चला कि इन महिलाओं के पास सेल-परचेज ट्रेड एक्टिविटी का वीजा था, लेकिन एम्प्लॉयमेंट या वर्क वीजा नहीं था। महिलाएं स्पा सेंटर में ही रह रही थीं, लेकिन उनके पास न तो रेंट एग्रीमेंट था और न ही फॉर्म-सी से संबंधित कोई दस्तावेज। स्पा में मौजूद मैनेजर नुचनार्ट टुंगक्राथोक ने बताया कि कंपनी की मुख्य डायरेक्टर सिमरन सिंह वाराणसी में रहती हैं। वह कभी-कभी लखनऊ आती हैं। एसीपी मोहनलालगंज ने बताया कि जांच में पाया गया कि स्पा के डायरेक्टर ने बिना किसी लिखित सूचना के विदेशी महिलाओं को न केवल ठहराया, बल्कि बिना एम्प्लॉयमेंट वीजा के उनसे काम भी करवाया। पुलिस ने स्पा प्रबंधन से विदेशी नागरिकों के बारे में पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले में पुलिस ने स्पा सेंटर के मैनेजर पर मुकदमा दर्ज किया था।

## रंग पाठशाला के समापन अवसर पर हुआ रामलीला मंचन



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित लिन्ह - सन बुद्धिस्ट इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर में संस्कृति विभाग के भारतेंदु नाट्य अकादमी व वाइटल केयर फाउंडेशन कुशीनगर द्वारा आयोजित सात दिवसीय रंग पाठशाला का समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि रंग पाठशाला कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कारी बनाना है। रंगशाला के दौरान प्रशिक्षक शिवम प्रताप सिंह ने बच्चों को रंगशाला में परशुराम लक्ष्मण संवाद, राम वन गमन, केवट संवाद, भरत मिलाप, शबरी के झूठे बेर, ताड़का बध, सीता हरण और रावण बध आदि का रामलीला मंचन सिखाया था। जिसकी प्रस्तुति बच्चों ने अन्तिम दिन किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि रामलीला से हमें राम के आदर्शों को जानने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की शुरूआत नटराज देव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। संचालन हिमांशु शर्मा ने किया। इस दौरान अनिल कुमार मल्ल, आशीष शर्मा, अमन यादव, सत्यम कुमार, कृष्णा सिंह, अंकित द्विवेदी, रुपेश कुमार, आदित्य शर्मा, दुर्गेश शर्मा, आदित्य शर्मा, आलोक शर्मा मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने स्वच्छता को लेकर मातहतों को निर्देश दिए

संवाददाता

**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर के सभागार में नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ नपं अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने बैठक की और नगर की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। बैठक में बरसात से पहले जलनिकासी के लिए नालियों की सफाई पर जोर दिया गया।इससे संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही लापरवाही की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया गया। अध्यक्ष श्री शाही ने कहा कि स्वच्छता सरकार की प्राथमिकता है। बरसात में जलभराव व गंदगी से संक्रामक बीमारी फैलती है। जिसका असर स्वास्थ्य पर पड़ता है।



इसकी रोकथाम के लिए उपनगर को साफ सुथरा रखना होगा। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। ईओ अमित कुमार सिंह ने कहा कि नपं क्षेत्र में अभियान चलाकर जलनिकासी व स्वच्छता की जांच होगी। इसके लिए क्षेत्रवार सफाई नायक बनाए गए हैं। जिस क्षेत्र से अधिक शिकायत मिलेगी वहां के सफाई नायक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान कमलेश वर्मा, जेपी सिंह, रामसेवक सिंह, विवेक कुमार सिंह उर्फ गोलू, अब्बास सिद्दीकी, रमेश पासवान, वरिष्ठ लिपिक शुभम मिश्रा, राकेश राय, रंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अहिरौली बाजार शिव मंदिर पर योग शिविर का आयोजन



संवाददाता

**कुशीनगर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शनिवार को हाटा विकास खण्ड के अहिराली बाजार चौराहे पर स्थित शिव मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योग गुरु सत्येंद्र मिश्र ने योग साधकों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, बज्रासन, मण्डूकासन, नौकासन आदि का अभ्यास कराया और निरोगी शरीर हेतु नियमित रूप से योग को जीवन में शामिल करने को कहा। इस अवसर पर नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, उपेंद्र मिश्र, संकट मोचन सेवा समिति अध्यक्ष अमर गुप्ता, देवानंद गौड़, अतुल मिश्र, पिंटू गुप्ता, महातम शर्मा, रमाकांत जायसवाल, विशाल गुप्ता, रामजी गुप्ता, श्रवण गुप्ता, अशोल पटेल, राजेश जायसवाल, चंचल गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योग गुरु सत्येंद्र मिश्र के जन्मदिन पर मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया।

## स्वस्थ तन व मन के लिए करें योगः विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा

संवाददाता

**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर फाजिलनगर विकास खंड के विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षण संस्थानों में शनिवार सुबह योग अभ्यास और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्र के पचरुखिया में विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में लोगों ने योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ तन व मन के लिए बेहद जरूरी है। इसे अपनाकर हम कई रोगों से मुक्ति पा सकते हैं।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र,विनोद पांडेय, शिवनारायण शर्मा, ग्राम प्रधान सुरेश कुशवाहा, सुचिता शर्मा आदि मौजूद रहे। नगर पंचायत कर्मियों ने नगर पंचायत के नौका बिहार पर नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही के नेतृत्व में, भाजपा कार्यकताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता रामबृक्ष गिरी के नेतृत्व में, भठही खुर्द स्थित एसटीएनटी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में प्राचार्य कलीम



अली के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। पीएनएम इंटर कॉलेज में योग दिवस कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मिलाकर लगभग सवा दो सौ लोग शामिल हुए।

प्रधानाचार्य डॉ. अक्षयबर पांडेय ने कहा कि योग व्यक्ति के परम लक्ष्य की प्राप्ति का प्रमाणिक साधन है। यह केवल शारीरिक क्रिया ही नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन और अध्यात्म से गहराई से जुड़ा हुआ जीवन पद्धति है। उन्होंने योग की महत्ता और इसके दैनिक जीवन में उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। नारायनपुरकोठी स्थित जितेंद्र स्मारक इंटर कॉलेज में भी योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अजयनाथ त्रिपाठी ने योग के महत्व पर बोलते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त करता है।उन्होंने विद्यार्थियों को इसे नियमित जीवनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। इस अवसर पर शिक्षकों में विनोद कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुशवाहा, दुर्गेश यादव, प्रवीण कुमार, श्रवण कुशवाहा, पंकज, प्रवीण कुशवाहा , विपुल यादव समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इण्टरमीडिएट कालेज जौरा बाजार में प्रधानाचार्य रामू चौधरी के नेतृत्व में शिक्षकों विपीन बिहारी, अंशुमान चतुर्वेदी, इरशाद अंसारी, दयानंद तथा पौहारी सिंह आदि ने योगाभ्यास किया।

## बुद्ध स्थली पर हजारों ने योग किया, दिया स्वस्थ्य रहने के संदेश

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** विश्व योग दिवस पर बुद्ध स्थली कुशीनगर में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर महा परिनिर्वाण मंदिर परिसर में हजारों लोगों ने योग किया और स्वास्थ्य रहने के संदेश दिए।

शनिवार आयोजित योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद कुशीनगर विजय कुमार दूबे, विधायक पीएन पाठक, राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय अपर आयुक्त प्रशासन गोरखपुर मंडल नोडल अधिकारी, कुंवर बहादुर सिंह, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विजय कुमार दूबे ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विद्या है। 11 वर्ष पूर्व विश्व योग दिवस की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। जिसे विश्व के सभी देशों ने मान्यता दी। योग भारत की प्राचीन विद्या है। स्वस्थ्य और निरोग काया के लिए योग करें, प्रसन्न रहे। सांसद श्री दूबे ने कुशीनगर के विकास की चर्चा की।

योग प्रशिक्षक अनुज झिन्झरिया, आशीष पांडेय, तुषार बोस, ध्रुव नारायण त्रिपाठी, कुमारी नेहा सैनी,




कुमारी अदिति सिंह ने अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विशिष्ट जनों को सूर्य नमस्कार, अनुलोम, विलोम, कपाल भाती, शीर्षासन, मयूर आसान, नेति क्रिया आदि योग कराए और योग के फायदे बताए। आए हुए अतिथियों का स्वागत कुशीनगर विधायक पी एन पाठक व आभार व्यक्त जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजक जिला आयुर्वैदिक एवं यूनानी अधिकारी दयाशंकर वर्मा रहे । मंच का संचालन डॉ मनंजय तिवारी ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, एसडीएम कसया आशुतोष कुमार, शैलेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी मनीष गुप्ता, डीपीओ विनय कुमार, सहायक अधीक्षण पुरातत्व अधिकारी राजेश यादव, प्रधानाचार्य उमेश सिंह, पुरातत्व अधिकारी शादाब खान, पर्यटन सूचना अधिकारी प्राण रंजन, नीरज बंका, डीसी मनरेगा, डीडीओ, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, रोटरी क्लब अध्यक्ष वाहीद अली, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सचिव अजय सिंह, विजय सिंह, रूपम सिंह, शशि प्रभा पांडेय, आद्या पांडेय, शैलेश त्रिपाठी, भगवंत सिंह, अनिल प्रताप राव, सभासद पी एन सिंह, देवेंद्र यादव, सचिन पाठक, शिक्षक गण, स्काउट गाइड, योग टीचर सहित आयुष चिकित्सक डॉ संतराम मौर्य, डॉ धर्मवीर भारती, डॉ.नीरज सिंह, डॉ आजाद, डॉ श्याम बिहारी, योग आचार्य डॉ.आदित्य कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

**संक्षिप्त डायरी**

## कत्ल के गुनाहगार को उम्रकैद की सजा के साथ हुआ पचास हजार का जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र के लहरा में 14 फरवरी 2018 को पूजा नामक शादी शुदा महिला की उसकी ससुराल में गोली मारकर कत्ल किये जाने के मामले में मृतिका के पिता विश्वनाथ सिंह की कुरारा थाने में लिखित तहरीर पर देवर शेखर सिंह कछवार, ससुर रणविजय सिंह सहित सास कमलेश सिंह के खिलाफ मु0अ0सं0-27/2018 धारा302,323,504 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर की अपर जिला, सत्र फर्स्ट के स्कालर जज प्रहलाद सिंह सेकेंड,



एडीजीसी- चन्द्र प्रकाश गोस्वामी

की अदालत ने अभियुक्त शेखर सिंह कछवार को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही पचास हजार रुपये का किया जुमार्ना, जबकि मामले के बाकी दो अभियुक्त रणविजय सिंह और कमलेश को बेगुनाह मानते हुये रिहा किया गया। जबकि कत्ल के इस मामले की जांच इंस्पैकटर संगम मिश्रा ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वही अभियोजन की तरफ से एडीजीसी चन्द्र प्रकाश गोस्वामी ने कत्ल के इस मामले की जोरदार पैरवी करते हुये अपनी दमदार दलीलों से बचाव पक्ष की दलीलों को कमजोर साबित कर अभियुक्त शेखर सिंह कछवार को उम्रकैद की सजा के साथ ही पचास हजार का जुमार्ना कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

## संविधान बचाओ रैली आयोजन के लिए कांग्रेस ने बनाई कमेटी

संवाददाता

**कसया।** कांग्रेस पार्टी के निर्देश तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर होने वाली संविधान बचाओ रैली के आयोजन के लिए विधानसभा वार आयोजक कमेटी का गठन किया गया है। कांग्रेस जिलाअध्यक्ष कुशीनगर रविन्द्र विश्वकर्मा राधे ने जारी पत्र में बताया है कि आयोजन के लिए विधानसभा वार आयोजक कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें तमकुही राज विधानसभा में प्रभु गुप्ता, सहाबुद्दीन अंसारी, जेबी सिंह, वकील गुप्ता, इद्रीस अंसारी, छोटे लाल यादव, फाजिलनगर विधानसभा में नागेंद्र सिंह, पलटन यादव, विनोद यादव, हरिकेश्व पांडेय, जफरुल्लाह बाबू, कुशीनगर विधानसभा में राधाकृष्ण शर्मा, अमित मिश्रा, अंशुमणि त्रिपाठी, श्रीमती वृन्दा प्रजापति, अमिय उपाध्याय, भानु प्रताप, हाटा विधानसभा में अमरेंद्र मल्ल, रविंद्र प्रसाद, अरशद खान, अश्विनी मिश्रा, अभयशंकर मणि, अनूप शर्मा, पडरौना विधानसभा , ऋषिकेश मिश्रा, मोहम्मद जहीरुदीन, अब्दुल हमीद, श्रीमती शबनम खातून, आर्यन बाबू, रामकोला विधानसभा में स्वामीनाथ यादव, सरोज गौतम, सीताराम प्रधान, जय गोविंद राव,प्रवीण सिंह, छोटेलाल भारती, खड्डा विधानसभा में धनंजय सिंह, अफताब आलम, दीपक मल्लहार, अनिरुध कुशवाहा, अनिरुध गुप्ता विधानसभावार कमेटी में शामिल किए गए हैं। श्री विश्वकर्मा ने विधानसभाओ के संयोजकों से प्रत्येक विधानसभा में संविधान बचाओ रैली की तैयारी 23 जून तक सुनिश्चित करने को कहा है ताकि 24 जून से 30 जून के बीच कार्यक्रम संपन्न हो सके।

## नेकी:रेडहिल्स ग्रुप के चेयरमैन आलमगीर अंसारी के पुत्र साहिल ने दी रवि के परिजनों को दी सहायता

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विधानसभा अंतर्गत कनौरा बाजार हत्याकांड के पीड़ित परिवार को रियल स्टेट की प्रसिद्ध कंपनी रेडहिल्स ग्रुप के चेयरमैन और दानवीर आलमगीर अंसारी ने आर्थिक सहायता प्रदान की। विगत दिनों कनौरा बाजार में जमीनी विवाद में रवि यादव की मौत हो गई थी। मृतक रवि यादव का परिवार बहुत ही गरीब है। रवि ही परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। जिसकी मौत



के बाद परिवार सदमें में है। शनिवार को सीएमडी श्री अंसारी के प्रतिनिधि उनके पुत्र साहिल अंसारी कनौरा पीड़ित के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी और पीड़ित परिवार के साथ हर सुख दुख में खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिपंस डॉ.शुभम यादव, जिपंस और प्रधान अमरेश यादव, पूर्व प्रधान नगई यादव, बीडीसी श्रवण गुप्ता, समाजसेवी सुनील परवाना, बीडीसी धर्मेन्द्र यादव, बीडीसी बदरुद्दीन अली, रामाशीष यादव, डॉ. एसके यादव, निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष सपा रविन्द्र प्रसाद, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव आफताब खान साहब, सूफियान शेख, पूर्व प्रधान रंजय द्विवेदी, पूर्व प्रधान विपिन यादव, हरेराम यादव, शमशुल हक, शेख कुतुबुद्दीन, शौकत, सिद्दीकी साबिर अली सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बुलंदशहर में एक लाख का इनामी डकैत एनकाउंटर में ढेर

**बुलंदशहर।** यूपी एसटीएफ ने बुलंदशहर में एक लाख के इनामी डकैत विनोद गड़ेरिया को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। एसटीएफ नोएडा यूनिट और डकैत के बीच शुक्रवार की देर शाम बुलंदशहर के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। जवानों ने उसे सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उसने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। ख्ळ्ळ्रजवानों ने खुद को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की। इसी दौरान गोली लगने से विनोद गड़ेरिया घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। 12 घंटे के भीतर यूपी पुलिस ने आज दो बदमाश को मार गिराया। शुक्रवार तड़के फिरोजाबाद में पुलिस ने 50 हजार का इनामी राजू खान को एनकाउंटर में ढेर किया था। वहीं, मार्च 2017 से मई 2025 तक यूपी में 228 बदमाश एनकाउंटर में मारे गए हैं। जबकि 18 पुलिसकर्मी शहीद हुए। विनोद 2006 से अपराध की दुनिया में था। उसके खिलाफ डकैती, हत्या और लूट जैसे 40 से ज्यादा मुकदमे मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत के थानों में दर्ज हैं। 2012 में दर्ज एक डकैती केस में कोर्ट ने उसे 7 साल की सजा भी सुनाई थी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई कर रही है।फरवरी 2025 में मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थाना क्षेत्र में पुलिस और क्राइम ब्रांच की गैंग से मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी अजयपाल उर्फ अजयबीर ढेर कर दिया गया था। लेकिन विनोद गड़ेरिया और उसका साथी संदीप मौके से फरार हो गए थे। STF और पुलिस की टीमें विनोद गड़ेरिया की तलाश में लगी थीं। विनोद शामली और उसका साथी संदीप मुजफ्फरनगर के सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भंडूर का रहने वाला है। विनोद गड़ेरिया गैंग में कुल 15 डकैत हैं। ये गैंग दिन में गांवों और शहर के बाहरी इलाकों में बने मकानों की रेकी करते हैं।

# तेजप्रताप-ऐश्वर्या मामले सुनवाई दो दिन पहले तेज प्रताप ने लिखा मेरी भूमिका न्यायालय तय करेगी

---शुरूआत तुमने की अंत मैं करूंगा---

**पटना।** लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव और ऐश्वर्या राय के तलाक मामले की सुनवाई आज सिविल कोर्ट में प्रिंसिपल जज करेंगे। इससे पहले RJD की राज्य परिषद की मीटिंग के बाद तेजप्रताप ने पर लिखा कि- 'मेरी खामोशी को मेरी कमजोरी समझने की भूल करने वालों, ये मत समझना कि मुझे तुम्हारी साजिशों का पता नहीं, शुरूआत तुमने की है अंत मैं करूंगा। झूठ और फरेब के बनाए इस चक्रव्यूह को तोड़ने जा रहा हूं,तैयार रहना सच सामने आने वाला है,मेरी भूमिका मेरी प्यारी जनता और माननीय सर्वोच्च न्यायालय तय करेगी, कोई दल या परिवार नहीं। बता दें अनुष्का यादव के साथ फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद लालू यादव ने 26 मई को तेजप्रताप को पार्टी और परिवार से निकाल दिया था। पटना के ज्ञान भवन में RJD की राज्य परिषद की बैठक में भी उन्हें नहीं बुलाया गया। यह RJD की पहली बड़ी मीटिंग थी जिसमें तेजप्रताप नहीं थे। बता दें 22 दिन पहले सिविल कोर्ट में तलाक मामले की सुनवाई हुई थी। तब तेजप्रताप के वकील जगन्नाथ सिंह ने बताया था कि ऐश्वर्या राय के वकील ने 4 सप्ताह का समय मांगा है, लेकिन हमने कहा कि 2 सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाए, इस पर जज ने अगली सुनवाई की तिथि 21 जून निर्धारित की है। एक तरफ तलाक मामले की सुनवाई होनी है दूसरी तरफ ऐश्वर्या ने मीडिया के सामने आकर लालू परिवार से सामाजिक न्याय की गुहार लगाई थी। ऐश्वर्या ने यह भी सवाल उठाया था कि जब तेजप्रताप दूसरे के साथ 12 साल से रिलेशनशिप में हैं तो फिर मुझसे शादी क्यों की ? एक तरफ ऐश्वर्या ने न्याय की गुहार लालू परिवार से लगाई तो दूसरी तरफ अनुष्का के भाई आकाश ने भी लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से न्याय की गुहार लगाई थी। तेजप्रताप और ऐश्वर्या की शादी 12 मई 2018 को हुई थी। तेजप्रताप पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और रबड़ी देवी के बेटे हैं, जबकि ऐश्वर्या चंद्रिका राय की बेटी और पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पोती हैं। शादी के बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद ने अपने समधी चंद्रिका राय को सारण से टिकट दिया, लेकिन वह हार गए। वह 2019 का ही समय था जब ऐश्वर्या ने आरोप लगाया था कि राबड़ी देवी ने मुझे बाल खींचकर मारा है, राबड़ी आवास में गार्ड ने भी मुझे मारा है। राबड़ी देवी ने मेरा फोन छीन लिया। मां-बाप को जलील कर रहे हैं। इसके बाद चंद्रिका राय और उनकी पत्नी दल-बल के साथ राबड़ी देवी के आवास पर पहुंच गए थे। तेजप्रताप यादव ने भी ऐश्वर्या पर आरोप लगाए थे।







## संक्षिप्त डायरी

### मोकामा-बेगूसराय सिक्स लेन ब्रिज के साइड स्लोप में दरार



**पटना।** जिले के मोकामा (औंटा) से बेगूसराय के सिमरिया तक बने सिक्स लेन ब्रिज में समस्या सामने आई है। ब्रिज के एप्रोच रोड के साइड स्लोप और कम्बेकमेंट में दरारें दिखाई दी हैं। इंजीनियर अमित कुमार ने इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह साइड स्लोप के सेटलमेंट की सामान्य प्रक्रिया है। जिओ एक्सेल के इस्तेमाल के बाद ऐसी दरारें आना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में दो-तीन साल तक ऐसी दरारें आती रहेंगी। इनकी मरम्मत नियमित रूप से की जाएगी। इंजीनियर सुमित सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि नए निर्माण में यह एक सामान्य प्रक्रिया है। 15 साल के रखरखाव में ऐसी दरारें आती रहेंगी। समय-समय पर इनकी मरम्मत होती रहेगी। सड़क की मजबूती पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पुल कुल 8.15 किलोमीटर लंबा है। इसमें 1.865 किलोमीटर का मुख्य पुल और 6.285 किलोमीटर का एप्रोच रोड शामिल है। पुल का उद्घाटन अभी नहीं हुआ है। फिलहाल ट्रायल के तौर पर इसे यातायात के लिए खोला गया है। इस पुल के चालू होने से राजेंद्र सेतु पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। साथ ही उत्तर बिहार के दरभंगा, समस्तीपुर, सहरसा, मधुबनी और दक्षिण बिहार के लखीसराय, शेखपुरा, जमुई, नवादा, गया जैसे जिलों के बीच आवागमन आसान होगा।

### चाची ने भतीजे से की शादी,कहा-बेटी रख ले पहला पति



**जमुई।** में एक महिला ने पति की मौजूदगी में भतीजे से मंदिर में दूसरी शादी कर ली। महिला की पहली शादी 2021 में विशाल दुबे से हुई थी। वह एक बेटी की मां भी है, जो अब 4 साल की है। महिला पटना के राजीव नगर की रहने वाली है। शादी के दो साल बाद आयुषी की नजदीकियां रिश्ते में भतीजा लगने वाले पड़ोसी सचिन दुबे से बढ़ गईं। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए हुई थी और धीरे-धीरे यह रिश्ता प्रेम में बदल गया। 15 जून को आयुषी अपने पति और बेटी को छोड़कर सचिन के साथ घर से फरार हो गई। इसके बाद विशाल दुबे ने टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच के दौरान दोनों प्रेमी सामने आए। इसके बाद गांव के शिव मंदिर में ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों ने विवाह कर लिया। आयुषी ने पहले पति पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। उसने कोर्ट में तलाक की अर्जी भी दी है। साथ ही उसने अपनी बेटी को भी पहले पति के हवाले कर दिया है। सचिन दुबे ने कहा, 'हम दोनों दो साल से एक-दूसरे से प्यार करते हैं। अब हमारे रिश्ते को नाम मिल गया है। मैं आयुषी को जीवनभर खुश रखूंगा।' पहले पति विशाल दुबे ने कहा, 'अगर आयुषी की खुशी इसी में है तो मैं उसे रोकूंगा नहीं, लेकिन उस पर लगाए गए प्रताड़ना के आरोप झूठे हैं। उल्टा वह मेरी मां और बेटी से दुर्व्यवहार करती थी। अब से उसकी जिम्मेदारी सचिन की है।

### 6 धुर जमीन को लेकर मारपीट 6 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया



**पटना।** के मारूफगंज मंडी में शाम को 6 धुर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज शनिवार की सुबह आया है। पहले भी कई बार विवाद एक पक्ष के प्रभात कुमार ने बताया कि विवादित जमीन की रजिस्ट्री वर्षों पहले उनके नाम हुई थी। दूसरा पक्ष अब इस जमीन पर अपना दावा कर रहा है। इस मामले में पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। थाने में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दूसरे पक्ष के करीब छह लोग लाठी-डंडे और चाकू लेकर मारूफगंज मंडी स्थित प्रभात की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने हमला कर दिया है। इसमें प्रभात के परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। मालसलामी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से शिकायत मिली है। पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटनास्थल थाने से मात्र 300 मीटर की दूरी पर है। मारूफगंज मोड पर नियमित पुलिस गश्त के बावजूद यह घटना हुई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

## 40.35 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**पूर्णिया।** के के.नगर थाना की पुलिस ने 40.35 ग्राम स्मैक के साथ 2 तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर विशु बाबा स्थान स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग दौरान कार्रवाई की है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से बीआर 11 एडी 8847 रजिस्ट्रेशन की एक काले और लाल रंग की ग्लेमर मोटरसाइकिल और एक मोबाइल भी बरामद किया है। पकड़ाए तस्करों में मीरगंज थाना क्षेत्र के रंगपुरा गांव निवासी फैजुल गणी का बेटा इमामुल गणी और मीरगंज थाना क्षेत्र के बडकोना गांव निवासी मो. कमरुल का बेटा मो. राहुल शामिल है। सदर एसडीपीओ-2 विमलेन्दु कुमार गुलशन ने बताया कि 19 जून को थानाध्यक्ष नवदीप कुमार गुप्ता को गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक पर सवार दो व्यक्ति स्मैक लेकर मीरगंज से पूर्णिया की ओर जा रहे हैं। जिसकी सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी पूर्णिया को दी गई। 6 सदस्यीय पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने विशु बाबा पुलिस चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान बीआर 11 एडी 8847 रजिस्ट्रेशन की ग्लेमर बाइक पर सवार तस्कर इमामुल गणी से 40.35 ग्राम स्मैक तलाशी के दौरान बरामद हुआ।

## सड़क पर अवैध ब्रेकर बना विवाद बुजुर्ग गांव में पानी निकासी को लेकर मारपीट



**कटहरा।** थाना क्षेत्र के करहटिया बुजुर्ग गांव में सड़क पर बने अवैध ब्रेकर को लेकर विवाद हो गया। बारिश के कारण ब्रेकर के पास पानी जमा हो गया था। इस समस्या के समाधान के लिए ब्रेकर से एक ईंट हटाकर पानी निकालने की कोशिश की गई। इसी दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में स्थानीय निवासी जुगुल राय घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालसेहान में भर्ती कराया गया। घायल जुगुल राय ने अपने पड़ोसी के खिलाफ कटहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बिना पथ परिवहन विभाग की अनुमति के अपने घर के सामने सड़क पर ब्रेकर बना लेते हैं। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है।

## दो बच्चों की मां 4 बच्चों के पिता से रचाई शादी



**जमुई।** के सोनो प्रखंड के खपरिया गांव में दो बच्चों की मां की चार बच्चों के पिता के साथ शादी करा दी गई। दरअसल दोनों एक दूसरे से मिलने गए थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया। फिर शनिवार को पंचायत के फैसले के बाद दोनों की शादी करा दी गई। वहीं रविवार से इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल बताया जा रहा है कि खपरिया गांव की रहने वाली सनुजा खातून (27) की शादी 2018 में इसी गांव के रहने वाले मो.असगर से हुई थी। असगर फिलहाल मुंबई में निजी कंपनी में काम करता है। इस बीच, सनुजा का अपने ही पुराने प्रेमी झाझा थाना क्षेत्र के बैजलपुरा गांव निवासी एकलख अंसारी (32) से दोबारा संपर्क में आ गई। बताया गया कि शादी से पहले ही दोनों का अफेयर था, जो असगर के मुंबई चले जाने के बाद यह रिश्ता फिर से नजदीकियों में बदल गया। पिछले दो सालों से एकलख और सनुजा के बीच मुलाकातों का सिलसिला चल रहा था। एकलख रात के अंधेरे ओर दिन के उजाले में भी कई बार मिलने सनुजा के घर खपरिया आता-जाता रहता था। प्रेमिका से मिलने पहुंचने पर ग्रामीणों ने पकड़ गांव वालों को इस प्रेम कहानी की भनक लग चुकी थी और वे मौके की तलाश में थे। आखिरकार बीते शुक्रवार की रात ग्रामीणों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया और एकलख की जमकर पिटाई की गई और रातभर उसे गांव में बांध कर रखा गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गांव में पंचायत बैठाई गई और इसमें फैसला लिया गया,पंचायत ने दोनों के बीच संबंध को स्वीकारते हुए एक बॉन्ड बनवाया और तय किया कि अब दोनों साथ ही रहेंगे।पंचायत के फैसले के बाद सनुजा को एकलख के साथ भेज दिया गया। रिश्ते से पत्नी को भी आपत्ति नहीं मजेदार बात यह रही कि एकलख भी पहले से शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। मगर इस फैसले के विरोध में उसकी पहली पत्नी ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई और सहमति जता दी कि सब मिलकर एक साथ रहेंगे। इस फैसले ने ग्रामीणों को भी चौंका दिया और पंचायत की अनोखी न्याय की खूब चर्चा हो रही है। प्रेम कहानी से शुरू हुई यह घटना अब गांव में मिसाल बन गई है, कि पिटाई के बाद भी अगर मोहब्बत जिंदा रहे,तो पंचायत भी साथ जीने की इजाजत दे देती है। आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई सोनो थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह की मामले में कोई कंपलेन नहीं है,नहीं कोई जानकारी है। अगर जानकारी मिलती तो पुलिस छानबीन करेगी।

## प्रॉपर्टी डीलर हत्या मामले में पुलिस के हाथ खाली



**नालंदा।** में अपराधियों ने गोली मारकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या कर दी। इस मामले में 2 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अब तक वारदात में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतक की पत्नी के आवेदन पर 3 नामजद और अज्ञात पर ~~ऋक्ष~~ दर्ज की गई है। मृतक की पहचान पनहेस्सा गांव निवासी मोहम्मद शफी अहमद के बेटे रजी अहमद उर्फ नन्हू (40) के तौर पर हुई है। नन्हू बिहार शरीफ-राजगीर सड़क किनारे टहल रहे थे। तभी मस्जिद के सामने दो बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। अपराधियों ने 4 गोली मारी थी। वारदात के बाद एक बाइक सवार राजगीर की ओर जबकि दूसरा बिहार शरीफ की ओर भाग निकला। जानकारी के मुताबिक गांव में कुछ दिन पूर्व दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके विवाद को रजी अहमद सुलझा रहा था। उसी विवाद में गोली मारकर हत्या करने की बात सामने आ रही है। मृतक जमीन का कारोबार करता था। गोली हाथ, पंजड़ा और कमर के नीचे लगी थी। प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल घटना के तुरंत बाद डीएसपी सुनील कुमार सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची थी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। हैरानी की बात यह रही कि एक भी जगह पर कैमरा काम नहीं कर रहा था। प्रशासनिक निर्देशों का केवल कागजों पर पालन हो रहा है। नालंदा जैसे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के मुख्य मार्ग पर बड़े होटल और पेट्रोल पंप स्थित है। घटनास्थल के नजदीक कई रेस्टोरेंट और होटल है। यहां अगर सीसीटीवी कैमरे सुचारू होते तो अपराधियों की पहचान आसानी से हो सकती थी। मौके अब तक 5 खोखे बरामद किए गए हैं। ये सभी स्थानीय लोगों द्वारा मिले हैं। पुलिस की नजर इन महत्वपूर्ण सबूतों से चूक गई। एशियन हॉकी खेलों के दौरान जिला और अनुमंडल प्रशासन की ओर से सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। यह निर्देश केवल कागजों तक सीमित रह गया। इन निर्देशों की अनदेखी की गई। इसकी नियमित निगरानी न करने का परिणाम आज सामने है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी फिलहाल इस मामले में पुलिस किसी भी तरह की जानकारी देने से बच रही है। थानाध्यक्ष निशि कुमार ने केवल इतना बताया कि मृतक की पत्नी ने तीन नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ पोस्टमार्टम कराने के बाद सुबह डेड बॉडी पनहेसा गांव लाया गया। सुबह से शाम तक देखने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। देर शाम नमाज के बाद मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे इलाके में शोक की लहर है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।



रजी अहमद, मृतक

## नाला निर्माण की खामियों से सड़कों पर भरा पानी



**बिरौल।** प्रखंड क्षेत्र के पोखराम उत्तरी पंचायत में जलजमाव ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। मामूली बारिश में भी सड़कों पर पानी भर जाता है। स्थानीय निवासियों ने कई बार प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर खींचा, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पटनिया, लदहो, चंगबारा, अफजला, तरवारा, बेक और हनुमाननगर समेत कई गांवों में यह समस्या लगातार बनी हुई है। सड़क से ऊंचे बने नालों के कारण पानी का निकास नहीं हो पाता। इससे स्कूली बच्चों, व्यापारियों, गैस वितरकों और आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी श्याम सुंदर चौधरी, किरण देवी और बीणा देवी के अनुसार, गलत नाला निर्माण के कारण सड़कों पर पानी जमा होता है। जलजमाव के कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। सबसे खराब स्थिति पोखराम के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 124 के सामने के मोहल्ले में है। यहां नाला व्यवस्था की कमी से सड़कों पर हमेशा पानी भरा रहता है। प्रखंड क्षेत्र के कई मोहल्लों में कीचड़ से लोग परेशान हैं।

## राजगीर की लुप्तप्राय जलधारा बनी पक्षियों की जीवनरेखा







**नालंदा।** भीषण गर्मी और हीट वेव से त्रस्त आम जनजीवन के बीच राजगीर के जरा देवी मंदिर के पास स्थित प्राकृतिक जलधारा पक्षी जगत के लिए अमूल्य वरदान बनकर उभरी है। जो कभी एक जीवनदायिनी नदी के रूप में प्रवाहित होती थी, वह आज एक पतली जलधारा के रूप में सिमट गई है, लेकिन वन्य जीवन के लिए इसका महत्व कम नहीं हुआ है। बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान (बिप्सा) की चार सदस्यीय टीम द्वारा आयोजित एक विशेष पक्षी-अवलोकन कार्यक्रम में यह खुलासा हुआ है। यह लुप्तप्राय जलधारा विभिन्न पक्षी प्रजातियों के लिए जीवनरेखा का काम कर रही है। टीम के सदस्यों ने बताया कि इस जलधारा में बाबूना, सफेद भौंह नाचन (व्हाइट-ब्रोड फैनटेल), लाल गुलदुम बुलबुल, नीलिमा (टिकेल्स ब्लू फ्लाईकैचर) और मुनिया जैसी पक्षी प्रजातियां जलक्रीड़ा और अठखेलियां करती देखी गई।अध्ययन दल के नेतृत्वकर्ता राहुल कुमार ने बताया कि यह स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में काफी उत्साहजनक है। पिछले वर्ष मई महीने में यह जलधारा पूरी तरह से सूख चुकी थी, लेकिन इस वर्ष यह अब भी कलकल बह रही है। यह न केवल पक्षियों बल्कि छोटे वन्य जीवों के लिए भी जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है। इस अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि यदि प्राकृतिक जल स्रोतों का उचित संरक्षण किया जाए, तो वे संकट के समय में भी जैव विविधता को सहारा दे सकते हैं। यह एक महत्वपूर्ण संदेश है। खासकर उस समय जब जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के कारण प्राकृतिक जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। तितलियों और कीट-पतंगों का भी महत्वपूर्ण आश्रयस्थल बिप्सा टीम के सदस्य और राजगीर निवासी राहुल कुमार ने जानकारी ने बताया, 'यह स्थान केवल पक्षियों के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि तितलियों और विभिन्न प्रकार के कीट-पतंगों के लिए भी एक महत्वपूर्ण आश्रयस्थल का काम करता है। यहां की गीली मिट्टी में बड़ी संख्या में टेललेस लाइनब्लू, कॉमन क्रो जैसी तितलियां पडलिंग करती देखी गईं, जो इस क्षेत्र की जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र की समृद्धता को दशार्ता है।' पक्षी प्रेमी अजय कुमार सिन्हा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि गर्मियों के कठिन मौसम में भी यहां इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर, इंडियन पित्ता (नवरंग) और ड्रोंगो कुकू जैसी पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इन पक्षियों की उपस्थिति इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यह वन क्षेत्र अब भी अपना पारिस्थितिक संतुलन बनाए हुए है। पक्षियों सहित अन्य जीवों के लिए अनुकूल निवास स्थान प्रदान करता है। ये पक्षी जंगल की खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखने और कीट नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक दिवसीय पक्षी अवलोकन कार्यक्रम में पक्षी प्रेमी शिवनाथ कुमार, राहुल कुमार, अजय कुमार सिन्हा, अविनाश कुमार, तथा राहुल कुमार कुशवाहा ने सक्रिय भागीदारी की। इन प्रकृति प्रेमियों का यह प्रयास न केवल जैव विविधता के दस्तावेजीकरण में सहायक है, बल्कि आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में भी एक सराहनीय पहल है। पर्यावरणविदों की चेतावनी और आशा पर्यावरणविदों का मानना है कि यह उदाहरण स्पष्ट रूप से दिखाता है कि भले ही मानवीय गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हो, लेकिन यदि सचेत प्रयास किए जाएं तो इन प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। वर्तमान में जब लगातार बढ़ते तापमान और हीट वेव ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, तब भी कुछ स्थानों पर होने वाली बूंदाबांदी 'ऊंट के मुंह में जीरे' के समान लगती है। ऐसे में राजगीर की यह छोटी सी जलधारा वन्य जीवन के लिए एक बड़ी उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है।



# जिराफ की तरह होती हैं गेरेनक की गर्दन

'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' के देशों व अफ्रीकन ग्रेट लेक्स में पाया जाने वाला गेरेनक एक ऐसा हिरन है, जो अपनी पतली और लंबी गरदन और छरहरे शरीर के कारण 'जिराफ हिरन' के नाम से जाना जाता है। जब यह किसी पेड़ से सटकर पिछले दो पैरों पर खड़ा होकर उसकी पत्तियां खाता है, तो जिराफ की याद आ जाती है। इसकी लंबाई105 सेंटीमीटर और वजन 52 किलोग्राम तक हो सकती है।

# बांग देने वाला पक्षी मुर्गा




**बच्चो, पहले मुर्गी हुई या अंडा की पहेली तो आप लोग बाद में कभी हल करना, लेकिन आज हम आप को बांग देने वाला पक्षी मुर्गा के बारे में बता रहे हैं। सुबह-सुबह अपने कूंकूडू कूं से सबको जगाने वाला मुर्गा एक ऐसा पक्षी है, जो हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। कहा जाता है कि मुर्गे की उत्पत्ति भारत भूमि पर हुई और यहां से ही पूरी दुनिया में मुर्गे को इंसान ले गया।**

आज मुर्गे की जितनी भी नस्लें सारे संसार में हैं, वे सब लाल जंगली मुर्गे गैलस की वंशज हैं। यह अलग बात है कि आज लाल जंगली मुर्गा विलुप्त होने के कगार पर है। वैज्ञानिक रिसर्च के अनुसार मुर्गे और मानव जीवन में काफी समानताएं हैं। मानव और मुर्गे के जीनोम में से 50 फीसदी जीन आपस में मिलते हैं। मुर्गे को पालतू बनाने के कारणों में से प्रमुख है इनकी दिलचस्प लड़ाई। ऐसा माना जाता है कि मुर्गा काफी साहसी होता है। इस साहसी गुण के कारण ही इसको पालतू बनाया गया। इंसान में बहादुरी के कोई 20 लक्षणों की यदि लिस्ट बनाई जाए तो उसमें से चार गुण मुर्गे से जरूर मिल जाएंगे।

जब मुर्गे को पालतू बनाया गया तो इसके बारे में काफी कुछ लिखा गया। एक ऐसा पक्षी जिसके माथे पर चटक लाल रंग की कलगी और शरीर खूबसूरत लाल-काले, हरे, किंतु चमकदार पंखों से ढंका हुआ होता है। जब वह मिस्र के राज दरबार में पहली दफा पहुंचा तो उसे देखने वालों की खासी भीड़ जुटी। ऐसा माना जाता है कि लाल जंगली मुर्गे को सबसे पहले मोहनजोदड़ो और हड़प्पा में 2500-2100 ईसा पूर्व पालतू बनाया। इस दौर के बनाए चित्रों में मुर्गा दिखाई देता है। यहां अनेक मिट्टी के खिलौनों में भी नर और मादा मुर्गे को दिखाया गया है।

# बिना सांस लिए भी जिंदा रहता है यह जीव

सांस लिए बिना कोई भी जीव-जंतु या इंसान की जिंदा रहना बेहद ही मुश्किल है। इस बात को हम सभी जानते हैं कि सांस के माध्यम से बिना ऑक्सीजन गैस लिए कोई जिंदा नहीं रह सकता है। लेकिन हाल ही में वैज्ञानिकों को एक ऐसा रहस्यमयी जीव (परजीवी) मिला है, जो बिना सांस लिए भी धरती पर जिंदा है। यह दुनिया का पहला ऐसा जीव है, जिसके अंदर ये अनोखी विशेषता है। बता दें कि जेलीफिश की तरह दिखने वाले इस बहुकोशिकीय परजीवी में माइट्रोकॉन्ड्रियल जीनोम नहीं है। किसी भी जीव को सांस लेने के लिए माइट्रोकॉन्ड्रियल जीनोम बेहद ही जरूरी होता है। इन्हीं वजहों से इस परजीवी को जिंदा रहने के लिए ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ती। इजरायल की तेल-अवीव यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम ने इस अद्भुत और रहस्यमय परजीवी की खोज की है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, यह परजीवी मछलियों से **ऊर्जा प्राप्त करता है। लेकिन इस दौरान वो उन्हें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। खास बात ये है कि मछलियां भी इस परजीवी को** नुकसान नहीं पहुंचाती हैं। ये परजीवी साल्मन फिश में पाए जाते हैं और ये तब तक जिंदा रहते हैं, जब तक कि मछली जिंदा रहती है। इस जीव का वैज्ञानिक नाम हेन्नीगुया साल्मिनीकोला है। शोध के प्रमुख डयाना याहलोमी ने बताया कि यह जीव इंसानों या दूसरे जीवों के लिए बिल्कुल भी नुकसानदायक नहीं है। हालांकि, यह अब तक रहस्य ही बना हुआ है कि आखिर इस तरह का जीव पृथ्वी पर विकसित कैसे हुआ, जो बिना ऑक्सीजन के भी जिंदा रह सकता है। शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने इस परजीवी को फ्लोरेसेंस माइक्रोस्कोप से देखा, जिसमें उन्हें माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए नहीं दिखा। इसके बाद यह स्थिति साफ हो गई कि यह दुनिया का पहला ऐसा जीव है, जिसे जीने के लिए सांस लेना जरूरी नहीं है। हालांकि, साल 2010 में भी इटली के शोधकर्ताओं को इसी तरह का एक जीव मिला था, जिसमें साफतौर पर माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए नहीं दिखा **था। उसकी ऊर्जा का स्रोत हाइड्रोजन सल्फाइड था। लेकिन नए मिले इस जीव को तो हाइड्रोजन सल्फाइड की भी जरूरत नहीं है।**





# समंदर में डूब रहे हैं दुनिया के ये बड़े शहर

जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरी दुनिया में समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है.यही वजह है कि अब समुद्र के बढ़ते जलस्तर की वजह से कई शहरों के अस्तित्व पर ही खतरा मंडराने लगा है.कुछ ऐसे शहर हैं जो अब डूबने की कगार पर पहुंच गए हैं.समुद्र तटीय शहरों में बसे लोगों को इस खतरे का सबसे ज्यादा सामाना करना पड़ रहा है. जलवायु परिवर्तन पर प्रकाशित किए गए अध्ययन में इसका दावा किया गया है. अध्ययन में कहा गया है कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी पर मौजूद बर्फ तेजी से पिघल रही है जिससे पूरी दुनिया में समुद्र का स्तर बढ़ता जा रहा है.यही वजह है कि समुद्र के पानी का विस्तार हो रहा है. परिणाम स्वरूप न्यू ऑरलियन्स और जकार्ता जैसे शहरों में समुद्र के स्तर में बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है.पानी के बढ़ने के साथ ही इन तटीय शहरों की जमीन डूब रही है.

शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने अपने अध्ययन में पाया कि समुद्र के बढ़ते स्तर की वजह से डूबती हुई भूमि ने दुनिया भर के तटीय निवासियों को असुरक्षित बना दिया है.इन तटीय शहरों में वैश्विक स्तर के मुकाबले समुद्र तट के जल स्तर में वृद्धि तीन से चार गुणा ज्यादा है.

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट एंग्लिया के टिंडाल सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज के अध्ययन के नेतृत्वकर्ता और स्टटी के लेखक रॉबर्ट निकोल्स ने कहा कि हम कोई पूर्वानुमान नहीं बता रहे हैं बल्कि हम जो हो रहा है उसके बारे में बात कर रहे हैं.यह बेहद महत्वपूर्ण और चिंताजनक विषय है.शोध में सिल्वर लाइनिंग का जिक्र करते हुए बताया गया कि जिस तरह मानव गतिविधि की वजह से धरती के एक बड़े हिस्से से भूजल गायब होता जा रहा.तटीय इलाकों में मानवीय गतिविधि की वजह से समुद्र से सटे इलाकों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है.

रिसर्च में कहा गया है कि तटीय भूमि के लगातार कम होने के कुछ कारक मानव नियंत्रण से परे हैं.पृथ्वी के कुछ हिस्सों में अभी भी ग्लेशियरों के लुप्त होने से होने वाली समस्या को प्रकृति अपने तरीके से समायोजित कर रही है. लेकिन उन प्राकृतिक प्रक्रियाओं के अलावा, भूजल निकासी, तेल और गैस निकासी, रेत खनन, और नदियों के आसपास बाढ़ अवरोधों के निर्माण


**क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट ने ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से बढ़ते खतरों पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में हैरान कर देने वाली बात कही गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक समुद्री जलस्तर और बाढ़ की वजह से अगले 9 सालों में दुनिया के ये शहर डूब सकते हैं। सिर्फ यही नहीं इस सूची में भारत के कोलकाता शहर का भी नाम शामिल है। चलिए जानते है कि इस रिपोर्ट में किन शहरों के डूबने का खतरा बताया जा रहा है.**

(बांध) सहित मानव गतिविधियां जमीन डूबने का कारण बन सकती हैं. उन स्थानों पर जहां लोग केंद्रित हैं, ये गतिविधियां, विशेष रूप से भूजल को खत्म करने, भूमि को और अधिक तेजी से कम करने का कारण बनती है, जो अकेले भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होती है.20 वीं शताब्दी में, जकार्ता, न्यू ऑरलियन्स, शंघाई और बैंकाक के तटीय जमीन छह से 10 फीट तक पानी में डूब गए.सैटेलाइट के जरिए इन इलाकों की पैमाइश के अध्ययन से निष्कर्ष निकला कि समुद्री स्तर में वृद्धि प्रति वर्ष लगभग 33 मिलीमीटर (एक इंच के लगभग आठवें हिस्से) हो रही है. शोधकर्ता निकोलस और उनके सहयोगियों ने पाया कि औसतन, पृथ्वी की तटरेखाओं ने वास्तव में 1993 से 2015 के बीच लगभग 26 मिलीमीटर प्रति वर्ष (0.1 इंच) की तुलना में थोड़े कम सापेक्ष लिफ्ट का अनुभव किया है, क्योंकि ग्लेशियल रिबाउंड के कारण भूमि अभी भी बढ़ रही है.लेकिन ऐसा वहां नहीं हो रहा जहां अधिकांश लोग रहते हैं.इसी अवधि में, पृथ्वी के तटीय निवासियों ने समुद्र जल स्तर में औसतन 78 से 9 मिलीमीटर सालाना (लगभग आधा इंच) की वृद्धि देखी है. शोध के मुताबिक यह इस तथ्य को दर्शाता है कि तटीय निवासी तेजी से डूबने वाले क्षेत्रों पर आश्रित हैं जिसमें डूबते हुए डेल्टा और डूबते हुए शहर शामिल हैं.समस्या विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया में है, जहां 2015 में, 185 मिलियन लोग तटीय बाढ़ के मैदानों में रहते थे.तटीय इलाकों में रहने वाली लोगों की वैश्विक संख्या के 75 फीसदी लोग इन इलाकों में रहते हैं.ऐसे लोग नदी की बाढ़ और समुद्र के स्तर में वृद्धि दोनों के खतरों का सामना कर रहे हैं.



## कुछ सालों में डूब जाएंगे दुनिया के ये बड़े शहर!

### न्यू ओरलिंस, अमेरिका




अमेरिका के न्यू ओरलिंस शहर में नहरों और जलीय शाखाओं का जाल बिछा हुआ है। ये जाल न्यू ओरलिंस शहर को बाढ़ से बचाता है। अगर ये सुरक्षा जाल नहीं होता तो इस शहर में भारी तबाही मच जाती। वहीं अब कहा जा रहा है कि अगर समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ता है तो इस शहर के लिए खतरा है और ये शहर डूब जाएगा।

### एम्स्टर्डम, द नीदरलैंड्स




द नीदरलैंड्स में एम्स्टर्डम, रॉटरडम और हॉंग जैसे शहर कम ऊंचाई पर स्थित हैं और ये नॉर्थ सी के बेहद नजदीक हैं। लेकिन रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस हिसाब से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, उसे देखकर लगता है कि ये शहर भी डूब जाएंगे। इतना ही नहीं कोई भी डैम, बैरियर, फ्लडगेट इन शहरों को नहीं बचा पाएंगे।

### बसरा, इराक



इराक ये शहर शत अल-अरब नाम की बड़ी नदी के किनारे बसा है। ये नदी पारस की खाड़ी से मिलती है। वहीं कई सारी नहरों और बैक वॉटर चैनल के जरिए ये शहर खाड़ी से जुड़ा है। इसकी वजह से इस शहर के आसपास काफी दलदली इलाका भी है। अगर समुद्री जलस्तर बढ़ता है तो इस शहर को खतरा है। बाढ़ आई तो इस शहर में काफी ज्यादा नुकसान हो सकता है। सिर्फ यही नहीं ये नक्शे से खत्म भी हो सकता है।

### वेनिस, इटली



इटली का वेनिस शहर पानी के बीच में बसा हुआ है। यहां पर हर साल बाढ़ आती है। सबसे बड़ी बात ये है कि इस शहर में दो तरह का खतरा है। पहला समुद्र का जलस्तर बढ़ना और दूसरा ये शहर अपने आप डूब रहा है। हर साल 2 मिलिमीटर नीचे धंस रहा है। अगर समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ा तो 2030 तक ये शहर पानी के अंदर डूब जाएगा।

### हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम



वियतनाम के पूर्वी इलाके में बसे इस शहर की ऊंचाई समुद्र तल से ज्यादा नहीं है। इस शहर को सबसे बड़ा खतरा मेकॉन्ग डेल्टा से है। इस डेल्टा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि हो ची मिन्ह सिटी साल 2030 तक पानी के अंदर डूब जाएगा।



# ये है दुनिया की सबसे खतरनाक चीटियां

**चीटियों को आप किस वजह से पहचानते हैं। उनकी मेहनत की वजह से, चीटियां अपने धुन की पक्की होती है और चीटियां जब तक अपने काम को पूरा नहीं कर लेती वह रुकती नहीं है। इसके अलावा चीटियों की तारीफ इस वजह से भी की जाती है कि चीटियां इतनी छोटी होने के बावजूद भी अपने से कई गुना वजन को उठा लेती हैं। चीटियों का ये सामाजिक ताना-बाना बड़ा ही कमाल का है। लेकिन चीटियों से जुड़ी हुई एक ऐसी खबर आई है। जिसे जानने के बाद आप हैरान रह जाएंगे।**

दरअसल कुछ ऐसी चीटियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई है। जोकि फिदायीन हमलावर की तरह अपने अंदर धमाका कर लेती हैं। बिल्कुल सही सुना आपने, दरअसल न्यूयॉर्क टाइम्स ने जनरल जूकीज में छपी स्टडी के मुताबिक ब्रूनेई के बेलालॉन्ग फील्ड स्टडीज सेंटर के सामने पेड़ों के करीब चीटियों के ऐसे कई घर मौजूद हैं। यह चीटियां अपने घर पर हमला होने की सूरत में अपनी जान तक दे देती हैं।

इन चीटियों के अंदर धमाका करने की एक खास प्रवृत्ति मौजूद है। और इसी वजह से इन्हें कोलोबोपसिस एक्सप्लोडेंस कहा जाता है। जब इन चीटियों के घोसले पर हमला या फिर अतिक्रमण कर दिया जाए तो यह चीटियां अपने पेट में धमाका कर लेती हैं। जिसके बाद इन चीटियों के पेट से चिपचिपा, चमकीला, पीला फ्लूइड बाहर निकल आता है। जो कि बहुत ज्यादा जहरीला होता है। ये बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि मधुमक्खी डंक मारने के बाद अपने प्राण त्याग देती है उसी तरह यह चीटियां भी अपने घर को बचाने के लिए अपनी जान देने में पीछे नहीं रहती है। इन चीटियों के द्वारा पेट में किया जाने वाला ये धमाका इनके घरों को जरूर बचा लेता है। धमाका करने वाली चीटियों को एक्सप्लोडेंस नाम से जाना जाता है। जब इनके घर पर हमला होता है तो यह खुद के पेट मे धमाका कर लेती है। इसके पश्चात इनके पेट से जहरीला पिला चमकीला फ्लूइड बाहर निकलने लगता है। जिस प्रकार मधुमक्खी डंक लगाने के बाद मार जाती है ठीक उसी प्रकार ये चीटियां भी अपना घर बचने के लिए खुद को इस धमाके में नष्ट कर लेती है।

दरअसल वैज्ञानिक अपने अंदर धमाका करने वाली इन चीटियों के बारे में पिछले 200 साल से भी ज्यादा वक्त से जानते हैं। और आपको बतादें की साल 1916 में पहली बार इन चीटियों के बारे में बताया गया था। लेकिन साल 1935 से इस समूह की चीटियों को कोई भी आधिकारिक नाम नहीं मिला था।



# हाथी और चूहा

एक बहुत घना जंगल था। इतना कि उसमें सूर्य की किरणें भी नहीं पहुंच पाती थीं। इस जंगल में तरह-तरह के भयानक जानवर थे। सभी सुख-चैन से रह रहे थे। एक दिन उस घने और भयानक जंगल में एक हाथी आ पहुंचा। देखने में पहाड़ जैसा ऊंचा और शक्तिवान। जब वह चलता, तो सारे जानवर उसे छिपकर देखते थे। उसके चिंघाड़ने से जंगल में भगदड़ मच जाती थी। बड़े जानवर छिप जाते और छोटे जानवर अपनी मांदों में दुबक जाते। जंगल के जानवरों का सुख-चैन छिन गया।

यह देख, हाथी बहुत परेशान रहने लगा। उसकी समझ में कुछ नहीं आ रहा था। वह तो उन्हें दोस्त बनाने के लिए प्यार से आवाज लगाता था, पर होता उलटा ही था। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर उसमें कौन सी बुरी आदत है? वह रात-दिन यही सोचने लगा।

एक दिन हाथी उदास मन से धीरे-धीरे घूम रहा था। जब वह जंगल के एक पुराने बरगद के नीचे पहुंचा, तो उसे एक चीख सुनाई पड़ी। कोई चिल्ला रहा था, बचाओ-बचाओ! हाथी ने सिर उठाकर देखा, एक नन्हा सा चूहा पेड़ की टहनियों में उलझा चिल्ला रहा था। हाथी बोला, घबराओ नहीं, मैं अभी तुम्हें बचाता हूं। हाथी को देखकर पहले तो चूहा कुछ डरा। लेकिन मरता क्या न करता! चूहा डर भूल गया और हाथी को डबडबाई आंखों से देखने लगा। हाथी ने अपनी सूंड ऊपर उठा दी और चूहा उस पर बैठकर नीचे उतर आया।

नीचे आते ही चूहा तेजी से भाग गया। उसने पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। बेचारे हाथी ने तो सोचा था कि चूहा ही उसका दोस्त बनेगा, पर वह भी भाग गया। अब हाथी को विश्वास हो गया कि उसका कोई भी दोस्त नहीं बन सकता। यह सोचकर वह रोने लगा।

लेकिन थोड़ी ही देर में चिड़ियों का मधुर गाना उसे सुनाई पड़ने लगा। ऐसा गाना उसने इस जंगल में पहले कभी नहीं सुना था। देखते ही देखते जंगल के सारे जानवर हाथी के चारों तरफ एक घेरा बनाकर नाचने-गाने लगे। कोई सीटी बजा रहा था, तो बंदर ढोल पीट रहा था। शेर सुरीली आवाज में गा रहा था। हाथी को यह सब एक सपने की तरह लग रहा था। हाथी ने हैरानी से देखा, झुंड में वही चूहा सबसे आगे था, जिसे हाथी ने बचाया था।

उस छोटे चूहे ने कहा, आज तुमने मुझे बचाया है। तुम बहुत ही अच्छे हो। शरीर से चाहे कितने ही बड़े हो, परंतु तुम्हारा दिल दया और प्रेम से **भरा हुआ** है। आज से तुम **हम सबके** दोस्त हो और हम **सब** तुम्हारे। हाथी ने **उन्हें बताया** कि असल में उस**का जोर से** **बोलने का मतलब जानवरों को डराना और नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि दोस्त बनाना था। अब हाथी भी उस नाच-गाने में शामिल हो गया। सारे जानवर और भी झूम-झूमकर नाचने लगे। हाथी फिर कभी इतने जोर से नहीं चिल्लाया।**



# लीड्स में ऋषभ पंत का पंच, धोनी का रिकॉर्ड किया ध्वस्त इंग्लैंड में रचा इतिहास

**लंदन (एजेंसी)।** लीड्स -इंग्लैंड के लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों का जलवा लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। पहले दिन यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने बेहतरीन शतक लगाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वहीं, दूसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक ऐतिहासिक शतक जड़ा।

पंत ने दूसरे दिन के पहले ही सत्र में 146 गेंदों पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। यह तीसरी बार है जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में छक्के से शतक पूरा किया है। दिलचस्प बात यह है कि तीनों बार उन्होंने इंग्लैंड के ही स्पिन गेंदबाजों–आदिल राशिद, जो रूट और शोएब बशीर की गेंद पर यह कारनामा किया है। यह पंत का टेस्ट करियर का सातवां शतक है।

### तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

इस शतक के साथ ऋषभ पंत ने महेंद्र सिंह धोनी का 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पंत अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैचों में 6 शतक लगाए थे, जबकि पंत ने सिर्फ 44 टेस्ट मैचों में ही 7 शतक पूरे कर लिए हैं।

यह पंत का इंग्लैंड की सरज़मीं पर तीसरा टेस्ट शतक है और सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में कुल मिलाकर उनका पांचवां शतक है। इससे साफ जाहिर होता है कि विदेशी पिचों पर उनका बल्ला खूब बोलता है।



# टेस्ट क्रिकेट को अब भी पहली प्राथमिकता देते हैं स्मिथ



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट को अब भी सबसे पहली प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप (डबल्यूटीसी) शुरु होने के बाद ये रोमांच और बढ़ा है। अब वह घर पर इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज खेलने को लेकर उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि मुझे लगता है कि मैं अब भी उस स्तर पर काफी कुछ योगदान दे सकता हूं। इस बल्लेबाज ने अबतक 116 टेस्ट मैचों में 56.74 की औसत से 10271 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाये हैं। स्मिथ अब रिकी पोंटिंग के 13378 रनों से आगे निकलना चाहेंगे। इसके अलावा उनकी नजरें सचिन तेंदुलकर के 51 टेस्ट शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने पर भी होंगी। स्मिथ ने अपने करियर की शुरुआत एक लेग स्पिनर के रूप में की थी। स्मिथ ने जुलाई 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए आठवें नंबर पर बल्लेबाजी की थी पर पांच साल बाद ही वह ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बन गये। इसके अलावा वह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज भी बन गये। उनका करियर विवादों में भी रहा है। मार्च 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद से छेड़खानी विवाद के कारण स्मिथ को एक साल के लिए प्रतिबंधि कर दिया गया था। इसके बाद उन्हें कप्तानी से भी बाहर कर दिया गया था।

इस क्रिकेटर का भारतीय टीम के खिलाफ भी काफी अच्छा रिकार्ड रहा है। वह भारतीय गेंदबाजों के लिए हमेशा ही परेशानी साबित हुए हैं। स्मिथ का रिकार्ड भारतीय टीम के के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। 2015 एकदिवसीय विश्वकप की बात करें या 2023 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल सहित कई मैचों में स्मिथ के कारण ही भारतीय टीम जीत हासिल नहीं कर पायी। डब्लयूटीसी फाइनल 2023 में स्मिथ ने 121 रन बनाए थे।

# जायसवाल और गिल की शानदार पारी से मिल रहे अच्छे संकेत



**–पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने की भारतीय बल्लेबाजों की तारीफ**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रि ट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भारतीय बल्लेबाजों की सराहना की, खासकर कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जिन्होंने शतक लगाकर इंग्लैंड के हेडिंग्ले टेस्ट के पहले दिन के अंत में भारत को 359/3 तक पहुंचाया। जायसवाल और गिल ने शानदार शतक लगाकर विराट कोहली-रोहित शर्मा के बाद के युग में बल्लेबाजी को संभालने की तैयारी का ऐलान कर दिया है। गिल और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी की, जिससे भारत 92/2 से 221 तक पहुंच गया।

गांगुली ने शुक्रवार रात ट्वीट करते हुए लिखा- आज भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा था? सीरीज के पहले दिन शुभमन गिल की टेस्ट मैच बल्लेबाजी में विदेशी परिस्थितियों में बहुत सुधार हुआ है। फिर से शानदार एक गुणवत्ता वाली टीम दिखी। एक लंबी सीरीज का इंतजार है। जायसवाल ने 144 गेंदों में अपने करियर का पांचवां शतक पूरा किया, जबकि गिल ने 140 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, लेकिन दोनों ने यह मुकाम अलग-अलग तरीके से हासिल किया। जायसवाल ने अपनी स्वाभाविक शैली को छोड़ दिया, क्योंकि पहले सत्र में अंग्रेजी गेंदबाजों को मूवमेंट और कैरी का फायदा मिला। गिल और जायसवाल ने तीसरे विकेट के लिए 129 रनों की साझेदारी की, जिससे भारत 92/2 से 221 तक पहुंचा दिया, जब केएल राहुल और डेब्यूटेंट साई सुदर्शन जल्दी आउट हो गए थे।

ऋषभ पंत खेल समाप्ति तक गिल के साथ क्रीज पर जमे थे, लेकिन जायसवाल और गिल के शतकों का महत्व सिर्फ पहले दिन की बढ़त देने तक सीमित नहीं था। यह भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप अनुभव में थोड़ी कमजोर है, क्योंकि हाल ही में विराट कोहली और रोहित शर्मा ने संन्यास ले लिया है। जायसवाल और गिल टेस्ट क्रिकेट में नए नहीं हैं, लेकिन अगर जायसवाल और गिल की आज की पारी को देखा जाए तो संकेत काफी उज्ज्वल नजर आ रहे हैं।

# बल्लेबाजी करने में आया मजा, अच्छी तैयारी की थी जड़ा शतक

## यशस्वी ने कहा- पहला दिन बढ़िया रहा, गिल संयमित और शांत होकर खेले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (101 रन) ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शतक जड़ने के बाद कहा कि उन्होंने इस पारी का पूरा लुत्फ उठाया। कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127 रन) और जायसवाल के शानदार शतकों की मदद से भारत ने पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बना लिए हैं। उप कप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

जायसवाल ने कहा कि पहला दिन बहुत बढ़िया रहा। सभी ने बहुत अच्छा खेला। इंग्लैंड की परिस्थितियों में क्रीज पर जाकर बल्लेबाजी करने में आनंद आया। मैंने बहुत अच्छी तरह से तैयारी की थी। हाल के दिनों में बहुत अच्छे अभ्यास सत्र थे हमनें कई मैच खेले। इसलिए यह पारी सरल तरीके से खेली। उन्होंने कहा कि गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। वह संयमित और शांत रहे। उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक लगाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से पहले केएल राहुल (42 रन) और इस मैच से डेब्यू करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया।



# पहले गेंदबाजी चुनने को लेकर इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स पर भड़के वॉन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेन स्टोक्स ने हेडिंग्ले में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पूर्व इंग्लैंड कप्तान माइकल वॉन बेन स्टोक्स के भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पहले गेंदबाजी करने के फैसले से 'हैरान' थे। वॉन का मानना था कि सूखी पिच और धूप में पहले बल्लेबाजी करना 'आसान' था, लेकिन स्टोक्स ने आंकड़ों और इतिहास को ज्यादा महत्व दिया और गेंदबाजी का फैसला किया।

वॉन ने कहा कि मैं थोड़ा पुरानी सोच का हूं, खासकर लीड्स में जब धूप होती है, तो यह एक आसान फैसला होता है, खासकर टेस्ट मैच की तैयारी और पिच की स्थिति को देखते हुए। मैं हैरान था जब मैंने सुना कि वह पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। मैंने सोचा कि ट्रेंड को खत्म कर दिया गया है। इंग्लैंड ने हाल के समय में यहां लक्ष्य का पीछा करते हुए कई बार जीत हासिल की है, लेकिन आपको हमेशा उस समय के हिसाब से फैसला लेना होता है।

वॉन ने कहा कि स्टोक्स की भावना इस बार काम नहीं आई। आप इंग्लैंड की टीम की ताकत देखें, तो वह वास्तव में बल्लेबाजी में है। बेन के पास एक आंतरिक भावना थी, मुझे लगता है और हाल के समय में यह काम किया है। बता दें इंग्लैंड के पास स्टोक्स के दो विकेट और ब्राइडन कार्स ने एक विकेट लिया। ये तीनों भारतीय बल्लेबाजों की गलतियों के कारण मिले। टॉस के समय स्टोक्स ने कहा कि वह शुरुआती परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहते थे, जबकि टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने भी कहा कि वह पहले गेंदबाजी करना पसंद करते हैं, लेकिन पिच जल्दी ही स्थिर हो गई और बल्लेबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया। गिल 127 (175) पर नाबाद, जबकि ऋषभ पंत (65 रन, 102 गेंद) के साथ नाबाद क्रीज पर हैं।



# पीसीआई ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कंगना को बनाया ब्रांड एबेसडर

नई दिल्ली। देश में इसी साल 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इसमें 100 से अधिक देशों के एथलीट शामिल होंगे। इस चैंपियनशिप के लिए अभिनेत्री कंगना रनौत को ब्रांड एबेसडर नियुक्त किया गया है।' वहीं इससे उत्साहित कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई )का धन्यवाद देते हुए कहा, ''भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है बल्कि यह साहस और जुनून के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है।'' वहीं पीसीआई के अध्यक्ष और पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण विजेता रहे देवेंद्र झझारिया ने कंगना को चैंपियनशिप के लिए ब्रांड एबेसडर बनाये जाने पर कहा कि खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें इस सम्मान के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है।



# विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडर बनेंगे जेनसन : पोंटिंग



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका भविष्य उज्जवल है। पोंटिंग के अनुसार आने वाले समय में जेनसन विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडर बनकर उभरेंगे। पोंटिंग ने आईपीएल में जेनसन को कोचिंग देने के दौरान उनके कौशल को देखा था। पोंटिंग ने कहा किजेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है जिसका लाभ भी उन्हें मिलता है। इसके साथ ही उनके काफी प्रतिभा भी है। उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में कगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक बेहतरीन तेज गेंदबाजी जोड़ी बनाई, जिसने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले ही दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को धवस्त कर दिया था। रबाडा के कारण हालाकि लोगों का ध्यान जेनसन की गेंदबाजी की ओर नहीं गया पर ये भी ध्यान रखना चाहिये कि उनकी गेंदबाजी से जो दबाव बना था उससे ही रबाडा को विकट लेने में आसानी हुई। बाएं हाथ के जेनसन ने मार्नस लाबुशेन और ट्रेविस हेड जैसे स्टार बलेबाजों को आउट किया था। फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगने के बाद भी जिस प्रकार वह गेंदबाजी के लिए वापस आये उससे भी उनके अंदर का जुनून दिखता है। वह अनुभवी बलेबाजों के खिलाफ भी निडर होकर गेंदबाज करते करते दिखे। दक्षिण अफीकी टीम की जीत में उनकी भूमिका को कम आंकना भूल होगी।

# सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे टेनिस खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम से खेलने को प्राथमिकता दें : साई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार से वित्तीय मदद लेने वाले टेनिस खिलाड़ियों को अब राष्ट्रीय टीम से खेलने से इंकार करना महंगा पड़ सकता है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने का है कि कई योजनाओं के जरिए वित्तीय सहायता हासिल करने वाले टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम से खेलने को प्राथमिकत देनी होगी। वहीं अगर वे बिना किसी कारण के खेलने से इंकार करते हैं तो उनपर कार्रवाई होगी और उनसे धनराशि वसूली जाएगी। साई ने टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप (टीएजीजी) के तहत मदद के लिए चयनित किये गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय टीम की ओर से बेतर प्रदर्शन के प्रयास करना भी उनकी जिम्मेदारी है।

ये मामला तब सामने आया जब टीएजीजी में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों के नामों पर चर्चा की गई। साई ने अपने आदेश में टॉप्स, एनएसएफ और टीएजीजी योजनाओं के अंतर्गत मदद हासिल करने वाले खिलाड़ियों से कहा कि वे डेविस कप, बिली जीन किंग कप, एशियाई खेल और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहें।

साइ के आदेश के अनुसार वित्तीय सहायत हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को अगर अखिल भारतीय टेनिस महासंघ द्वारा चुना जाता है तो वे देश की ओर से खेलने को पहली प्राथमिकता दें। साथ ही कहा कि अगर वे बिना किसी वैध कारण के इन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला करते हैं तो उनको दी गयी वित्तीय सहायता वापसी ली जा सकती है।

गौरतलब है कि टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम की तरह ही एशियाई खेलों में भारत के पदकों को बढ़ाने के लिए टीएजीजी को इस साल शुरु किया गया है। वहीं पिछले कुछ समया में कई खिलाड़ियों ने सरकारी सहायता लेने के बाद भी डेविस कप सहत कुछ अन्य मुकाबलों में भाग लेने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद से ही साइ इस मामले को लेकर गंभीर हो गया है।

# भूटिया के आरोप निराधार, एआईएफएफ की छवि को कर रहे खराब : चौबे



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भूटिया को कल्याण ने एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे ने हरा दिया था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए। कल्याण चौबे ने कहा कि हम दो नारों में विश्वास करते हैं- पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है। एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और कई एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है। चौबे ने कहा कि यह देखा गया है कि सितंबर 2022 के चुनावों में हार के बाद से भूटिया ने जानबूझकर एआईएफएफ पर निराधार आरोप लगाए हैं और महासंघ की विकृत छवि पेश की है। चौबे ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल महासंघ की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फुटबॉल पर नकारात्मक रौशनी भी डालती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटबॉल की विकास और बेहतरी के लिए एआईएफएफ हमेशा भूटिया के रचनात्मक सुझावों का स्वागत करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्यादातर कार्यकारी समिति की बैठकों में उनका योगदान मुख्य रूप से ठोस प्रस्ताव पेश करने की बजाय पूरे बोर्ड द्वारा सामूहिक रूप से लिए गए फैसलों का विरोध करने पर केंद्रित है। चौबे ने 13 जून को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइचुंग भूटिया द्वारा संचालित वाणिज्यिक फुटबॉल अकादमियों की सीरीज की आलोचना की थी और फुटबॉल स्कूलों पर परिवारों की भावनाओं से खेलकर अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया था। चौबे द्वारा लगाए आरोपों का भूटिया ने जवाब देते हुए कहा था कि एआईएफएफ एक सर्कस में बदल गया है और कल्याण चौबे जोकर की तरह काम कर रहे हैं।

# चोपड़ा ने वेबर को हराकर दो साल में पहला डायमंड लीग खिताब जीता

**मुम्बई (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने यहां 90 मीटर की दूरी पार किए बिना ही जर्मनी के अपने कड़े प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता।

शुक्रवार देर रात संपन्न प्रतियोगिता में 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसने पांच ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो 90 मीटर की दूरी तय कर चुके हैं। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का था और इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन प्रयासों में फाउल किया। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो किया। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुईज़ मौरिसियो दा सिल्वा ने 86.62 मीटर के अपने तीसरे प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने बाद में प्रसारणकर्ता से कहा, ''मैं अपने थ्रो से खुश हूं। आज मेरा रन अप बहुत तेज था। मैं अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सकता, लेकिन मैं परिणाम और पहले स्थान पर रहकर खुश हूं।'' चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना आखिरी खिताब जून 2023 में लुसाने में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ जीता था। उसके बाद वह डायमंड लीग कीछह प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। हरियाणा के इस स्टार खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे।

# करुण नायर की वापसी बनी निराशा की कहानी, आठ साल बाद भी खाता नहीं खोल पाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करुण नायर की टेस्ट क्रिकेट में आठ साल बाद वापसी उस वक्त एक कड़वा सपना बनकर रह गई जब वह लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ चौथी ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए। 33 वर्षीय करुण नायर ने अपना पिछला टेस्ट मैच दिसंबर 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जब उन्होंने नाबाद 303 रन बनाकर तहलका मचा दिया था। लेकिन इस बार मैदान पर कहानी बिलकुल उलट रही।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की बाहर जाती फुल लेंथ गेंद पर नायर ने कवर ड्राइव खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले के अनुरूप नहीं बैठी। ओली पोप ने बाईं ओर हवा में डाइव लगाते हुए दोनों हाथों से शानदार कैच लपक लिया। यह कैच न सिर्फ तकनीकी रूप से उम्दा था बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी करुण नायर के लिए झटका साबित हुआ। वहीं इसी मैच में डेब्यू कर रहे साई सुदर्शन भी सिर्फ चार गेंदें खेलकर बिना खाता खोले आउट हुए और उन्हें भी पवेलियन भेजने वाले गेंदबाज बेन स्टोक्स ही थे।

करुण नायर के चयन की कहानी भी खास रही। रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में विदर्भ के लिए उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और भारत ए की ओर से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैचों में भी नंबर तीन और चार पर बल्लेबाजी की थी। इसके बाद चयनकर्ताओं ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया। हालांकि हेडिंग्ले टेस्ट में उन्हें नंबर छह पर बल्लेबाज़ी के लिए भेजा गया, जहां वह अपनी जगह पक्की नहीं कर सके।

करुण नायर ने अपने टेस्ट करियर में अब तक सात मैच खेले हैं और वह नाबाद तिहरा शतक बनाने वाले कुछ चुनिंदा भारतीय बल्लेबाजों में शामिल हैं। लेकिन आठ साल बाद मैदान पर लौटने की उनकी उम्मीदें केवल चार गेंदों में ही दम तोड़ गईं। खास बात यह भी रही कि टेस्ट टीम से बाहर रहने के दौरान करुण नायर ने कुल 402 टेस्ट मिस किए, जो भारतीय मेंस टीम के लिए एक खिलाड़ी द्वारा मिस किए गए टेस्टों की सबसे बड़ी संख्या है। अब देखना होगा कि क्या टीम मैनेजमेंट उन्हें अगला मौका देता है या यह वापसी उनके करियर का अंतिम अध्याय बन जाएगी।



# पीमियर लीग फुटबॉल सत्र 15 अगस्त से शुरु होगा

लंदन । पीमियर लीग फुटबॉल का 2025-26 सत्र 15 अगस्त से शुरु होगा। प्रीमियर लीग प्रबंधन ने इसकी घोषिणा करते हुए कहा है कि पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन लिवरपूल का मुकाबला एनफील्ड में बोर्नमाउथ से होगा। वहीं मैनचेस्टर यूनाइटेड को ओल्ड ट्रैफर्ड में आर्सेनल का सामना करना होगा। एक अन्य मुकाबले में बोर्नमाउथ के खिलाफ़ शुरूआत के बाद लिवरपूल अपने खिताब को बचाने के प्रयास करेगा। वहीं दूसरे सप्ताह में न्यूकैसल से मुकाबले के बाद आर्सेनल के खिलाफ़ उसका एक घरेलू मुकाबला होगा। वहीं आर्सेनल को अपने पहले छह मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड, लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल से खेलना होगा। दूसरी ओर अपने सातवें लीग खिताब के लिए उतरने वाली मैनचेस्टर सिटी 16 अगस्त को अपने पहले मैच में वॉल्व्स के खिलाफ़ उतरेगी।

## भारत ने फिर निभाया पड़ोसी धर्म, ईरान से नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को निकालकर लाएगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने घोषणा की कि वे दोनों पड़ोसी देशों के औपचारिक अनुरोधों के बाद ईरान में अपने निकासी प्रयासों का विस्तार करके नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को भी इसमें शामिल करेगा। यह कदम मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने पोस्ट में कहा कि नेपाल और श्रीलंका की सरकारों के अनुरोध के जवाब में, ईरान में भारतीय दूतावास के निकासी प्रयासों में नेपाल और श्रीलंका के नागरिक भी शामिल हो रहे हैं। ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण हाई रिस्क वाले क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंधु के तहत अपने निकासी अभियान शुरू किए हैं। शनिवार की सुबह, भारतीय नागरिकों को लेकर एक विशेष विमान तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से दिल्ली पहुंचा। इसके बाद शुक्रवार देर रात एक और सफल निकासी हुई, जब तेहरान द्वारा अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोलने के बाद 290 भारतीय छात्र – मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर के – ईरान के मशहद से सुरक्षित वापस लौटे।

## सोनम रघुवंशी को लेकर वाराणसी के एक पंडित का दावा... समलैंगिक

इंदौर (एजेंसी)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में अब तक सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा सहित 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बीच एक नया और चौंकाने वाला दावा सामने आया है, इसमेकं सोनम के समलैंगिक (लेस्बियन) होने की बात सामने आई है। सूत्रों ने बताया कि राजा रघुवंशी के परिवार से जुड़े वाराणसी के एक पंडित ने सोनम की कुंडली की जांच के बाद कहा कि उसमें स्त्री दोष है, जो समलैंगिक झुकाव की ओर इशारा करता है। इस बारे में ज्योतिषाचार्य कहते हैं कि जन्मकुंडली में पंचम, अष्टम और द्वादश भाव व्यक्ति के प्रेम, रहस्यों और मनोविकारों से जुड़े होते हैं। पंचम भाव प्रेम और आकर्षण का भाव होता है, जबकि सप्तम भाव पति-पत्नी के रिश्ते को दिखाता है। चतुर्थ भाव मन और भावनाओं का प्रतीक है। जब किसी महिला की कुंडली में शुक्र और शनि कमजोर, पीड़ित या नीच स्थान में हों, तब उसमें स्त्री के प्रति आकर्षण की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। साथ ही शनि और चंद्रमा की विशेष युति काम-भाव की गड़बड़ी को जन्म देती है। शुक्र-मंगल या शुक्र-गुरु की विशिष्ट युति भी समलैंगिकता की ओर इशारा कर सकती है। ये सभी ग्रह यदि नपुंसक स्थिति में हों तब पुरुष में पुरुष के प्रति और स्त्री में स्त्री के प्रति आकर्षण पैदा हो सकता है। हालांकि, यह एक विवादित विषय है और इस पर किसी भी प्रकार का दावा करना और उस सच मान लेना उचित नहीं कहा जाता है।

## मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन (निक्की-सुमी) के एक कैडर को जिरीबाम जिले के कमरांगा गांव से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि यह उग्रवादी राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर फिरौती के लिए अपहरण और जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। पुलिस ने काकचिंग जिले के काकचिंग तुरेल वांगमा से प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन प्रीपैक (प्रो) और पीएलए के एक-एक उग्रवादी को तेंगनौपाल जिले में म्यांमा सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## हितेश भारद्वाज उतरेंगे रहस्यमयी अंधेरों में: 'आमी डाकिनी' में अयान की खामोश जद्दोजहद आएगी सामने



मुंबई :सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो 'आमी डाकिनी' अपनी गहराई और रहस्यपूर्ण कहानी से दर्शकों को बांधे रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। कोलकाता की रहस्यमयी गलियों में फिल्माया गया यह शो हुस्न भी, मौत भी की अनूठी भावना को प्रस्तुत करता है। इसकी कहानी के केंद्र में है डाकिनी — एक रहस्यमयी शख्सियत, जिसकी खामोशी बहुत कुछ कहती है, जिसकी नजरें बेचैन कर देती हैं और जिसकी मौजूदगी लंबे समय तक महसूस होती है। यह शो सोनी पर एक सशक्त और नायाब वापसी है — और यहीं से शुरू होती है 'आमी डाकिनी' को देखने की असल वजह। इस कथा का मूल है अयान राय चौधरी, जिसे निभा रहे हैं हितेश भारद्वाज — एक संशयवादी जो अनजाने ही एक रहस्यमयी और अप्रत्याशित दुनिया की ओर खिंचता चला जाता है। अपने अनुभव के बारे में हितेश कहते हैं, ह्ल'आमी डाकिनी' पारंपरिक कहानियों से अलग है — यह परतों में बसी हुई, भावनात्मक और गहराई से भरी हुई है। अयान के रूप में मुझे पारंपरिक ड्रामा से हटकर खामोशी पर ध्यान केंद्रित करना पड़ा — उन बातों पर जो कही नहीं जातीं। यही असली चुनौती थी। इसने मुझे सिखाया कि ऐसी कहानियों में माहौल, दृश्य से कहीं अधिक मायने रखता है। हर नजर, हर ठहराव का अपना अर्थ होता है। आप किसी सीन पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे होते — आप उस माहौल से जुड़ रहे होते हैं जहाँ हुस्न भी है और मौत भी। यह द्वैत आपके साथ शूट खत्म होने के बाद भी बना रहता है। 'आमी डाकिनी' का प्रसारण शुरू हो रहा है 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:00 बजे, केवल सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनीलिव पर।

# पाकिस्तान प्यासा ही रहेगा, कभी बहाल नहीं होगी सिंधु जल संधि: शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि कभी बहाल नहीं होगी क्योंकि पड़ोसी देश ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है और इस्लामाबाद को वह पानी नहीं मिलेगा, जो उसे अनुचित तरीके से मिल रहा था। पाकिस्तान प्यासा रह जाएगा। एक इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा, 'नहीं, यह कभी बहाल नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय संधियों को एकतरफा रद्द नहीं किया जा सकता, लेकिन हमें इसे निलंबित करने का अधिकार था, जो हमने किया है। संधि की प्रस्तावना में उल्लेख है कि यह दोनों देशों की शांति और प्रगति के लिए थी, लेकिन एक बार जब इसका उल्लंघन हो गया, तो बचाने के लिए कुछ नहीं बचा।

शाह ने आगे कहा, हम उस पानी का उपयोग करेंगे जो सही मायने में भारत का है। हम उस पानी को एक नहर बनाकर राजस्थान तक ले जाएंगे जो पाकिस्तान को जा रहा था। पाकिस्तान को वह पानी नहीं मिलेगा जो वह अनुचित रूप से प्राप्त कर रहा था। शाह ने कहा, हम पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी हिमाकत के खिलाफ बिना किसी देरी के कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।' उन्होंने कहा कि पर्यटकों ने कश्मीर की यात्रा फिर से शुरू कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने भारत में नागरिक स्थानों पर हमला किया, लेकिन भारत ने उनके हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाकर करारा जवाब दिया, जिससे पाक को घुटने टेकने पड़े और सीजफायर की गुहार लगानी पड़ी।

उन्होंने कांग्रेस पर ऑपरेशन सिंदूर की लगातार आलोचना करने का भी आरोप लगाया और कहा, मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं, उनके समय में क्या होता था? कांग्रेस हमें आतंकवाद के मुद्दे पर कैसे सवाल कर सकती है? वह कुछ नहीं करती थी सिवाय एक मंत्री बदलने के। सभी राजनीतिक दलों में कांग्रेस को निश्चित रूप से हमें आलोचना करने का कोई अधिकार नहीं है।


दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। उस पहलगाम अटैक में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी और बढ़ गई। इसका नतीजा हुआ कि भारत ने सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को निष्कासित करने जैसे कई कूटनीतिक निर्णय लिए। पहलगाम अटैक की निंदा करते हुए अमति शाह ने इसे 'कश्मीर में शांति को बाधित करने, बढ़ते पर्यटन को रोकने और कश्मीरी युवाओं का ध्यान भटकाने का जानबूझकर किया गया प्रयास' कहा। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी ने पहले कभी भारत के साथ इतनी एकजुटता नहीं दिखाई थी। ऑपरेशन सिंदूर के मकसद पर अमित शाह ने कहा, 'पीएम के सार्वजनिक घोषणा के अनुसार पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को सजा देने के लिए हमने आतंकवादी लॉन्चपैड पर सीमित हमले किए और यह बहुत स्पष्ट कर दिया कि यह एक लक्षित हमला था। पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर हमारे हमले को अपनी क्षेत्रीयता पर हमला माना, जिससे अंतर समाप्त हो गया।

## उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर कसा तंज कहा- हारते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं

**नई दिल्ली।** कहने को जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन में शामिल हैं लेकिन कांग्रेस के कान उमेठने में पीछे नहीं रहते। उन्होंने कहा है कि अगर आप चुनाव जीत नहीं पा रहे हैं तो बहाने मत बनाइए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस से जो भी बातें आप सुनते हैं, वह कांग्रेस का खुद का मत है। जम्मू कश्मीर के सीएम ने कहा कि मैं इन बातों को साझा नहीं करता। एक इंटरव्यू में अब्दुल्ला ने कहा कि इसका कारण बहुत स्पष्ट है। अगर मैं किसी चीज में सफल नहीं हो रहा हूं तो इसको लेकर बहाने नहीं बनाता हूं। यदि मुझे चुनावी परिणामों के साथ कोई समस्या है, तो मुझे यह तब भी होनी चाहिए जब मैंने जीत हासिल की हो। पिछले विधानसभा चुनाव में मेरी पार्टी ने उम्मीद से बेहतर किया। किसी ने उम्मीद नहीं की थी कि हमें इतनी ज्यादा सीटें मिल जाएंगी। बता दें कि चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी अक्सर ईवीएम और इलेक्शन कमीशन पर उंगली उठाती रही है। इसको लेकर जम्मू उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी ने लगातार ईवीएम पर सवाल उठाए। पार्टी ने चुनावी प्रक्रिया में अनियमितता और पारदर्शिता के अभाव का आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी सवाल उठाए। उमर अब्दुल्ला ने कहाकि गठबंधन के नेताओं ने 2024 के लोकसभा चुनावी नतीजों के बाद से एक बैठक तक नहीं की है। बता दें कि हाल ही में कांग्रेस नेताओं ने ईवीएम सिस्टम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था। साथ ही फिर से बैलट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग रखी थी। पार्टी ने सर्वदलीय चर्चा की भी मांग उठाई थी, ताकि वोटरों का भरोसा जीता जा सके। अब्दुल्ला ने कहाकि अगर मुझे जीतने के बाद कोई शिकायत नहीं होती है तो हारने के बाद भी ऐसा ही होना चाहिए।



## दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



एजेंसी

**कोलकाता :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम थी - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने गार्डनरीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों के क्लब में दीप प्रज्वलन कर योग सत्र का उद्घाटन किया। सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्षगण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। योग सत्र दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित किया गया जिसमें द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता सेंटर के विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। योग तनाव और चिंता को कम करता है तथा ध्यान और नियंत्रित श्वास के माध्यम से मानसिक शांति प्रदान करता है। यह शरीर को लचीला और मजबूत बनाकर उसे स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ओम बिरला, नड्डा और सीएम यादव ने दी शुभकामनाएं

## योग जीवन को संतुलन बनाए रखने की पुरानी भारतीय परंपरा इसे अपनाएं


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देश-दुनिया में लोग योगाभ्यास करते दिखे। इस बार की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारत थी। इस विशेष दिन की लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। ओम बिरला ने योग को तन ही नहीं बल्कि मन के लिए भी जरूरी बताया। ओम बिरला ने एक्स पर पोस्ट में लिखा-न तस्य रोगो न जरा न मृत्युः प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।



योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का जरिया ही नहीं, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि, चित्त की स्थिरता और जीवन के हर पहलू में संतुलन बनाए रखने की चिर पुरातन भारतीय परंपरा है। यह हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो आज सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, शांति और समरसता की ओर ले जा रही है। योग आज एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है, जिसे विश्वभर में करोड़ों लोग अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना चुके हैं। इस साल की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है, जो हमारे लोकवाक्य सर्वे संतु निरामयाः की भावना से प्रेरित होकर मानव और पृथ्वी के सामूहिक कल्याण की समग्र दृष्टि को अभिव्यक्त करता है।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम स्वयं और समाज के लिए योग की भावना को आत्मसात करें, स्वयं योग से जुड़ें और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त मानव जाति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक निरामय के साथ वैश्विक शांति एवं कल्याण की मंगलकामना करता हूं।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी एक्स पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए लिखा- योग सिर्फ कसरत नहीं है यह एक अभ्यास है। सांस, संतुलन और गति के ज़रिए हम खुद से जुड़ते हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। वहीं मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने भी



मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के लिए इसे जरूरी बताया और एक्स पर लिखा- सभी प्रदेशवासियों एवं योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भारत की ऋषि परंपरा ने मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन के साथ शरीर को भी स्वस्थ रखने के लिए योग विद्या प्रदान की। पीएम मोदी ने विश्व कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग की अलख जगाकर विश्व बंधुत्व की भावना को प्रबल बनाया है। हम सब योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत-समर्थ भारत की दिशा में अपना योगदान दें।

## फोर्सेनिया इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने जमशेदपुर में नए कार्यालय के साथ अपनी मौजूदगी का किया विस्तार

एजेंसी

**जमशेदपुर :** फोर्सेनिया दुनिया भर में मटेरियल हैंडलिंग मशीनों का निर्माण करने वाली मशहूर कंपनी, सेनेबोगेन का अधिकृत सेल्स एवं सर्विस पार्टनर है, जिसने आज बड़े गर्व के साथ झारखंड के जमशेदपुर में अपने नए कार्यालय के शुभारंभ की घोषणा की है। सुनियोजित तरीके से किए गए इस विस्तार से जाहिर होता है कि, फोर्सेनिया पूर्वी भारत में बेहतरीन गुणवत्ता वाली सेवाएँ और अव्वल दर्जे की तकनीक प्रदान करने के अटल इरादे को उजागर करता है।

इस उद्घाटन समारोह की कमान कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर, रुचि दोशी ने संभाली, जिनके साथ बिजनेस डेवलपमेंट हेड, रत्नेश सिंह, और आफ्टर सेल्स हेड, अविनाश हिंगमिरे के अलावा फोर्सेनिया की टीम भी मौजूद थी। जमशेदपुर में नए कार्यालय के शुभारंभ से, फोर्सेनिया की झारखंड तथा आस-पास के राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों में अपने लगातार बढ़ रहे ग्राहकों को सेवाएँ उपलब्ध कराने की क्षमता बढ़ गई है। जमशेदपुर को अपनी समृद्ध औद्योगिक विरासत और उत्साह से भरे व्यावसायिक माहौल के लिए जाना जाता है, जो स्टील, मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में बड़ी कंपनियों के साथ काम करने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। सेनेबोगेन की उद्योग की सबसे बेहतरीन मटेरियल हैंडलिंग उपकरणों, डीजल और बिजली से चलने वाली मशीनों को फोर्सेनिया स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराता है, जिनका इस्तेमाल स्टील मिलों, बंदरगाहों, पेपर मिलों और रीसाइक्लिंग के कामों में बड़े पैमाने पर किया जाता है। फोर्सेनिया की मैनेजिंग डायरेक्टर, रुचि दोशी ने कहा, जमशेदपुर में हमारा विस्तार प्रगति की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कार्यालय से न केवल प्रदेश में हमारी इंजीनियरिंग क्षमताएँ बेहतर होंगी, बल्कि हमें उन ग्राहकों को तेजी से और अधिक कुशल तरीके से सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी, जो अपनी महत्वपूर्ण मटेरियल हैंडलिंग गतिविधियों के लिए सेनेबोगेन मशीनों पर निर्भर हैं। इंजीनियरिंग डिजाइन और परामर्श सेवाओं के साथ-साथ, इस नए कार्यालय में सेनेबोगेन उपकरणों से संबंधित सेवा एवं सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष टीम भी मौजूद होगी, जो कल-पुर्जे, रख-रखाव और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। स्थानीय स्तर पर मौजूदगी से कम समय में प्रतिक्रिया देना संभव होगा, साथ ही कामकाजी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए जरूरतों के अनुरूप समाधान उपलब्ध होंगे। सेनेबोगेन की मशीनें अपनी मजबूती, बिजली की कम खपत और सटीकता के साथ काम के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं। एक भरोसेमंद पार्टनर होने के नाते, फोर्सेनिया भी हर बिक्री और सेवा संबंधी गतिविधियों में सेनेबोगेन के उत्कृष्टता के स्तर को बनाए रखने के लिए संकल्प पर कायम है। किसी भी तरह की जानकारी के लिए, कृपया info@forsenia.in पर हमसे संपर्क करें।

## बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते, उन्हें गोबर पसंद... अखिलेश ने कसा तंज



लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर से भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये सरकार कह रही है कि एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेंगे। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी ने एक्सप्रेस-वे के किनारे किसानों के लिए बाज़ार बनाने शुरू किए थे। बीजेपी को किसानों के लिए बाज़ार बनाने पर ध्यान देना चाहिए। बाज़ार ऐसे होने चाहिए कि हर फसल वहीं खरीदी जाए... गाय के दूध के प्लांट को क्यों बंद कर दिया?... इन भाजपाइयों को दूध से बने उत्पादों से क्या लेना-देना?

अखिलेश ने तंज सकते हुए कहा कि बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते... उन्हें गोबर पसंद है। उन्हें गोबर उपहार में दिया जाए तो उन्हें अच्छा लगता है. अगर आप उन्हें गाय के दूध से बने उत्पाद जैसे घी या दही उपहार में देंगे तो वे नाराज़ हो जाएंगे... उन्हें गोबर दिया जाए तो वे खुश हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी कारोबार करने वाले लोग हैं, हम समाजवादियों से जो मदद और सहयोग हो सकती है हम उनकी करेंगे।

पूर्व सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी स्कूलों के मर्जर के फैसले के खिलाफ है। अगर स्कूल घर से दूर होगा तो बच्चे कैसे पहुंचेंगे, खासकर बेटियां कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि मरीज़ आईसीयू में बिना बिजली के कैसे जीवित रहेंगे? स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर ही नहीं हो रहे। जाने का वक्त है सरकार का, इसीलिए सब सरकार के लोग इसी में लगे हैं कि ट्रांसफर पोस्टिंग से ही कुछ कमा ले। अखिलेश यादव ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि इसके शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं और राज्य में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और राज्य में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताया। उन्होंने स्थानांतरण और पदस्थापना के नाम पर बसूली का आरोप भी लगाया।

# 23 जून को तय हो जाएगा शशि थरूर का भविष्य, कांग्रेस इन या फिर आउट

### -कांग्रेस आलाकमान से दो-दो हाथ करने की तैयारी

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस सहित विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार से सुरक्षातंत्र के फेल होने पर सवाल पूछ रहा था। लेकिन कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बयान दिया, हमें केवल उन हमलों के बारे में पता चलता है, जिन्हें हम विफल करने में असफल रहे। ये किसी भी देश में सामान्य बात है। इजरायल का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि किसी भी देश के पास फूलप्रूफ सुरक्षा नहीं होती है। मोदी सरकार को क्लीन चिट देने वाले थरुर के बयान से कांग्रेस में खलबली मच गई। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस बयान की खुली आलोचना की। इसके बाद कयास लगे कि थरूर अब कांग्रेस से विदाई लेने वाले हैं। दो दिन पहले थरूर ने फिर इशारा दिया कि उनका पार्टी नेतृत्व से मतभेद है, जिस पर उपचुनाव के नतीजों के बाद चर्चा करुंगा।

फिर भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके बाद कूटनीतिक पहल करते हुए मोदी सरकार ने 59 सदस्यों वाले सात प्रतिनिधिमंडल को दुनिया के 33 देशों में भेजा। इसमें से एक प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कांग्रेस नेता शशि थरूर को दी गई। मोदी सरकार के इस फैसले से फिर कांग्रेस में विवाद शुरू हुआ। कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, सैयद नासिर हुसैन, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर राजा सिंह वारिंग का नाम दिया था। बावजूद इसके मोदी सरकार ने कांग्रेस की ओर से पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, विदेश राज्य मंत्री रहे शशि थरूर, राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा, चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और अमर सिंह को चुना।

मोदी सरकार द्वारा चुने गए चार नाम वे थे, जिन नामों को कांग्रेस ने नॉमिनेट नहीं किया था। खुर्शीद और मनीष तिवारी पार्टी हाईकमान की मंशा के विपरीत भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने। लेकिन विवाद शशि थरूर को लेकर ज्यादा हुआ, जिन्हें पांच देशों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। थरूर ने बताया कि उन्होंने यह फैसला राष्ट्रहित में लिया है। अपने बयान के बाद शशि थरूर एक बार फिर अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर आ गए। कांग्रेस नेता और राहुल गांधी के करीबी जयराम रमेश ने सांसदों की लिस्ट पर आपत्ति जताकर थरूर को टारगेट किया। उन्होंने पोस्ट में तंज कसते हुए लिखा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना, दोनों में काफी फर्क है। इतना ही नहीं उदित राज ने उन्हें बीजेपी का सुपर प्रवक्ता बता दिया।

थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के बीच तनाव बयानबाजी से खत्म नहीं हुआ। केरल के नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में थरूर प्रचार के लिए नहीं गए। उन्हें पार्टी ने प्रचार के लिए बुलाया नहीं। हालांकि केरल कांग्रेस ने उनके आरोपों का खंडन किया है। जब इस बारे में थरूर से पूछा गया कि तब उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से उनके मतभेद हैं। वे उपचुनाव के नतीजों के बाद पार्टी के नेताओं से बात करुंगा। यह भी तय है कि कांग्रेस नेतृत्व थरूर की मांगों पर सहानुभूति से विचार करने के मूड में नहीं है। 23 जून को नीलांबुर सहित विधानसभा उपचुनाव के रिजल्ट आ रहे हैं। इसके बाद तय होगा कि थरूर कौन सा दांव चल सकते है।

इस पूरे घटनाक्रम पर राजनीतिक जानकार मानते हैं कि थरूर और गांधी परिवार के रिश्ते 2020 से खराब होने शुरु हो चुके थे। थरूर में जी-23 कहे जाने वाले उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने संगठन में बदलाव की वकालत की थी। तब यह माना गया कि गुट के नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती दी है। नतीजतन उस गुट में शामिल गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल को पार्टी से



बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। मनीष तिवारी और शशि थरूर जैसे नेता पार्टी में साइड लाइन कर दिए गए। थरूर ने केरल प्रदेश अध्यक्ष की दावेदारी की, जिसे आलाकमान ने सिरे से खारिज किया। अगले साल मई में केरल विधानसभा चुनाव होने हैं। यह थरूर के लिए आखिरी मौके जैसा है। अगर वे राज्य में अपना कद हासिल करने में चूक गए, तब कांग्रेस के भीतर उनकी अंतिम पारी होगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**